3 बस्तर संभाग
आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस सिलेंडर से पकेगा बच्चों के लिए गर्म..

6 अभिमत
ई-कामर्स में गेम चेंजर ओएनडीसी...

10 संस्कारधानी
ट्राईबल में डिजिटल क्लासेस के उपकरणों की सप्लाई में...

11 छत्तीसगढ़
मां सर्वमंगला देवी मंदिर में हुआ अष्टमी का हवन...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 31 मार्च 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 216 मूल्य 3.00 ₹

# इंदौर में बेलेश्वर मंदिर हादसे में 11 की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश इंदौर जिले के पटेल नगर स्थित बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में हुए बावड़ी हादसे में 11 लोगों के शव बरामद किए गए है। इसकी पुष्टि मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने की है। फिलहाल अभी भी रेस्क्यू जारी है। जो लोग फंसे हैं, उन्हें निकालने का प्रयास जारी है। बाहर निकाले गए लोगों को अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।



दरअसल मंदिर परिसर में स्थित 40 फिट पुराने कुएं को अब बंद कर दिया गया और इसके ऊपर छत बना दी गई है। आज रामनवमी के अवसर पर मंदिर में हवन करवाया जा रहा था, जिसमें बावड़ी के ऊपर बने छत पर भी बैठ कर भक्त हवन कर रहे थे, तभी वजन ज्यादा होने से छत टूट गई और कई भक्त कुएं में गिर गए। मध्यप्रदेश के इंदौर के पटेल नगर स्थित बेलेश्वर मंदिर हादसे में ग्यारह लोगों की मौत हो गयी है, जिनकी पहचान कर ली गयी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मृतकों में लक्ष्मी पटेल (70) निवासी पटेल नगर, इंद्रकुमार हरवानी (53) निवासी साधु वासवानी नगर, भारती कुकरेजा (58) निवासी सी 2 साधु वासवानी नगर, जयवंती खूबचंदानी (84) निवासी ए स्नेह नगर, दक्षा पटेल (6) निवासी पटेल नगर, मधु भम्मानी (48) 41 सर्वोदय नगर, मनीषा मोटवानी (48) साधु वासवानी नगर सिंधी कॉलोनी, गंगा पटेल (32) 58 पटेल नगर, कनक पटेल (32) निवासी पटेल नगर, पुष्पा पटेल (49) पटेल नगर और भूमिका ख़ानचन्दानी (31) निवासी पटेल नगर शामिल हैं।

## इंदौर हादसे पर मोदी ने दुख व्यक्त किया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर में हुए हादसे पर दुख व्यक्त करते प्रभावितों की बेहतरी के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। मोदी ने ट्वीट के जरिए कहा कि इंदौर हादसे की जानकारी से उन्हें अत्यंत दुख हुआ है। उन्होंने हादसे के संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात कर ताजा जानकारी भी हासिल की। मोदी ने कहा कि राज्य सरकार तेजी से राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है।

# अमेरिका के बाद जर्मनी ने की राहुल गांधी के मुद्दे पर टिप्पणी

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक अदालत की ओर से सजा दिये जाने के परिप्रेक्ष्य में लोकसभा से उनके निलंबन पर अमेरिका के बाद अब जर्मनी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि उसने इस मुद्दे पर ध्यान दिया है और वह संबंधित मामले में न्यायिक मानकों और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की अपेक्षा करता है। जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अपने बयान में कहा , 'हमने भारतीय विपक्षी नेता राहुल गांधी की संसद से सदस्यता के निलंबन की घटना पर ध्यान दिया है। हमारी जानकारी के लिए गांधी फैसले की अपील करने की स्थिति में हैं। तब यह स्पष्ट हो जाएगा कि क्या फैसला कायम रहेगा और क्या उनकी संसदीय सदस्यता से निलंबन का कोई आधार है।' उन्होंने कहा , 'हम उम्मीद करते हैं कि न्यायिक स्वतंत्रता के मानक और मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत राहुल गांधी के खिलाफ कार्यवाही पर समान रूप से लागू होंगे।' इससे दो दिन पहले भारत-अमेरिका विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने वाशिंगटन में मीडिया ब्रीफिंग में राहुल गांधी पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा क़ानून के शासन और न्यायिक स्वतंत्रता के लिए सम्मान किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है।

## क्विक न्यूज़

### राहुल के खिलाफ द्रुत गति से हो रही प्रतिशोध की कार्रवाई : खडगे

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से और जल्दबाजी में कदम उठा रही है लेकिन कांग्रेस इसका मुकाबला करेगी। खडगे ने कहा कि गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करना जल्दबाजी में और बदले की भावना से उठाया गया कदम है और कांग्रेस इस मुद्दे पर कानूनी तरीके से कदम उठा रही है।



### पीएम मोदी करेंगे मध्य प्रदेश में वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से मध्य प्रदेश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ करेंगे जो नयी दिल्ली तक चलेगी। मोदी इससे पहले भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2023 में भी सम्मिलित होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोदी देश के पहले निजी डेवलपर द्वारा विकसित एवं परिचालित रेलवे स्टेशन रानी कमलापति स्टेशन पर अपराह्न सवा तीन बजे आयोजित एक कार्यक्रम में भोपाल दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर उसका शुभारंभ करेंगे। यह गाड़ी शनिवार को छोड़कर सप्ताह के छह दिन चलेगी।

# छत्तीसगढ़ में गुरुवार को भी जारी रही ईडी की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में ईडी मनी लॉड्रिंग मामले की जांच कर रही है। विगत दिन पहले प्रदेश के शराब कारोबारियों, अफसरों और नेताओं के यहां ईडी ने दबिश दी थी। गुरुवार को भी ईडी की कार्रवाई जारी रही। ईडी ने शराब कारोबारियों, अफसरों से पुछताछ की। गुरुवार को शाम कुछ अधिकारियों तथा कारोबारियों को कोर्ट में पेश करने की खबर सोशल मीडिया की सुर्खिया बनी रही। इसी बीच कोर्ट परिसर में सुरक्षा के लिए काफी संख्या में जवानों की तैनाती की गई। हालांकि अभी तक ईडी ने इन तमाम मामलों पर कोई भी अधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। रेड के दौरान अहम दस्तावेज हाथ लगने की बात कही जा रही है। कहा जा रहा है कि ईडी कुछ कारोबारियों-अधिकारियों को हिरासत में लिया है। देर शाम तक कोर्ट परिसर में पेश करने की अटकलें थी।

# कोरोना संक्रमण से छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली ।** देश में कोरोना के सक्रिय मामलों में वृद्धि जारी है और 24 घंटे में 1606 मामले बढ़े हैं जिससे इनकी संख्या 13 हजार से अधिक हो गयी है जबकि इस बीमारी से छह मरीज अपनी जान गंवा बैठे। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 15,784 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 220 करोड़ 65 लाख 92 हजार481 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक सक्रिय मामले बढ़कर 13,509 हो गये हैं। देश में कुल संक्रमितों की संख्या चार करोड़ 47 लाख 12 हजार 692 हो गयी है। वहीं छह लोगों की मृत्यु होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,862 हो गयी है।

## छत्तीसगढ़ में भी बढ़ रहा कोरोना

गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक 688 टेस्ट किए गए, जिसमें से 15 मरीज पॉजीटिव पाए गए। राज्य में वर्तमान में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 64 पहुंच गई है।

# डीएम अवस्थी आज होंगे रिटायर



**रायपुर।** पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी आज सेवानिवृत हो जायेंगे। डीएम अवस्थी को 2018 में कांग्रेस सरकार बनते ही डीजीपी की कमान सौंपी गई थी। बाद में उन्हें पुलिस अकादमी की जिम्मेदारी देकर अशोक जुनेजा को छत्तीसगढ़ का नया डीजीपी बनाया गया था। विगत कुछ माह पहले अवस्थी को सरकार ने ईओडब्ल्यू की जवाबदारी दी थी। अवस्थी 86बैच के अफसर हैं।

# रक्षा मंत्रालय ने फायर कंट्रोल प्रणाली के लिए 1700 करोड़ रुपए का अनुबंध किया

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्रालय ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ नौसेना के लिए 1700 करोड़ रूपए की लागत से फायर कंट्रोल प्रणाली की खरीद का अनुबंध किया है। इस प्रणाली के अंतर्गत 13 लिंक्स-यू2 फायर कंट्रोल सिस्टम खरीदे जाएंगे, जिनकी कुल लागत 1,700 करोड़ रुपये से अधिक है। इन्हें भारतीय - आईडीएमएम (स्वदेशी डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत खरीदा जायेगा। लिंक्स-यू2 सिस्टम एक नौसैनिक गोलाबारी नियंत्रण प्रणाली है, जिसे स्वदेशी आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित रूप-रेखा के अनुसार विकसित किया गया है। यह अवांछित समुद्री गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के साथ-साथ हवा तथा सतह के लक्ष्यों की सटीकता से जानकारी हासिल करने और फिर उनको भेदने में सक्षम है। लिंक्स-यू2 फायर कंट्रोल सिस्टम, चौथी पीढ़ी की और पूर्ण रूप से स्वदेशी प्रणाली है। इसे गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित नयी पीढ़ी के गश्ती जहाजों पर तैनात किया जाएगा।



# लूट के पैसों को गोंदिया, नागपुर, इटारसी में शराब पीकर किया खर्च, पैसे खत्म हुए तो लौटा दुर्ग, सूचना पर पुलिस ने किया हेल्पर को गिरफ्तार

## 15 दिनों पूर्व हुई लुट व हत्या के आरोपी को पकड़ने में पुलिस ने की सफलता हासिल

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोटेरा में 15 मार्च 2023 को नेहा सिन्हा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाये जाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना के 15 दिन बाद हत्या एवं लूट के आरोपी को दुर्ग बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। जिसका खुलासा एडिशनल एसपी हरीश राठौर ने गुरुवार को कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान किया। एएसपी ने बताया कि 15 मार्च 2023 को नेहा सिन्हा पति डोमेन्द्र सिन्हा का शव उन्ही के निवास में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। घटना स्थल पर पुलिस पार्टी पहुंचकर निरीक्षण व मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही के दौरान मृतिका के शव का पंचनामा तहसीलदार दीपिका देहारी से कराई गई तथा घटना स्थल का निरीक्षण और आगे की जांच कार्यवाही हेतु राजनांदगांव से डॉग स्क्वाड एवं भिलाई से एफएसएल युनिट के डॉ. पटेल को मौके पर बुलाया गया था।





### 3 दिनों तक ढूंढती रही पुलिस, नही मिला सुराग

शव के पीएम उपरांत रिपोर्ट में डॉक्टर की टीम द्वारा मृतिका की मृत्यु श्वांस नली टुटने से होना तथा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गला दबाने से मृत्यु होना बताया गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अप.41 / 2023 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। विवेचना के दौरान आये तथ्यों के आधार पर प्रार्थी डोमेन्द्र सिन्हा का हेलपर महेश उर्वशा पर घटना कारित करने का संदेह होने पर एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव के निर्देश पर घटना के एक दिन बाद ही एक विशेष पुलिस टीम बनाकर आरोपी के पता तलाश हेतु गोंदिया, नागपुर महाराष्ट्र भेजा गया था। जो उक्त पुलिस टीम द्वारा संदेही आरोपी को तीन दिन तक लगातार पता तलाश की गई थी। लेकिन उसका कोई सुराग नही मिला।

### आरोपी ने मृतिका को जमीन में पटककर गला दबाकर की थी हत्या

30 मार्च की दरमियानी रात लगभग 1 बजे एसपी को सुचना मिली की संदेही दुर्ग बस स्टैंड में देखा गया है। जिसके बाद डौंडीलोहारा एवं सायबर सेल की सयुंक्त टीम दुर्ग रवाना कर संदेही आरोपी को हिरासत में लिया गया और आरोपी को डौंडीलोहारा थाने लाया गया। पुछताछ पर आरोपी ने अपराध कबुल करते हुए बताया की घटना के 3 दिन पूर्व से ही आरोपी मृतिका के पति डोमेन्द्र सिन्हा के साथ ट्रक में हेल्परी का काम कर रहा था। घटना के एक दिन पहले यानी 14 मार्च को आरोपी ज्यादा शराब सेवन कर लेने के कारण वह डोमेन्द्र सिन्हा के साथ ट्रक में नहीं गया। सुबह आरोपी पुनः शराब पीकर मृतिका के घर आया एवं मृतिका से उसके पति डोमेन्द्र सिन्हा के संबंध में पुछताछ कर मोबाईल से आरोपी एवं मृतिका दोनों ने डोमेन्द्र सिन्हा से बात किया। तब डोमेन्द्र सिन्हा स्वयं को अर्जुन्दा में पहुंचना बताया था। उसी समय आरोपी द्वारा मृतिका से शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। मृतिका द्वारा पति के आने पर पैसे लेने की बात कहने पर आरोपी उत्तेजित होकर मृतिका के साथ झुमा झपटी करने लगा। मृतिका के मना करने के बाद भी आरोपी कमरे के अंदर घुसकर प्रयास कर रहा था तब आरोपी मृतिका को जमीन में पटककर उसका गला दबाकर हत्या कर दिया।

### लुटे पैसों को किया शराब पीकर खर्च

मृतिका के मृत्यु होने उपरांत आरोपी आलमारी में रखे पैसे 10 हजार नगद एवं कुछ गहनों को लेकर फरार हो गया। घटना को अंजाम देन के बाद आरोपी पहले अपने मोटर साईकिल से कोटेरा स्थित देवांगन मोबाईल दुकान में जाकर अपने गिरवी रखे 2 मोबाइलों को 800 रुपये में छुड़ाया। फिर मोटर साईकिल से शराब भट्ठी आकर शराब पिया। जिसके बाद ग्राम संबलपुर के एक गली में मोटर साईकिल को छोड़कर बस से राजनांदगांव फिर ट्रेन से गोंदिया, नागपुर, चंद्रपुर, इटारसी आदि जगह जाकर लगातार शराब पीकर पैसे खत्म कर दिया। पैसा खत्म होने के बाद आरोपी 30 मार्च को दुर्ग आया था। जिस सूचना पर उसे दुर्ग से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से लुटे किये गए गहने जिसमें 6 जोड़ी चांदी के पायल, 1 जोड़ी चांदी के बिछिया, एक जोड़ी चांदी के कंगन, एक नग लाकेट को जब्त किया गया।वही लुटे रूपयों को बस व ट्रेन किराया में तथा शराब पीकर खर्च कर देना बताया।

# बजरंग दल ने किया बाइक रैली का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



हिंदू नव वर्ष एवं श्री राम नवमी के पावन अवसर पर बजरंग दल के द्वारा बाइक रैली निकाली गई जिसमें रामानुजगंज सहित पड़ोसी राज्य झारखंड के भी लोग शामिल हुए जो रामानुजगंज शहर से लेकर लगभग 5 किलोमीटर ग्रामीण क्षेत्र में भी बाइक रैली से भ्रमण किया गया। भगवा रंग के झंडे को अपने बाइक में बांधे हुए युवाओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए एक स्वर में कहा कि जब जब भगवा छाएगा, राम राज जब आएगा इसी नारा के साथ अन्य कई नारों की गूंज दोपहर 2:00 बजे से लेकर रात्रि 8:00 बजे तक सुनाई देती रही। वही हजारों की संख्या में शामिल बाइक रैली के दौरान स्थानीय बस स्टैंड में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। वहीं जगह-जगह चौक चौराहों पर लोगों के द्वारा जलपान कराया गया। बाइक रैली के दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। नगर के मध्य बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से बाइक रैली की शुरुआत की गई थी जिसक समापन कन्हर नदी के किनारे बसे प्राचीन राम मंदिर में एक बार पुनः सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम का निरीक्षण नगर पंचायत उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता स्वयं अपनी स्कूटी से करते रहे ताकि किसी प्रकार का शांति भंग ना हो। उक्त बाइक रैली कार्यक्रम में अश्वनी गुप्ता जिला माहा मंत्री जस्सू केसरी जिला संयोजक, अजय कुमार यादव, शिद्धान्त यादव, नयन गुप्ता नगर संयोजक, अश्वनी केसरी विकास गुप्ता, सुशील मेहरा, नेहाल कश्यप, सूरज कश्यप, अकाश ठाकुर, शुभम गुप्ता, राहुल जीत सिंह, वतन गुप्ता, आशीष चौबे, आशीष सिंह, हरिनंदन ठाकुर, सौरभ श्रीवास्तव, अमित कुशवाहा, विद्यासागर पटेल, रोहित पुरी, कुंदन कश्यप, यस रवि, हर्ष सोनी, अभी वर्मा एवं अन्य लोगों का सहयोग रहा।

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राम भक्तों को किया जूस वितरण



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रामनवमी के उपलक्ष्य शहर के राम जानकी मंदिर थाना चौक के सामने जूस वितरण किया गया इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल सरायपाली के विधानसभा अध्यक्ष सोमु साहू, उपाध्यक्ष फरोज पटेल, महामंत्री नरेश सोनी, मंत्री प्रकाश पटेल मीडिया प्रभारी नीरज नायक, सहसंयोजक शिवम विश्वकर्मा, धनुजय यादव, दिनेश निषाद, दिनेश पटेल पवन सुमित आदि राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गबन के आरोपी को तिल्दा नेवरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



तिल्दा नेवरा नगर से लगे ग्राम जोता में संचालित पेट्रोल पंप के बतौर मुंशी को गबन के आरोप मे तिल्दा-नेवरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते 13 फरवरी प्रार्थी वजीर सिंह ने तिल्दा नेवरा आरक्षी केंद्र में शिकायत दर्ज कराया कि ग्राम ज़ोता में संचालित अजय फिलिंग स्टेशन में कार्यरत बतौर मुंशी विजय सिंह निवासी हरियाणा जो कि लगभग 2 वर्ष से पेट्रोल पंप में कार्यरत था वह स्वयं हिसाब किताब अपने पास सुरक्षित रखता था। वही 500000 रुपए एकत्र हो जाने पर बैंक में जमा कर देता था ,बीते माह इसी तरह कुल रकम 680000 लाख रुपए जमा करने के बहाने आरोप रूपये लेकर हरियाणा भाग गया ,जिसकी शिकायत थाने मे दर्ज किया गया। प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज करते हुए बताया था कि आरोपी ने 9 फरवरी की शाम 7:00 बजे रकम बैंक ले जाकर जमा करने के बहाने हरियाणा भाग गया। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी अन्य कर्मचारियों के मार्फत 10 फरवरी को मिला। प्रार्थी वजीर सिंह ने हिसाब के दौरान देखा कि क्रमशः 498820 एवं 80000 तथा 21000 180 रुपए इस प्रकार कुल रकम 680000 रूपए को लेकर आरोपी भाग गया है प्रार्थी ने बताया था कि वह अपना मोबाइल भी बंद कर दिया था जिसकी शिकायत पर तिल्दा नेवरा पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना में लिया विवेचना के दौरान घटना स्थल निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया तथा प्रार्थी को गिरफ्तार कर कारोबार से संबंधित दस्तावेज जप्त किया गया है वही आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है उन्होंने 608000 रुपए का गबन कर हरियाणा भाग जाना और वही 558000 रुपए को जुआ खेलना व शेष रकम 50000 को अपने पास रखना बताया, आरोपी से शेष रकम 50000 को जप्त किया गया वही आरोपी पर अपराध क्रमांक 64 ऑब्लिक 23 धारा 408 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

# जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जाएगा 'समाधान तुंहर दुआर' शिविर

**दल्लीराजहरा।** जिले में आयोजित की जा रही 'समाधान तुंहर दुआर' शिविर के अंतर्गत 31 मार्च 2023 को बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'समाधान तुंहर दुआर' शिविर का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा तोमर ने बताया कि इसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के पाररास, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पेण्डरी, डोंगीतराई में 'समाधान तुंहर दुआर' शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके लिए नोडल एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

# जिले के समस्त परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य जारी

### नए सत्र से हितग्राहियों को मिलेगा शतप्रतिशत कैशलेश ईलाज की सुविधा

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरुप कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके के मार्गदर्शन में जिले के समस्त परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

उइके ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के विशेष प्राथमिकताओं में से एक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जिले के समस्त परिवारों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एपीएल परिवारों को 50 हजार तक एवं बीपीएल परिवारों को 05 लाख तक की कैशलेश ईलाज की सुविधा प्राप्त होगी। डॉ. उइके ने बताया कि इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों तथा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में जिले में संचालित सभी लोक सेवा केन्द्र के संचालकों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# अंबुजा सीमेंट संयंत्र से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों ने ई पी एस 95 स्कीम के तहत पेंशन वृद्धि की मांग को लेकर बैठक




**बलौदाबाजार।** अंबुजा सीमेंट से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों ने इपीएस पेंशन स्कीम के तहत जन चौपाल कक्ष कलेक्टर ऑफिस में बैठक संपन्न हुई जिसमें पी एफ कमिश्नर रायपुर से विनोद कौर लीना एवं अंबुजा से रिटायर्ड कर्मचारी गण उपस्थित हुए विनोद कौर ने बताया हायर पेंशन के बारे में विस्तृत रूप से सभी कर्मचारियों को समझाया तथा उस से होने वाले फायदे को भी बताया एवं पोर्टल ओपन करके ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं बैठक में अंबुजा सीमेंट रवान के रिटायर कर्मचारी प्रमुख रूप से हेमंत जायसवाल रमाशंकर सोनी मनजीत सिंह टीआर बघेल चोवावर्मा अरुण महेश्वरी श्रीकांत शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित हुए।

# छत्तीसगढ़ में पुनः कांग्रेस की सरकार: गालिब हुसैन

### चौतरफा विकास देखकर बौखलाई भाजपा

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर पालिका के पूर्व पार्षद गालिब हुसैन ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का चौतरफा विकास देखकर भाजपा बौखला सी गई है भाजपा को यह अहसास हो चुकी है कि आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में पुनः भुपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है इस लिए कांग्रेस सरकार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है केन्द्र सरकार के हाथों की कठपुतली बन कर रह गई है सभी जांच एजेंसियां और आए दिन किसी भी कांग्रेसी नेता या कांग्रेसी विचारधारा उद्योगपतियों के यहां जबरन छापा मारकर दहशत पैदा करना चाह रही है छत्तीसगढ़ की आम जनता छत्तीसगढ़ में हुए चौमुखी विकास से गदगद है छत्तीसगढ़ के किसान गरीब बेरोजगार युवाओं को इस सरकार से आशा की नई किरण दिख रही है जो कि वर्तमान विपक्षी दल भाजपा को रास नहीं आ रही है इसलिए आम जनता को भ्रमित करने के लिए ऐसे छापे मारी को अंजाम दिया जा रहा है।

# दुर्गा अष्टमी के दिन शासकीयकरण मांग को लेकर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के सुबुद्धि के लिए पंचायत सचिव संघ तिल्दा द्वारा दुर्गाष्टमी के दिन हवन पुजन किया

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत तिल्दा परिसर मैं पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई तिल्दा द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। हड़ताल के आज 14 वे दिन घरना प्रदर्शन भी जारी रहा जहां धरना स्थल पर सचिवो द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। धरना स्थल पर पंडाल में बकायदा पंडित द्वारा यज्ञ हवन कर प्रसाद वितरण भी किया गया।

हड़ताली पंचायत सचिव का कहना है कि शासन प्रशासन को यज्ञ के माध्यम से जगाने हेतु आयोजन किया गया है। उन्होंने अपनी मांग पूरी नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। धरना स्थल में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई तिल्दा अध्यक्ष चिंतामणी साहू एंवम संगठन सचिव कोमल प्रसाद साहू सहित जनपद पंचायत तिल्दा के पूरे 101 पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।




शासकीयकरण मांग को लेकर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के सद्बुद्धि के लिए पंचायत सचिव संघ तिल्दा ने किया हवन

नवरात्र दुर्गा अष्टमी के दिन पूजन जनपद पंचायत तिल्दा परिसर मैं पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई तिल्दा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। हड़ताल के आज 14 वे दिन भी जारी रहा जहां धरना स्थल पर सचिवों द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। धरना स्थल पर पंडाल में बकायदा पंडित के मंत्रोचारण द्वारा पुजा हवन यज्ञ कर प्रसाद वितरण भी किया गया। हड़ताली पंचायत सचिव का कहना है कि शासन प्रशासन को यज्ञ के माध्यम से जगाने हेतु आयोजन किया गया है। उन्होंने अपनी मांग पूरी नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। धरना स्थल में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई तिल्दा अध्यक्ष चिंतामणी साहू एवम संगठन सचिव कोमल प्रसाद साहू सहित जनपद पंचायत तिल्दा के पूरे 101 पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

### जनहीत में तालाब गहरीकरण से निकाले जानें वाली मुरूम मिट्टी को नगर के सार्वजनिक स्थानों पर डाला जाना उचित- चित्तावर जायसवाल

# नगर पालिका परिषद के सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका के सभा कक्ष में आहूत परिषद के सामान्य सभा की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। परिषद के बैठक की अध्यक्षता चित्तावर जायसवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद के द्वारा की गई। इस दौरान पूर्व प्रसारित एजेण्डा में दर्शित विषयों सहित अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विभिन्न विषयों पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार निकाय द्वारा नगर विकास हेतु पूर्व में जारी किये गये कार्य आदेश उपरांत अनेकों विकास के कार्य लंबित है इस संबंध में संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिये जानें व तत्काल कार्य प्रारंभ किये जानें निर्देशित किया गया साथ ही मुरूम तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य हेतु प्राप्त न्युनतम दर व मुरूम तालाब के ही लेण्ड स्केपिंग कार्य हेतु प्राप्त दर को स्वीकृति प्रदान की गई। अन्य विषयों पर चर्चा के दौरान सी.एस.आर. मद से वार्ड क्रं. 05 स्थित धोबी तालाब गहरीकरण के कार्य पर अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा तालाब गहरीकरण से निकालें जानें वाली मुरूम एवं मिट्टी को जनहीत में नगर के मुख्य आवश्यकता वाले सार्वजनिक स्थानों पर डालकर पटिंग कार्य हेतु उपयोग में लाये जानें की बात कही गई। जिस पर अन्य पार्षदों के द्वारा सहमति दी गई व मुरूम एवं मिट्टी को सार्वजनिक स्थानों पर डालनें प्रस्तावित कर स्वीकृति प्रदान की गई। परिषद के सामान्य सभा के बैठक के दौरान राष्ट्रीय परिवार सहायता एवं विभिन्न हितग्राहियों को प्रदाय किये जानें वाले पेंशन प्रकरणों सहित मण्डी रोड स्थित कॉम्पलेक्स के दुकान नीलामी की राशि जमा नहीं किये जानें पर द्वितीय बोलीदार को सूचना देकर 07 दिवस के भीतर द्वितीय बोलीदार की बोली को स्वीकृत करनें का निर्णय लिया गया। नगर के गार्डन चैंक को संत माता कर्मा चैंक के नाम पर नामकरण किये जानें के विषय पर शासन को प्रस्ताव प्रेषित करनें स्वीकृति दी गई व राजीव गाँधी वार्ड क्रं. 04 के सार्वजनिक मार्ग के संबंध में चर्चा एवं प्रस्ताव सहित प्लास्टिक रिसाईकल प्लांट लगाये जानें, नगर सीमा अंतर्गत चैपाटी निर्माण हेतु स्थल चयन एवं निविदा आमंत्रण, चैंक चैराहों के सौंदर्यीकरण, नया नल कनेक्शन के लिये निविदा आमंत्रित किये जानें, वार्ड क्रं. 10 कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स क्षेत्र में पार्किंग एवं बाह्य विकास कार्य के संबंध में चर्चा की गई एवं स्वीकृति प्रदान की गई साथ ही जैव अपशिष्ट के निष्पादन हेतु अनुबंध किये जानें भूमि भवन नामांतरण के आवेदनों पर विचार एवं स्वीकृति के साथ ही मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा की गई घोषणाओं का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किये जानें के संबंध में निर्णय लिया गया।



नगर पालिका परिषद के सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न 17 विषयों सहित अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर प्रस्ताव स्वीकृत किये जानें के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन सहित पार्षद गोविन्द पात्रे, अमितेश नेताम, संकेत शुक्ला, गौतम ठेठवार, धमेन्द्र वर्मा, रीटा केशरवानी, अंजनी भारद्वाज, संतीश पटेल, श्रीमति मंजीत कौर सलूजा, मनोजकांत पुरैना, कमल टण्डन, रूपेश ठाकूर, सविता साहू, प्रियंका सोनी, डिगेश्वरी नामदेव, पंकज मरैया (गोल्डी) जितेन्द्र माहले, क्रांति साहू, रोहित साहू, एल्डरमेन गंभीर सिंह ठाकूर, मनोज प्रजापति, हेमचंद केशरवानी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# 55 लाख रूपये का धोखाधडी करने वाला आरोपी बेमेतरा पुलिस के गिरफ्त में

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा पुलिस ने 55 लाख रुपए का धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया इस संबंध में प्रार्थी देव रतन तापड़िया पिता स्वर्गीय लक्ष्मीचंद तापड़िया उमर 64 साल वार्ड नंबर 16 दुर्ग रोड बेमेतरा थाना जिला बेमेतरा के द्वारा पुलिस को किए गए शिकायत के अनुसार प्रार्थी ने लिखित आवेदन पेश किया कि मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड एमआई 30 अरिवंद विहार भोपाल मप्र व मेसर्स स्क्वारो एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बीच में बांग्लादेश में गेहू नियत करने संबंधी कार्य के लिए अनुबंध हुआ था जिसमें मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा मेसर्स स्क्वारो एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को गेहूं निर्यात संबंध कार्य प्रारंभ करने से पहले 55,00,000 रू दोगे तो मैं गेहूं निर्यात करने संबंधी एल.सी. लेटर लाकर दूंगा कहने पर स्वधारो एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से फर्म गोविंदा ट्रेडर्स बेमेतरा के द्वारा उक्त डील के लिए किस्त किस्त कर मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एकाउंट में कुल 55,00,000 रु. जमा किया, मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा डुप्लीकेट एल.सी. लेटर दिया जिसकी जानकारी होने पर उक्त कंपनी से संपर्क करने पर उक्त डील के संबंध में कोई बात नही करता और न ही रकम वापस कर रहा है, मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर जितेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा हमारे विश्वास का अपराधिक हनन कर तथ्यों को बेईमानी से छिपाकर संपत्ति का नुकसान कर धोखाधडी किया है कि लिखित आवेदन पर डायरेक्टर जितेन्द्र सिंह सोलंकी के विरूद्ध अपराध सदर धारा 406,415,420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ द्वारा आरोपी मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर जितेन्द्र सिंह सोलंकी पिता महेन्द्र सिंह सोलंकी उम्र 47 साल साकिन ए 12 निरूपम स्टेट नियर बागसेवनिया दाना होशांगाबाद रोड गोपाल पाना बागसेवनिया जिला भोपाल म.प्र.को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस सिलेंडर से पकेगा बच्चों के लिए गर्म भोजन

## विधायक नाग ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिलाई धुएं से मुक्ति, 60 केंद्र होंगे धुएं से मुक्त

पायनियर संवाददाता ◀ पंखाजूर
www.dailypioneer.com





परलकोट के आंगनबाड़ी केंद्रों की सहायिकाओं को अब लकड़ी से चूल्हा जलाकर बच्चों के लिए भोजन बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्षेत्र के लगभग 60 आंगनबाड़ी केंद्रों में चरणबद्ध तरीके से गैस चूल्हे का इंतजाम किया गया है, जिस पर अब सहायिकाएं बच्चों के लिए आसानी से भोजन बना सकेंगी। पखांजूर, कापसी और बड़गांव के लगभग 60 आंगनबाड़ी केंद्रों में एलपीजी गैस सिलेंडर का वितरण क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग के द्वारा किया गया। विधायक नाग ने परियोजना कोयलीबेड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए दो गैस सिलेंडर, चूल्हा, रेगूलेटर, पाईप का वितरण व नजदीक के एलपीजी गैस एजेंसी का कार्ड भी उपलब्ध कराया गया है। इस दौरान विधायक नाग ने कहा की लकड़ी से जलने वाले चूल्हे पर भोजन तैयार करने में सहायिकाओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गैस चूल्हा मिलने के बाद अब इन आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकताओं को खासतौर पर बारिश के दिनों में होने वाली दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा । साथ ही बारिश के दिनों में गीली लकड़ियों को चूल्हे में जलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और ना ही अब केंद्र में धुएं से किसी को परेशानी होगी। सिलेंडर मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकताओं में खुशी की लहर भी साफ तौर पर देखी जा रही है।

### महिलाएं हर क्षेत्र में हो रही है कामयाब : नाग

विधायक नाग ने आगे कहा कि प्रदेश की महिलाएं हर क्षेत्र में कामयाब हो रही हैं। महिलाएं खेती किसानी करने से लेकर हवाई जहाज तक उड़ाकर विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से देश की सेवा कर रहीं है। राज्य सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही हैं। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा श्रमिक परिवार की बेटियों की शिक्षा, रोजगार तथा विवाह में सहायता के लिए मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से पात्र पंजीकृत हितग्राहियों की प्रथम दो पुत्रियों की बैंक खातें में एकमुश्त राशि का भुगतान किया जाएगा। राज्य के प्रत्येक जिले में पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। इन सेंटरों के माध्यम से एक छत के नीचे महिलाओं को निःशुल्क विधिक चिकित्सा, परामर्श और आश्रय दिया जा रहा है। नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने महिलाओं और बच्चों के लिए काम कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

### इनकी रही मौजूदगी

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज साहा, अमल बड़ाई, निरंजन ढाली, हर्षित मृधा, जगदीश साहा, विकास हालदार, मोतीलाल शील समेत 60 आंगनबाड़ी केंद्रों की सहायिका उपस्थित थी ।

# सीआरपीएफ ने जोबा में किया सिविक एक्शन कार्यक्रम, बच्चों को बांटा स्कूल सामग्री

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के सुदूरवर्ती और नक्सल ग्रस्त क्षेत्र ग्राम जोबा में सीआरपीएफ 188 वीं बटालियन के द्वारा में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन भवेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन के निर्देशन में एसए रोजन जिमिक द्वितीय कमान अधिकारी, बन्ना राम कमांडेंट और अन्य जवानो की उपस्थिति में किया गया। इस सिविक एक्सन कार्यक्रम तहत छा-छात्राओं को स्कूल बैग वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान शान्ति कश्यप सरपंच, कवल, अध्यापक गण बच्चे सैकड़ो सैकड़ो ग्रामीणजन उपस्थित रहें। इस अवसर पर एसए रोजन जिमिक द्वितीय कमान अधिकारी, 188वीं बटालियन ने अपने में सिविक एक्सन प्रोग्राम के महत्व को बताया और साथ ही देश के नागरिकों की रक्षा के लिए सीआरपी एफ सदैव तत्परता से कार्य कर रही। इस के आयोजनो से सुरक्षा बलों और ग्रामीणो के बेहतर व मधुर संबंधो को बढ़ावा मिल रहा हैं।

## यूनिट कोटा के अंतर्गत कोर ऑफ सिगनल्स में भर्ती 10 से 14 अप्रैल तक

**जगदलपुर।** सेना में यूनिट हेडक्वार्टर कोटा के तहत सिग्नल कोर के सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाएं के बच्चों व स्वयं के भाई के लिए अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, सैनिक ट्रेडमैन एंड टेक्निकल कैटेगरी के लिए भर्ती किया जा रहा है। चयन प्रक्रिया में सैनिक सामान्य ड्यूटी के लिए आयु 17 से 21 वर्ष तथा 10 वीं पास हो। सैनिक ट्रेड्समैन के लिए आयु 17 से 23 वर्ष के बीच हो तथा 10 वीं पास हो। उक्त भर्ती के लिए इच्छुक भूतपूर्व सैनिक एवं विधवाए जो अपने बच्चों एवं भाई को सेना में भर्ती कराना चाहते है, वे अपना आवश्यक दस्तावेजों के साथ 10 अप्रैल 2023 से 14 अप्रैल 2023 तक 1 मिलिट्री प्रशिक्षण केन्द्र 4 तकनीकी प्रशिक्षण रेजीमेंट जबलपुर (मप्र) पहुंच सकते है। अधिक जानकारी के लिए सैनिक कल्याण कार्यालय धरमपुरा -2 चित्रकोट रोड में संपर्क कर सकते हैं।

# छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा के लिए शिक्षकों को किया जा रहा हैं प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



विकासखंड स्तरीय मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण का द्वितीय चरण संपन्न-बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आपदा प्रबंधन विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राज्य के समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को अपेक्षित व अपेक्षित आपदाओं से बचाव व सुरक्षा हेतु प्रशिक्षित और जानकारी दिया गया।

जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, प्रशिक्षण में विकासखंड कोंडागांव के अंतर्गत आने वाले समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकंडरी में पदस्थ शिक्षकों में से हर संस्था से एक एक शिक्षक को फोकल शिक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय समुदाय (बच्चों शिक्षकों अभिभावकों) में आपदाओं के जोखिमों की पहचान और उनके कुप्रभावों को कम करने के उपायों की समझ व क्षमता विकसित करना,शाला परिसर को आपदा जोखिमों से सुरक्षित रखना,बच्चो के माध्यम से राज्य में आपदाओं से सुरक्षा की संस्कृति विकसित करना।शाला सुरक्षा कार्यक्रम को नियमित शिक्षण प्रक्रिया में समाहित कर बच्चों में आपदा प्रबंधन की संस्कृति विकसित करना। इसी तारतम्य में विकासखंड कोंडागांव के बीआरसी भवन और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कुल 73 संकुलों के शिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु चार चरणों में विभाजित किया गया हैं जिसका द्वितीय चरण 27 व 28 मार्च 2023 को संपन्न हुआ।

# सिविक एक्शन प्रोग्राम व फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन 132 बटालियन सीमा सुरक्षा बल के द्वारा आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ पखांजूर
www.dailypioneer.com





अति सम्बेदनशील गांव कन्हारगांव प्राइमरी स्कूल में सिविक एक्शन प्रोग्राम वा मेडिकल कैंप का आयोजन 132 बटालियन सीमा सुरक्षा बल के द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर. रहित कुमार, चीफ मेडिकल ऑफिसर, जी बी एस भट्टी कार्यवाहक कमान्डेंट, नरेंद्र यादव, सहायक कमान्डेंट सी ओ बी कन्हारगांव,दुर्ग राम नूरेती सरपंच गांव इरपानर,कानू बाई मातमी, सरपंच गांव बिकाशपल्ली,कन्हारगांव,दुर्ग राम कवाची सरपंच गांव ओरछा, जीतकाराम मातमी पटेल कन्हारगांव, प्रभु पड़ा पटेल ओरछा,सुजीत रॉय अध्यापक,अर्चना सरकार अध्यापिका, कमल सिंह आजाद अध्यापक प्रायमरी स्कूल ओरछा,सबने एक साथ होकर के फीता काटकर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान आये हुए ग्रामीणों को उनके जरूरत का सामान वितरित किया गया,वितरित की जाने वाली सामग्री में मुख्यत सीन टैक्स,पतीला, कंबल,चटाई दुपट्टा,लूंगी,धोती, गमछा, पम्प मशीन, सोलर लाइट ,बच्चे के लिए स्टेशनरी का सामान, ट्रैकसूट, खेलकूद का सामान जैसे फुटबॉल,वालीबाल क्रिकेट बैट, टेनिस बॉल ,बैडमिंटन रैकेट, सेटल का वितरित किया गया। इसके साथ ही आसपास के गांव के बीमार व्यक्तियों के लिए मेडिकल कैंप से फ्री में इलाज तथा दवाइयों का वितरण किया गया।

आज के इस कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर रहित कुमार, चीफ मेडिकल ऑफिसर,जी बी एस भाटी, कार्यवाहक कमान्डेंट, निरक्षक बी के राय , निरक्षक मुकेश कुमार मीणा, सामान्य शाखा । हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, सर्तक शाखा एफटीआर भिलाई । आसपास के ग्राम इरपानार, कन्हारगांव, पी वी 104, ओरछा, ओरछा बालक आश्रम, मिडिल स्कूल इरपानर के गांव वासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा नृत्य,संगीत भी किया गया इस प्रकार के कार्यक्रम बीएसएफ के 132वी वाहिनी द्वारा अंदुरिणी क्षेत्र में कराए जाते है जो कि मुख्यालय पखांजुर से भारी भरकम दूरी पर बसा है और क्षेत्र के लोग अत्यंत गरीब परिवार से जुड़े होते है जहां बीएसएफ के द्वारा सिविक एक्शन केम्प लगाकर लोगो के जरूरत को समझ कर सामान वितरित की जाती है।

# वन विद्यालय में 53वें वनपाल कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दीक्षान्त समारोह

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

वन विद्यालय में 53वें वनपाल कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जगदलपुर वृत्त से 12 वनपाल, कांकेर वृत्त से 09 वनपाल,दुर्ग वृत्त से 06 वनपाल,रायपुर वृत्त से 08 वनपाल,बिलासपुर वृत्त से 07 वनपाल और सरगुजा वृत्त से 10 वनपाल इस प्रकार कुल 52 प्रशिक्षणार्थी वन विद्यालय जगदलपुर में प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी प्रशिक्षण के अन्तर्गत वन वर्धन, वन अभियांत्रिकी, वन सर्वेक्षण एवं आलेख, वन उपयोग एवं वन सुरक्षा, वन प्रबंध, वन विधि, विभागीय गठन एवं लेखा प्रक्रिया, वनस्पतिशास्त्र, वन्य प्राणी प्रबंधन एवं संयुक्त वन प्रबंधन,मृदा एवं जल संरक्षण जैसे विषयों का अध्यापन कराया गया है। इसके अलावा कम्प्यूटर का प्रशिक्षण नियमित रूप से दिया गया। साथ ही जी.पी.एस. सर्वेक्षण एवं उपयोगिता, आधुनिक नर्सरी तकनीकी, भू-जल संरक्षण कार्य एवं कृषि वानिकी इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया है। समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं वृत्त के अन्दर शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत दन्तेवाडा वनमण्डल, बस्तर वनमण्डल, सुकमा वनमण्डल में चल रहे समस्त कार्यो का अवलोकन कराया गया है।

# कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को कलेक्टोरेट के सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि, जिले में विभिन्न मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों को योजनाबद्ध ढंग से तेजी के साथ संचालित कर नियत समयावधि में पूर्ण किया जाएगा। इस दिशा में सड़क, पुल-पुलिया, भवन निर्माण कार्यों को नियमित रूप से संचालित कर मानिटरिंग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिले के वनाधिकार पट्टेधारकों को मनरेगा के हितग्राहीमूलक कार्यों भूमि समतलीकरण, डबरी निर्माण, गौपालन शेड, कुक्कुटपालन शेड, बकरीपालन शेड निर्माण ईत्यादि से लाभान्वित करने प्राथमिकता के साथ पहल किए जाने को कहा। वहीं उन्नत खेती-किसानी, मछलीपालन जैसी आयमूलक गतिविधियों के लिए विभागीय योजनाओं से सहायता सुलभ कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिले में आदिम जाति और गैर परम्परागत वन निवासी अधिकार अधिनियमों के तहत पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदाय की समीक्षा करते हुए अनुमोदित प्रकरणों के हितग्राहियों को शीघ्र वनाधिकार पट्टे धारकों को ऋष्टा पुस्तिका प्रदाय करने को कहा। कलेक्टर दीपक सोनी ने इस बैठक के दौरान जिले में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वेक्षण कार्य हेतु तैयारी की विस्तृत जानकारी ली और सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बेरोजगारी भत्ता प्रदान के लिए बेरोजगारों के पंजीयन हेतु ग्रामीण इलाके में ग्राम पंचायतों को कलेक्टर में पंजीयन केन्द्र और नगरीय क्षेत्रों में वार्डो को सम्मिलित कर कलस्टर में पंजीयन केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होने गोधन न्याय योजनान्तर्गत गौठानों में गोबर की नियमित रूप से खरीदी सहित वर्मी कम्पोस्ट खाद अंतरण सुनिश्चित किए जाने को कहा। वहीं गौठानों में आजीविका मूलक गतिविधियों के संचालन हेतु महिला स्व-सहायता देकर निरंतर प्रोत्साहित करने और जिले में मनरेगा के तहत रोजगार मूलक कार्यों को नियमित रूप से संचालित कर अधिकाधिक पंजीकृत जॉब कार्डधारी परिवारों को रोजगार सुलभ कराये जाने के निर्देश दिए।

# 10 साल से फरार था हत्या का आरोपी, गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के आदेश से भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के आदेश से एडिशनल एसपी शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के स्थाई वारंटी के गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी तारतम्य 29 मार्च को डीएसपी सतीश भार्गव के पर्यवेक्षण में थाना मदार्पाल द्वारा 10 साल पुराने मर्डर के स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हैं। यह घटना हैं 6 जुलाई दरम्यानी रात पोहमार निवासी गागरा कश्यप, पिता काण्डे कश्यप द्वारा संतुराम पिता सोनूराम, उम्र 22 वर्ष, निवासी पोहमार के साथ मिलकर ढालुराम पिता स्व. लखमूराम उम्र 45 वर्ष, निवासी पोहमार, पटेलपारा को धारदार हथियार से जान से मारकर हत्या कर दिया था। जिस पर थाना मदार्पाल में अपराध क्रमांक 7, धारा 302, 34 कायम कर विवेचना के दौरान आरोपी संतुराम पिता सोनूराम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, परन्तु आरोपी गागरा कश्यप पिता काण्डे कश्यप करीबन 10 वर्ष से फरार था। जिससे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोंडागांव न्यायालय से आरोपी गागरा कश्यप का स्थाई वारंट प्राप्त होने से वारंटी की गिरफ्तारी हेतु पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर सूचना पर ग्राम करेर्कोट, थाना मारण्डूम, जिला बस्तर में आरोपी, स्थाई वारंटी के छुपने की जानकारी मिलने पर आरोपी के छुपने के संभावित स्थान पर जाकर घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना मदार्पाल लाकर गिरफ्तार किया गया, जिसे कोंडागांव न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया।

## टीबी दुर्लभ बीमारी नहीं, जागरूक होकर कराएं नियमित उपचार

# मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के टीबी रोग से उभर रही आशा

पायनियर संवाददाता ◀ सुकमा
www.dailypioneer.com







आमजनो की मंशा रही है कि जिले में ही समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले। वहीं जिले के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाएं सहित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा भरसक प्रयास किया जा रहा हैं। वहीं प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में छत्तीसगढ़ शासन कटिबद्ध है । जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित कुम्हाररास सुकमा निवासी आशा भलावी अब मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डियों की टीबी रोग से उभर रही है। टीबी के दवाओं का नियमित सेवन करके 15 से 20 दिनों में बेहतर स्वास्थ्य परिणाम पाया है। आगामी माह अक्टूबर 2023 तक दवाओं का नियमित सेवन करके टीबी रोग से पूरी तरह स्वस्थ होने की उन्हें पूरी आशा है।

आशा भलावी ने बताया कि माह अक्टूबर 2020 से 15-20 दिनों के अंतराल में ठंडी, बुखार की शिकायत हुई, जिसका उन्होंने पारिवारिक डॉक्टर से जांच उपरांत टाइफाइड शिकायत पर नियमित दवाओं का सेवन किया। साथ ही जगदलपुर, महासमुंद सहित अन्य चिकित्सकों के पास रूटीन जांच भी कराया, जिसमें कैल्शियम, खून की कमी और टाइफाइड के लक्षण होने पर बीमारी से संबंधित दवा लेकर सेवन किया, परिजनों के सलाह पर बैगा गुनिया का सहारा लेने के बावजूद भी आशा को सिर्फ निराशा ही हाथ लगी। आशा के स्वास्थ्य में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं दिखा और दिनों दिन हालात और भी गंभीर होने लगी जिसके वजह से नींद की कमी, भूख की कमी, खून की कमी, कमजोरी, खून की उल्टियां, वजन में गिरावट, चेहरे पर झुर्रियां, चलने, उठने-बैठने जैसी कई प्रकार की समस्या हुई।

दो साल तक नियमित दवाओं के सेवन और बिस्तर में पड़ी आशा बीमारियों के दर्द से तंग आकर पारिवारिक चिकित्सक की सलाह ली और तेलंगाना के खम्मम अस्पताल में उपचार कराने पहुंची, जहां एमआरआई के रिपोर्ट से मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डियों में टीबी होने की पुष्टि हुई। दो अलग-अलग जगहों में टीबी की बीमारी पाकर आशा के सामने शारिरीक, मानसिक, आर्थिक परेशानियों के साथ बच्चों की परवरिश, घर की जिम्मेदारी सहित कई समस्या सामने उठ खड़ी हुई लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और बीमारी से लड़ने की हौसला जुटाई रखीं। इसके बाद उन्होंने करीबियों के सलाह पर जिला अस्पताल में टीबी का इलाज कराने पहुंची, जहां चिकित्सक के परामर्श पर जिला टीबी समन्वयक जयनारायण सिंह ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर बीमारी से संबंधित सभी दवाओं का नियमित सेवन के साथ ही जल्द स्वस्थ होने का भरोसा दिलाया। माह मई 2022 से दवाओं के नियमित सेवन से आशा को 15-20 दिन में ही मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डियों की परेशानी कम होने लगी। साथ ही एक साल के भीतर 18 किलो शारीरिक वजन बढ़ने के साथ ही तंदुरुस्ती का भी आभास किया। स्वयं को दर्पण में देखकर आशा ने पाया कि चेहरे पर आयीं झुर्रियां भी अब गायब होने लगी है। टीबी रोग से तेजी से उभर रही आशा के चेहरे पर मुस्कान और आंखों पर खुशी की मोती की झलक साफ दिख रही थी। अब आशा टीबी रोग की परेशानियों से छुटकारा पाकर परिवार के साथ खुशहाल जीवन जी रही हैं, उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए शासन-प्रशासन और स्वास्थ्य कर्मचारियों का आभार प्रकट किया।

# नगर में रामनवमी के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, अतिशबाजी ढोल बाजे के धूम से झूमे भक्त



पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव नगर मे आज रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा सर्व हिन्दू समाज बजरंग दल के कार्यकताओं और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं द्वारा मदार्पाल के हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाला गया, जो नगर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए पूरे शहर में भ्रमण किया। आपको बता दे कि, इस शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए कई दिनों से तैयारी चल रही थी जो कि, बहुत ही अच्छे तरीके से सफल हूई। इस भव्य शोभायात्रा मे जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया गया और राम मंदिर समिति के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस रामनवमी को लेकर कोंडागांव वासियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया, जहां नगर के राम मंदिर में भी भक्तों के द्वारा रामनवमी पर्व को मनाने हेतु तैयारियां की जा रही थी और साथ ही राम मंदिर में पूजा अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया।

# मौसमी इन्फ्लूएंजा एच 3 एन 2 वायरस से बचाव है जरूरी, बरतें सतर्कता

## स्वास्थ्य विभाग ने ज़ारी की किया एडवायजरी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



इस समय मौसमी इन्फ्लूएंजा एच 3 एन 2 मौसम में बदलाव के साथ दिखाई पड़ रहा है। चूंकि ये वायरल बीमारी है, इसलिए किसी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में ये आसानी से फैल सकता है. इन्फ्लूएंजा से संक्रमित कोई व्यक्ति जब खांसता या छींकता है तो उसके ड्रॉपलेट हवा में एक मीटर तक फैल सकते हैं और जब कोई दूसरा व्यक्ति सांस लेता है तो ये ड्रॉपलेट उसके शरीर में चले जाते हैं और उसे संक्रमित कर देते हैं। भारत सरकार द्वारा इस बारे में एडवायजरी ज़ारी की गई है।

इस बारे में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की सीज़नल इन्फ्लूएंजा एक तीव्र श्वसन संक्रमण है जो इन्फ्लूएंजा वायरस से होता है। छोटे बच्चे और वृद्ध जिन्हें अन्य कोई रोग हो उन्हें सावधान रहने की आवश्यकता है। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के जिला नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बनर्जी के अनुसार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईडीएसपी के माध्यम से सभी ओपीडी और आईपीडी में आने वाले इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई ) और गंभीर श्वसन संक्रमण के प्रकरण के रियल टाइम सर्वलेन्स के निर्देश दिए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार एच 3 एन 2 इन्फ्लूएंजा के कारण अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों की संख्या दूसरे सब टाइप फ्लू की तुलना में अधिक होती है। 10 प्रतिशत लोगों को गंभीर श्वसन संक्रमण हो सकता है एवं 7 प्रतिशत लोगों को आईसीयू में रखने की जरूरत पड़ सकती है। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा के अनुसार बचाव हेतु मास्क पहनें और भीड़ वाली जगहों से फिलहाल बचें। खांसते और छींकते समय नाक और मुंह को ढकें,आंखों और नाक को बार बार न छुएं,बुखार और बदन दर्द हो तो पैरासिटामोल लें, एक दूसरे से हाथ ना मिलाएं सावर्जनिक जगहों पर ना थूकें एंटीबायोटिक ना लें जब तक डॉक्टर ऐसा करने को ना कहें ग्रुप में एक साथ बैठकर खाना खाने से बचें।

# 1 अप्रैल से राशन दुकानों में मिलेगा फोर्टिफाइड चावल

## 2 लाख 92 हजार से अधिक बीपीएल राशनकार्डधारी होंगे लाभांवित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पूरे प्रदेश सहित बलौदाबाजार - भाटापारा जिले के 565 राशन दुकानों में एक अप्रैल से फोर्टिफाइड चावल राशन कार्डधारियों को मिलना शुरू हो जाएगा। इसके लिए खाद्य विभाग ने आगामी दो महीने का चावल का आवंटन भी जारी कर दिया है। जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया की फोर्टिफाइड चावल में 100:1 के तय अनुपात में मिलाया जाता है। यानी सामान्य 100 दाने चावल में फोर्टिफाईड चावल का एक दाना मिलाया जाता है। इस मात्रा के अनुसार ही राशन दुकानों में आने वाले 50 किलो चावल से भरी बोरी में फोर्टिफाईड चावल भी मिला रहेगा, जिससे हितग्राहियों को इसका लाभ मिलेगा। विटामिन और मिनरल जैसे पोषक तत्वों से भरपूर फोर्टिफाइड चावल ना केवल कुपोषण दूर करेगा बल्कि इससे लोगों के स्वास्थ्य को भी लाभ मिलेगा। इससे पहले फोर्टिफाइड चावल प्राथमिक और माध्यमिक शासकीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को मध्याह्न भोजन के रूप में दिया जाता था। सामान्य चावल को फोर्टिफाईड चावल बनाने के लिए पहले सामान्य चावल को पाउडर बनाया जाता है। उसमें सूक्ष्म पोषक तत्व मिलाकर उसे फिर चावल का रूप दिया जाता है। फोर्टिफाईड चावल वितरण से जिलें के कुल 2 लाख 92 हजार 774 बीपीएल राशनकार्ड धारी लाभांवित होंगे। गौरतलब है कि जिलें में कुल 3 लाख 23 हजार 824 राशनकार्ड बना हुआ है। जिसमें 31 हजार 050 एपीएल राशनकार्डधारी को फोर्टिफाईड चावल नही मिलेगा।

### क्या है फोर्टिफाईड चावल

डब्लूएचओ के मुताबिक फूड फोर्टिफिकेशन एक टेक्नालाजी के माध्यम खाने में विटामिन और मिनरल के स्तर बढ़ाना है। इसमें आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी 12 पोषक तत्व माइक्रोन्युट्रिएंट्स मिलाया जाता है। पोषक तत्वों की कमी दूर होने के साथ स्वास्थ्य को भी लाभ मिलता है। सामान्य चावल में पोषक तत्व जरूर हैं, लेकिन चावल की मिलिंग और के समय फै ट और सूक्ष्म पोषक से भरपूर चोकर की परतें हट जाती है। चावल की पालिस करने से 75 से 90 प्रतिशत विटामिन भी निकल जाते है। जिसकी वजह से चावल के अपने पोषक तत्व कम हो जाते है। ऐसे में फोर्टिफाईड राइस मिलाकर सामान्य चावल को पोष्टिक किया जाता है। फोर्टिफाईड चावल राशन दुकानों में वितरित करनें के अलावा प्राथमिक और माध्यमिक शासकीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन के रूप में दिया जाता है।

# राज्य में कड़ाई से लागू किए जाएंगे तंबाकू नियंत्रण कानून

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के उपयोग एवं उपभोग को हतोत्साहित करने राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। फिर भी राज्य में वयस्कों सहित बच्चों द्वारा तंबाकू का उपयोग चिंताजनक है। इसी कड़ी में मंत्रालय के सभाकक्ष में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य सचिव छ. ग. शासन रेणु पिल्ले ने किया।

इस बैठक में सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण छग शासन सहित अन्य प्रमुख विभागों के सचिव व उनके प्रतिनिधि तथा संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सहित अन्य विभागों के उच्च अधिकारी, द यूनियन के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, श्री सत्य साई, पहल फाउंडेशन वोलेंट्री हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया ( वीएचएआई) एवं अन्य गैर सरकारी संघठनो के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य में की जा रही गतिविधियों से अवगत कराया गया साथ ही तंबाकू नियंत्रण की दिशा में आ रही चुनौतियों को साझा किया। तम्बाकु नियंत्रण के लिए कानूनी प्रावधान जैसे कोटपा एक्ट 2003, कोटपा छत्तीसगढ़ संसोधन अधिनियम 2021, ई सिगरेट पर प्रतिबंध कानून 2019 का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने समस्त अनिवार्य विभागों के माध्यम से उचित कार्यवाही की बात कही गई।

# प्रशिक्षण से वापस लौटे जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सीईओ आईएएस गोपाल वर्मा लगभग डेढ़ माह बाद लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मूसरी से प्रशिक्षण प्राप्त कर पुनः कामकाज पर लौटे है। उन्होंने लौटते ही शाखावार सभी अधिकारियों की बैठक कर कामकाज की समीक्षा की है। उन्होंने गौधन न्याय योजना, रीपा के क्रियान्वयन में तेजी लाने एवं 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले समाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान बैठक में एपीओ नरेगा के के साहू, एपीओ एसबीएम मुरलीकान्त यदु सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

# महाअष्टमी पर हवन-पूजन के बाद मंदिरों में हुई पूर्णाहुति

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



चैत्र नवरात्रि महाअष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन कर श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में पूर्णाहुति दी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बता दें कि मां दुर्गा की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि 22 मार्च से शुरू हुआ और इसी दिन से हिंदू नव वर्ष भी प्रारंभ हुआ। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित करा पूरे आठ दिन मां भगवती की उपासना कीं। इस दौरान प्रसिद्ध शक्तिपीठ घुंचापाली चंडी, खल्लारी चंडी और बिरकोनी चंडी सहित अन्य मंदिरों में दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अष्टमी के अवसर पर अधिकांश देवी मंदिर में हवन-पूजन सुबह से ही प्रारंभ हो गया। मां महामाया मंदिर में नगर पुरोहित पंकज तिवारी ने मंदिर परिसर में सुबह हवन-पूजन कराया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में पूर्णाहुति देकर सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां गुरुवार को कन्या भोज और भंडारा का आयोजन किया गया है। स्थानीय शीतला मंदिर में शुक्रवार को कन्या भोज और भंडारे का आयोजन है। खल्लारी चंडी मंदिर में आज दोपहर हवन-पूजन समाप्त होने के बाद कन्या भोज और भंडारा कराया जाएगा। वहीं घुंचापाली बागबाहरा चंडी मंदिर में गुरुवार को हवन-पूजन और कन्या भोज आयोजित है।

# आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 29 मार्च 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में बिसहत ध्रुव पिता सरजू ध्रुव, निवासी ग्राम हिरमी, तहसील सुहेला,प्रीति निर्मलकर पति स्व. नीलकंठ निर्मलकर, निवासी ग्राम उड़ेला, तहसील सिमगा, राजकुमार पिता फिरीतराम, निवासी ग्राम कोलिहा, तहसील सिमगा एवं चैनबाई पति रामप्रसाद, निवासी ग्राम पैसर, तहसील लवन शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आग से जलने, नदी, तालाब के पानी डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# एल एल. बी. एवं एल एल. एम. की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा

**बलौदबाजार।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार के विधि- विभाग की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 2023 का आयोजन दिनाँक 10.04.2023 से 17.04.2023 तक महाविद्यालय में आयोजित किया गया है जिसमें समस्त छात्र- छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर समस्त जिम्मेदारी स्वयं छात्र-छात्राओं की होगी।

# नवदम्पत्तियों को परिवार नियोजन संबंधित जानकारी देने नई पहल किट की हुई शुरुआत

- कलेक्टर ने नई पहल किट का वितरण कर जिलें में किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत संचालित मिशन परिवार विकास योजना के तहत बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में नवविवाहित दंपत्तियों में परिवार नियोजन कार्यक्रम के विषय में जानकारी हेतु नई पहल किट का वितरण प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री रजत बंसल ने जिला कलेक्टर कार्यालय में बलौदाबाजार नगर के हितग्राही श्रीमती सुधा चौहान, महेंद्र कुमारी यादव को किट वितरण कर इसकी शुरुआत की गई। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमपी महिस्वर ने बताया कि नवविवाहितों में परिवार नियोजन के साधनों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई पहल किट का वितरण जिले में शुरू किया गया है यह योजना छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में लागू की गई है। इस परिवार नियोजन किट का वितरण सीएचसी/पीएचसी या उप केंद्र के स्तर से मितानिनों द्वारा किया जायेगा। इसे हेतु मितानिनों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी । इस नई पहल किट के अंतर्गत एक वेनेटी बॉक्स होगा जिसमें कुछ लघु सूचना पत्र होंगे जो नव दंपति को अभिभावक बनने से पूर्व उचित जानकारी उपलब्ध कराएंगे । इसके साथ ही गर्भ परीक्षण किट के उपयोग संबंधी निर्देश,गर्भवती होने की दशा में गर्भधारण से संबंधित जानकारियां । प्रसव पूर्व सेवाओं और सावधानी, बच्चों में अंतराल के बारे में भी इस प्रपत्र में लिखा होगा। परिवार नियोजन साधनों के अंतर्गत पांच पीस वाले कंडोम के पैकेट, खाने वाली गर्भनिरोधक गोली चक्र, आपातकालीन गर्भनिरोधक निरोधक गोली इ-पिल्स, एवं गर्भवती जांच किट उसमें उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त इस कीट की एक विशेष विशेषता यह है कि इसमें अलंकरण एवं स्वच्छता बैग भी सम्मिलित होगा जिसमें तौलिया सेट, कंघी, बिंदी, नेल कटर, दो सेट रुमाल और छोटा शीशा भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसके साथ ही उसमें एक जानकारी कार्ड भी उपलब्ध है जिसमें कक्षेत्रीय मितानिन तथा सबसे नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ता की संपर्क जानकारी उपलब्ध कराई गई है ताकि नव दंपत्ति आवश्यकता पड़ने पर गर्भनिरोधक के बारे में अपनी आशंकाओं भ्रांतियों को दूर करते हुए गर्भनिरोधक के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। किट वितरण के समय वनमंडल अधिकारी मयंक अग्रवाल,एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमपी महिस्वर, सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार अवस्थी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी आरएमएनसीएच सलाहकार श्रीमती हर्षलता जायसवाल उपस्थित रहें.

## भूख हड़तालियों की हालत हो रही लगातार खराब

# जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी आंदोलन जारी रहेगा

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com




शासन के आदेश के बाद भी नौकरी में सीधी भर्ती नहीं किए जाने से नाराज कमार और भुंजिया समाज के युवा और बुजुर्ग 20 मार्च से पटवारी कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। इनमें 13 सामाजिकजन भूख हड़ताल पर हैं जिनकी हालत लगातार खराब हो रही है।

आंदोलन को समर्थन दे रहे पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा सहित कमार समाज के जिलाध्यक्ष मोतीराम कमार, भुंजिया समाज के जिलाध्यक्ष कौशल नेताम ने पत्रकारों को बताया कि 27 जून 2022 को बिलासपुर, मुंगेली, राजनांदगांव, कोरिया, कबीरधाम, कोरबा, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, रायगढ़, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, नारायणपुर, सूरजपुर और बलौदाबाजार क्षेत्र की विशेष पिछड़ी जनजातियों के शिक्षित युवाओं को सीधी भर्ती के तहत शासकीय सेवाओं में नियुक्ति प्रमाण पत्र देने का आदेश जारी हुआ है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद की बैठक में 27 अगस्त 2019 में निर्णय लिया गया था कि विशेष पिछड़ी जनजाति के सभी शिक्षित पात्र युवाओं का सर्वे कराकर उनकी पात्रता के अनुसार नियुक्ति की कार्रवाई की जाए। इन जिलों के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के रिक्त पदों की भर्ती करने की स्वीकृति प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि यह आदेश छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव ने 27 जून 22 को जारी किया था। कवर्धा सहित अन्य जिलों में कार्रवाई की गई और नियुक्ति दी गई है। लेकिन महासमुंद जिले में आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है जिससे नाराज होकर अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी यह धरना जारी रहेगा। डॉ चोपड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा कि शासन के आदेश के बाद भी उसका पालन कलेक्टर नहीं कर रहे हैं यह उनकी असंवेदना को प्रकट करता है वहीं पिछले नौ दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे लोगों का विधायक ने हाल-चाल भी नहीं पूछा, उन्हे चाहिए कि मामले में कलेक्टर से चर्चा कर इनका हक इन्हें दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के 246 पद खाली है और 176 युवा इसके लिए पात्र हैं, बावजूद सीधी भर्ती न करना समझ से परे है।

**मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव :** सरकारी सेवाओं में नियुक्ति की मांग को लेकर कैलाश नेताम, मोतीराम कमार, मोहन नेताम,छन्नूराम भुंजिया, संतराम, अमित, मिथलेश, चैतराम कमार, प्रकाश नागे, खूबलाल भुंजिया अन्नसिंह, हेमलाल कमार और कार्तिक कमार भूख हड़ताल पर हैं। उन्होंने बताया कि अगर प्रशासन हमारी मांगों पर जल्द ही विचार नहीं करता है तो आगामी दिनों में छात्र, परिवारजन और सामाजिकजन मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करेंगे।

# रायपुर के राम मंदिरों में महाआरती मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूरे छत्तीसगढ़ में रामनवमी की धूम देखने को मिल रही है। राजधानी के वीआइपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर, जैतू साव मठ, दूधाधारी मठ, कौशल्या मंदिर में भगवान श्रीराम की पूजा के लिए भक्तों की भीड़ जमा हो रही है। जैसे ही दोपहर के 12 बजे वैसे ही मंदिरों में श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा-उल्लास से मनाया गया। मंदिरों में पंडित-पुजारियों के अलावा श्रद्धालुओं ने भी भगवान श्रीराम की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया। इसके बाद सुगंधित फूलों और सोने-चांदी के जेवरों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्रृंगारित रूप के दर्शन, पूजन करने भक्तों का तांता लगा रहा। महाआरती में 'श्रीरामचंद्र कृपालु भज मन, हरन भव भय' के स्वर गूंज उठे। पुरानी बस्ती स्थित ठाकुर रामचंद्र स्वामी जैतूसाव मठ, मठपारा के दूधाधारी मठ, पुरानी बस्ती के नागरीदास मठ, गोपीदास मठ, बैरनबाजार के श्रीराम-जानकी मंदिर, गुढ़ियारी मच्छी तालाब स्थित मंदिर, वीआइपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर, कौशल्या मंदिर समेत अनेक मंदिरों में महाआरती की गई। वीआइपी रोड के श्रीराम मंदिर में पंडित हनुमतलाल, दूधाधारी मठ में महंत रामसुंदरदास सहित अनेक पंडितों के सानिध्य में पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। पुरानी बस्ती के श्री ठाकुर रामचन्द्र स्वामी जैतूसाव मठ में दुग्धाभिषेक के बाद विशेष श्रृंगार के बाद दोपहर 12 बजे महाआरती हुई। जैतूसाव मठ के ट्रस्टी सचिव महेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव के पांच दिवसीय आयोजन में दूसरे दिन शुक्रवार को 11 क्विंटल मालपुआ एवं मंजरी का महाभोग लगाया जाएगा। शाम पांच बजे प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत कुंजारा में भ्रष्टाचार की शिकायत पर तहसीलदार कुनकुरी ने दो दिनों तक की जांच

## पूर्व सरपंच ने भी की शिकायतकर्ताओं के विरूद्ध पुलिस थाने में लिखित शिकायत

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत क्षेत्र कुनकुरी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुंजारा अपने भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में बनी हुआ है। ग्राम पंचायत के निवासियों द्वारा की गई शिकायत की हो रही जांच में कई प्रकरण सामने आ रहे है। जांच अधिकारी को अधिकांश जगह या तो निर्माण कार्य नही होने की जानकारी मिल रही है साथ ही बिना कार्य सम्पन्न हुए ही राशि निकालने की गड़बड़ी भी सामने आ रही है। वर्तमान सरपंच को भ्रष्टाचार के आरोप में धारा 40 की कार्यवाही के तहत पद से हटाया भी जा चुका है। इस प्रकरण को लेकर भी ग्राम पंचायत में सरपंच गुट एवं शिकायतकर्ताओं के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है।

**यह है मामला**-22 नवम्बर 2022 को ग्राम पंचायत कुंजारा के पांच निवासियों भगवत सिंह, कामेश्वर सिंह, बजरंग गुप्ता, रामजीत चौहान, बैजनाथ सिदार द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुनकुरी को एक शिकायत ग्राम पंचायत कुंजारा में निर्माण कार्यो में बिना कार्य कराये फर्जीवाडा कर शासकीय राशि का गबन किये जाने के प्रकरण की शिकायत करते हुए जांच की मांग की गई थी जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय द्वारा तहसीलदार कुनकुरी एवं पंचायत निरीक्षक कुनकुरी को ग्राम पंचायत कुंजारा में नाली निर्माण कार्यो में बिना कार्य कराये फर्जीवाड़ा कर राशि गबन किये जाने के प्रकरण की जांच हेतु आदेशित किया गया। उपरोक्त आदेश के परिपालन




में 28 मार्च एवं 29 मार्च को तहसीलदार कुनकुरी द्वारा जांच दल के साथ ग्राम पंचायत कुंजारा के निर्माण स्थलों पर जाकर जांच की गई जिसमें अधिकांश जगह पर नाली निर्माण नही पाया गया जिसका पंचनामा जांच दल द्वारा बनाया गया। ग्राम पंचायत कुंजारा के आश्रित ग्राम श्रीटोली में वर्ष 2011-12 में 50 हजार की लागत से कराया गया नाली निर्माण का कार्य मौके पर नही मिला जबकि राशि का आहरण हो चुका है। आश्रित ग्राम ढ़ोंगाआम्बा में भी वर्ष 2014 में कराया गया 50 हजार की लागत से नाली निर्माण का कार्य भी मौके पर नही मिला, जबकि इस राशि का आहरण भी हो चुका है। इसी प्रकार वर्ष 2012-13 में 70 हजार रूपये की लागत से कराया गया नाली निर्माण का स्थल भी नही बताया गया, वर्ष 2013-14 में भी 80 हजार रूपये की लागत से कराया गया नाली का निर्माण स्थल नही दर्शाया गया है और इन निर्माण कार्यो की राशि का भी आहरण हो चुका है। ग्राम कुंजारा के मुख्य मार्ग पर विजय घर के पास 60 हजार 340 रूपये की लागत से कराया गया नाली का निर्माण भी मौके पर नही होना पाया गया जबकि इस कार्य की राशि का आहरण भी बैंक के खाता क्रमांक 50471689444 से दिनांक 23 सितम्बर 2020 को किया जा चुका है।

इस पूरी जांच के दौरान एक चौंकाने वाला प्रकरण भी सामने आया है जिसमें ग्राम पंचायत मुख्यालय कुंजारा सहित दोनो आश्रित ग्राम ढ़ोंगाआम्बा एवं श्रीटोली में नई स्ट्रीट लाईट लगाने के लिये शासन से 4 लाख रूपये की स्वीकृति मिलने की जानकरी प्राप्त हुई है जिसमें से दो लाख रूपये आबंटन की राशि को दिसम्बर 2021 में ही आहरित कर लिया गया है जबकि इस स्ट्रीट लाईट लगाने के कार्य को दो वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक शुरू भी नही किया गया है। मिली अपुष्ट जानकारी के अनुसार राजनैतिक हस्तक्षेप से अनधिकृत व्यक्ति को यह राशि अग्रीम के रूप में दो वर्ष पूर्व से प्रदान कर दी गई है जिसकी भी जांच की मांग ग्रामवासी कर रहे है।

पूर्व सरपंच ने भी शिकायतकर्ताओं के विरूद्ध पुलिस थाने में लिखित शिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की, पूर्व में भी की गई विभिन्न शिकायतों का भी किया उल्लेख, बार बार प्राड़ित करने का लगाया आरोप भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में आई ग्राम पंचायत कुंजारा के अन्तर्गत चल रही जांच से पूरी पंचायत में माहौल गर्माया हुआ है। एक ओर पूर्व सरपंच पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये जा रहे है। वही नये सरपंच को अभी तक प्रभार नही मिलने की स्थिति बनी हुई है। भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच के दौरान निवृतमान सरपंच सनमनी साय पैंकरा एवं शिकायतकर्ताओं बजरंग गुप्ता, बैजनाथ सिदार, रामजीत चौहान, कामेश्वर सिंह के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। जांच के प्रथम दिन की घटना को लेकर पूर्व सरपंच सनमनी पैंकरा द्वारा कुनकुरी पुलिस थाने में उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध लड़ाई झगड़ा करने और निरंतर प्रताड़ित कर सार्वजनिक रूप से अपमानित करने, जातिगत गाली गलौच करने के साथ पद से हटवा कर जेल भेजवाने की धमकी का आरोप लगाते हुए शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई है। दिये गये शिकायतपत्र में 13 गवाहों के नाम भी दर्शाये गये है।

### दो पक्ष आमने-सामने

जनपद पंचायत कुनकुरी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुंजारा में भ्रष्टाचार के मामले में हो रही जांच में अब धारा 40 में हटाये गई सरपंच सनमनी पैंकरा ने भी शिकायतकर्ताओं में से एक बजरंग गुप्ता के विरूद्ध भी ग्राम पंचायत ठेठेटांगर की रोजगार सहायक के साथ मिलकर तालाब गहरीकरण सह पचरी घाट निर्माण में फर्जी मस्टररोल बनाकर लाखो रूपये गबन कराने का आरोप लगाते हुए पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुनकुरी को शिकायत वर्ष दिसम्बर 2018 में की गई है जिसपर भी अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही होने की जानकारी नही मिली है।

### आरोप-प्रत्यारोप

सरपंच सनमनी पैंकरा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व उपसरपंच व शिकायतकर्ता बजरंग गुप्ता विगत कई वर्षो से मेरे विरूद्ध लगातार शिकायत कर मुझपर अपनी इच्छा अनुसार कार्य करने का दबाव बनाता है और मुझे डराता है इसकी भी शिकायत मैने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महिला आयोग एवं राज्य अनुसुचित जनजाति आयोग में वर्ष 2020 में की है। इससे पूर्व भी वर्ष 2017 में पुलिस थाना कुनकुरी में शिकायत कर शिकायतकर्ताओं के विरूद्ध प्रताड़ित करने, अवैध राशि की मांग करने एवं शिकायत कर मामलों में फंसाने की धमकी दिये जाने की जानकारी दी गई है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुनकुरी के निर्देश पर ग्राम पंचायत कुंजारा में कराये गये निर्माण कार्यो की जांच करपंचनामा कार्यवाही की जा रही है। जांच प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा।

**-लक्ष्मण राठिया, तहसीलदार कुनकुरी**

पूर्व सरपंच कुंजारा द्वारा शिकायत दी गई है, जांच उपरांत प्राप्त तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

**-एल आर चौहान, थाना प्रभारी कुनकुरी**



# कुम्हारी नगर में निकाली गई भव्य श्रीराम नवमी की शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर में अभूतपूर्व राम मय वातावरण से राम नवमी के उपलक्ष्य में एक ओर सोनकर समाज द्वारा सोनकर समाज के सदस्यों ने अपने इष्ट श्रीराम जानकी भगवान की शोभायात्रा सामाजिक भवन से निकाली गई, बड़ी संख्या में और सदस्य शामिल हुए। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर शामिल हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने भी शोभायात्रा में अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदर्शन कर नगरवासियों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित किया। समाज के सभी सदस्यों ने श्रीराम के जयकारों के साथ बड़ी संख्या में शोभायात्रा में भाग लिया गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निर्धारित स्थान सोनकर समाजिक भवन में समापन किया गया। शोभायात्रा के अंत मे सभी सदस्यों को प्रसाद वितरण किया गया। कुम्हारी राज सोनकर समाज अध्यक्ष महेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु महिलाओं व बड़े बुजुर्गों सहित बच्चों ने हिस्सा लिया। तो दूसरी ओर सेवा संकल्प समिति द्वारा इस बार बहुत ही भव्य शोभायात्रा निकाला गया, इसकी जानकारी समिति के सदस्य सुजीत यादव ने देते हुए बताया कि शोभायात्रा में इस बार विशेष रूप से समिति ने छःग की संस्कृति को यात्रा शामिल किया है जैसे यात्रा में सबसे पहले गढ़वा बाजा, राऊत नाचा, उसके साथ राममय स्वर ध्वनि आदि के साथ विभिन्न प्रकार की झांकियां, राम भक्तों की वानर सेना, राम दरबार 7 से 8 फिट स्वरूप के साथ झांकी से जय श्री राम के नारों सम्पूर्ण कुम्हारी गूंजायमान हो गया एवं जगह-जगह भव्य आतिशबाजी की गई । शोभायात्रा बाजार चौक दीपक ज्वेलर्स के पास से शाम 04 बजे निकलकर वार्ड 2,3 होते हुए वार्ड 4, फिर वार्ड 07 रामनगर के श्रीराम मंदिर में भव्य आरती करने के पश्चात शीतल पेय जल पिलाकर जय श्री राम के नारों से रामनगर के समस्त मोहल्लावासी द्वारा स्वागत का आयोजन किया गया।

# बालको ने कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए मनाया 'हैप्पीनेस वीक'






पायनियर संवाददाता ∢ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने कर्मचारियों के बीच खुशी और भलाई को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के तहत 20 मार्च से 26 मार्च तक "हैप्पीनेस वीक" का आयोजन किया। कंपनी ने कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने और सकारात्मक कार्य वातावरण निर्मित करने उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जिससे कर्मचारियों ने उत्साहपूर्व हिस्सा लिया। कंपनी ने कर्मचारियों के खुशियों को साझा करने के लिए 'हैप्पीनेस एट बालको' और 'यू मेक मी हैप्पी' कार्ड का आदान-प्रदान किया। कर्मचारियों को 'विजन बोर्ड' बनाने और 'टीम पूल लंच' आयोजित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। बालको ने टीम बॉन्डिंग के लिए 'हैप्पीनेस सेशंस' और 'स्टैंड-अप कॉमेडी' आयोजित किया। इन कार्यक्रमों में 2000 से अधिक कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया जिससे कर्मचारियों के बीच समुदाय और सकारात्मकता की भावना को बढ़ावा मिला। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि मानव संसाधन के श्रेष्ठ प्रबंधन, कर्मचारियों के करियर विकास और उन्हें कार्य का बेहतरीन वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में बालको कटिबद्ध है। हम अपने कर्मचारियों को एक खुशहाल और सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करते हुए उनके समग्र विकास का मौका प्रदान करते हैं। पुरस्कार 'देखभाल' और 'कर्मचारी हमारी पूंजी' पर केंद्रित बालको के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना में वार्षिकोत्सव हुआ धूमधाम से आयोजित

## साथ ही स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना में वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव के साथ एवं शिक्षक पालक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसील सन्ना के तहसीलदार सुनील कुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि थाना सन्ना के थाना प्रभारी एम. एल. राठिया थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। सर्व प्रथम विद्यालय की प्राचार्य अंजना तिर्की के द्वारा स्वागत अभिभाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि के द्वारा माँ सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात् बच्चों का



सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता रही। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ी लोकगीत जिसमें चार लोकगीतों का समूह (बांस गीत, ददरिया, करमा एवं सुआ गीत) प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात् छत्तीसगढ़ी, संथाली, संबलपुरी लोकनृत्य के माध्यम से छात्राओं ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। कार्यक्रम के बीच में मुख्य अतिथियों के द्वारा सत्र 2022-23 के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। और कक्षा 6वीं, 7वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को अंकसूची प्रशस्ती पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6वीं के छात्राओं का डिजीटल मिडिया का दुष्प्रभाव पर आधारित नाटक का मंचन किया गया और सुन्दर प्रस्तुति पर उपस्थित अभिभावकों और छात्राओं से खुब तालियाँ बटोरी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक पालक निगरानी समिति का भी गठन किया गया। जिसमें पालकों के सर्वसम्मति के आधार पर आगामी सत्र 2023-24 हेतु अध्यक्ष मिलन साय पैंकरा, विकास खण्ड फरसाबहार, उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह, विकास खण्ड पत्थलगांव एवं सचिव सज्जन साय, विकास खण्ड बगीचा का चयन किया गया। कक्षा 9वीं की छात्रा कु. नीलिमा भगत का पैर फैक्चर हो जाने के कारण छात्राओं के द्वारा स्वप्रेरणा से शिक्षकों एवं छात्राओं के द्वारा रूपये 10500 (दस हजार पाँच रूपये) सहयोग राशि एकत्रित कर इनके पालकों की अनुपस्थिति में विद्यालय के प्राचार्य को सौंपा गया, ताकि उनका समुचित ईलाज हो सके।

# नगरपालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में समूह की महिलाओं ने निकाली स्वच्छता मशाल रैली

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) अंतर्गत बनाए गए महिला स्व-सहायता समूहों तथा संगठनों शहर को कचरा मुक्त बनाने अब शहर के समस्त वार्डों में डोर टू डोर पहुंच नागरिकों को स्वच्छता सम्बन्धी सन्देश देते हुए शहर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने अपील भी करेंगी। अभियान के पहले नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन के नेतृत्व में पालिका




की टीम ने महिला स्व-सहायता समूहों के नगर में स्वच्छता मसाल रैली निकाली। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने निकाली मशाल रैली के दौरान में टीम ने तिरंगा चौक में आम जनता के साथ शहर को कचरा मुक्त बनाने, शहर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने, खुले में कचरा नहीं फेंकने, कचरा नहीं जलाने, जलाशयों में कचरा नही फेंकने, खुले में शौच नही करने सहित अन्य बिंदुओं पर स्वच्छता की शपथ ली। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शेखर दुबे ने सभी को शपथ दिलाई।

### नगर के विकास के साथ ही नगर के स्वच्छता पर भी ध्यान देना जरूरी : गफ्फूमेमन

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने कहा कि नगर के विकास के साथ ही नगर के स्वच्छता पर भी ध्यान देना जरूरी है। नगर स्वच्छ सुंदर दिखेगा तो गरियाबंद की अलग पहचान बनेगी। यह सभी के भागीदारी से ही संभव हो सकता है। इस दौरान नगर वासियों से अपील करते हुए प्रतिदिन घर से निकलने वाला कचरा वे खुले में फेंकने के बजाय पालिका प्रशासन से आने वाले वाहनों में ही डालें। तालाब, जलाशय इत्यादि के किनारे गंदगी ना फैलाएं। सुखा और गीला कचरा अलग अलग रखे। रैली के दौरान नगर पालिका सीएमओ टामसन रात्रे , सभापति वंश गोपाल सिन्हा सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मौजुद थे। इधर मिशन समन्वयक दुबे ने बताया कि राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर नगर पालिका परिषद गरियाबंद में स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) के द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों तथा संगठनों को शहर को कचरा मुक्त बनाने तथा स्वच्छता सम्बन्धी जागरूकता हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया।

# शीतला मंदिर में बोये ज्योत जवांरा का हुआ विसर्जन

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नवमी के दिन नगर के मां शीतला मंदिर में बोये गये 199 ज्योत जवांरा का विसर्जन नगर के छिंदतालाब में पुजा अर्चना कर किया गया। नगर के सबसे पुराना शीतला मंदिर मे नवरात्रि के नौ दिनो तक मां शीतला सहित ज्योत जवांरा का पुजा पाठ के बाद आज नौवें दिन नवमी को ज्योत जवांरा का विसर्जन किया गया। नगर के शीतला मंदिर में नवरात्रि बुधवार को महाष्टमी का हवन-पूजन संपन्न कराया गया था। आज गुरुवार को नगर के छिंदतालाब में विधि-विधान से बैगाओं की उपस्थिति में ज्योत-जंवारा का विसर्जन किया गया।



### छिंदतालाब में किया विसर्जन

गुरुवार नवमीं के दिन माता देवालयों से ज्योत-जंवारा विर्सजन के लिए सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। बैगाओं के मंदिरों में स्तुति के बाद ही ज्योत निकाले गए। छिंदतालाब में पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष जस गीत, सेवा, आरती, पूजा-पाठ के साथ ज्योत-जंवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सड़क के दोनों छोर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हीरापुर के ग्रामीणों को नल जल योजना का नहीं मिल रहा लाभ, पूर्व विधायक भैय्याराम ने समस्या से छुटकारा दिलाने का किया वादा

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

ग्रामीण स्तर पर पीने का पानी उपलब्ध कराने वाली शासन की महत्वकांक्षी नल जल योजना दम तोड़ रही है। साल मे कुछ दिन ही नल जल योजना के नल से ग्राम वासियों को पानी मिला था। ग्रामीण इस योजना के तहत नल से मिलने वाले पानी का इंतजार पिछले दो सालो से करते दिखाई दे रहे है। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम हीरापुर में पिछले ढाई वर्षों से नल जल योजना के माध्यम से गांव में टंकी का निर्माण कर घरों में नल का कनेक्शन लगा दिया गया है। लेकिन अभी तक गांववालों को इस टंकी का लाभ नहीं मिल रहा है।



**टंकी निर्माण मे भी लापरवाही**-ग्रामीणों ने बताया कि पानी टंकी के माध्यम से कुछ दिनों तक पानी घरों में पहुंचा था, लेकिन पानी इतना गंदा था कि ग्रामीण उसका उपयोग नही कर सके। वहीं पानी स्टोर करने के लिए बनाई गई टंकी गांववालों के लिए शो पीस बन कर रह गया है। आरोप है कि घटिया पाईप लाईन का काम होने के कारण जगह-जगह से उसमे पानी बहने की शिकायत मिलती थी। उसके अलावा टंकी निर्माण मे भी लापरवाही बरतने के कारण पानी रिसता है।

**पूर्व विधायक भैय्याराम पहुचे हीरापुर**-ग्राम हीरापुर में नल जल योजना के तहत् टंकी निर्माण के बावजूद ग्रामीणों को पानी की समस्या समस्या से जूझते देख पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा ग्राम हीरापुर पहुंचे। जिनके समक्ष ग्रामीण भी अपनी समस्या को रखे। जिसके बाद पूर्व विधायक द्वारा इस समस्या से छुटकारा दिलाने का वादा किया गया।

# हज 2023 के हज यात्रियों का चयन 31 मार्च को होगा

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया की, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई से प्राप्त सूचना अनुसार हज 2023 के लिए आवेदन किये हज यात्रियों का सेंट्रलाइज्ड मोड पर रेंडम डिजिटल सिलेक्शन 31 मार्च 2023 को दोपहर 03.00 बजे से किया जावेगा। हज यात्रियों द्वारा उनके सिलेक्शन की जानकारी हज कमेटी ऑफ़ इंडिया की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in , एवं राज्य हज कमेटी की वेब साइट www.cgstate.gov.in/web/haj-committee से प्राप्त की जा सकेगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-4266646 पर संपर्क किया जा सकता है। उपरोक्त जानकारी छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी की जानिब से हाजी मो. सलीम हिंगोरा ने दी।

## पूरे शहर को भगवा ध्वज और तोरण से सजाया गया है , शहर के चौक चौराहों में की जाएगी पुष्प वर्षा

# हर्षोल्लास के साथ राम जन्म उत्सव मनाया गया, आज प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम मंदिर बेमेतरा में विशेष पूजा अर्चना एवं अभिषेक कार्यक्रम तथा हवन आरती भजन के साथ भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया भगवान श्री राम जन्म उत्सव के अवसर पर गांधी चौक में स्थित श्रीराम मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही जो को दिन भर श्री राम मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा और प्रसाद एवम महा प्रसादी का वितरण किया गया मंदिर में संगीत मय भजन का कार्यक्रम गुरुवार को दिनभर ढोलक मजीरा के साथ भक्तों के द्वारा प्रस्तुति दी गई। भगवान श्रीराम को भक्तों के द्वारा फ्ल फूल मिठाई एवं नगदी चढ़ावा कर भक्त प्रसाद ग्रहण किए श्री राम मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित शिवकुमार पाठक ने बताया कि भगवान राम जन्म को लेकर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कार्यक्रम हुआ हवन पूजन में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए





और दिन भर मंदिर में श्री रामचंद्र कृपालु भजमन हरण भव भय दारुणम् भजन का कार्यक्रम भक्तों के द्वारा किया गया । विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा श्रीराम मंदिर परिसर में हलवा पूरी सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया जिसमें भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसीलाल पटेल पार्षद मनोज शर्मा श्री राम ठाकुर, ललित विश्वकर्मा अजय सेन युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता महाप्रसादी वितरण में सहयोगी रहे श्री राम जन्म उत्सव के अवसर पर भारी संख्या में नगर समेत आसपास के भक्त मंदिर पहुंचकर भगवान का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किए। इसी तरह श्री कृष्ण मंदिर में भी श्री राम जन्म उत्सव के अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया मंदिर पहुंचने वाले भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर नगर की श्री राम जन्म उत्सव समिति की ओर से गुरुवार को मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण में विधि विधान से प्रभु श्री राम की प्रतिमा स्थापित की गई इस अवसर पर आचार्य कमलेश तिवारी के मार्गदर्शन में संध्या 7 बजे प्रभु श्री राम की महा आरती संपन्न हुई आयोजक समिति की ओर से महाआरती व शोभायात्रा के लिए सर्व समाज प्रमुखों को प्रभु श्री राम का गमछा और श्रीफ्ल भेंट कर निमंत्रण दिया गया सर्व समाज प्रमुखों से कार्यक्रम की सफ्लता के लिए सहभागिता की अपील की गई महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

31 मार्च को प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा श्री राम जन्म उत्सव समिति के तत्वाधान में नगर में निकाली जाएगी जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है समिति से मिली जानकारी के अनुसार 31 मार्च को शहर के मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा का शुभारंभ होगा जो कि नगर के नयापारा, गस्ती चौक, पुराना बस स्टैंड, परशुराम चौक, जयस्तंभ, चौक पीयर्स चौक एवं प्रताप चौक होते हुए श्री राम मंदिर प्रांगण में समापन होगा हर साल की तरह इस साल भी विभिन्न समाज प्रभु प्रमुखों की ओर से शहर के चौक चौराहे में शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत करने के साथ ही राम दरबार की आरती उतारी जाएगी इस दौरान स्वल्पाहार शीतल पेय आदि की व्यवस्था भी भक्तों के द्वारा रखी गई है। शोभा यात्रा के लिए शहर को भगवा ध्वज और तोरण से सजाया गया है शोभायात्रा के मार्ग में स्वागत द्वार भी बनाए गए हैं शोभा यात्रा मार्ग पर साफसफ्ई और पानी का छिड़काव नगर पालिका प्रशासन की ओर से किया जाएगा शोभा यात्रा की भव्यता के लिए श्री राम दरबार छत्तीसगढ़ी नृत्य दल अखाड़ा झांकी धुमाल डीजे सिस्टम सहित अन्य कार्यक्रमों को शामिल



# हिन्दू रक्षामंच निकालेंगे श्रीराम भगवान की भव्य शोभा यात्रा

**गरियाबंद**। हिन्दू रक्षामंच एव नगर वासियों द्वारा शुक्रवार को जिला मुख्यालय में भगवान श्रीराम के भव्य शोभायात्रा निकाला जाएगा। हिन्दू रक्षामंच के विनय दासवानी परस देवांगन ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को नगर के राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर श्रीराम के भव्य शोभायात्रा निकाली जाऐगी जो तिरंगा चौंक से होते हुए नगर भ्रमण कर राम जानकी मंदिर में समापन होगा।

# अतीक को सजा बढ़ा जनता का विश्वास

**अतीक** को सजा से जनता का कानून व्यवस्था में विश्वास बढ़ा है, पर अपराध के खिलाफ अभियान को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद को मंगलवार को मिली आजन्म कारावास की सजा से निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि और मजबूत होगी। एक नेता के रूप में उन्होंने देश के सबसे बड़े राज्य में अपराध पर लगाम लगाने की प्रतिबद्धता प्रकट की है। योगी आदित्यनाथ के विधानसभा में कहे ये शब्द जनता के कानों में गूंज रहे हैं कि 'माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा।' यह तथ्य भी बहुत महत्वपूर्ण है कि अपराधी के रूप में अतीक अहमद का कॅरियर अब समाप्त हो गया है और इसमें कानूनी प्रक्रिया के सुचारु संचालन का सर्वाधिक योगदान है। अतीक अहमद ने रविवार को आशंका जताई थी कि उसे एक और गैंगस्टर विकास दुबे की तरह मुठभेड़ में मारा जा सकता है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से सड़क मार्ग से प्रयागराज लाया गया। अतीक अहमद व दो अन्य आरोपियों दिनेश पासी व सौलत हनीफ को 2006 में वकील उमेश पाल के अपहरण का दोषी पाया गया। उमेश पाल 2005 में बहुजन समाज पार्टी-बसपा के विधायक की हत्या के प्रमुख गवाह थे। विडंबना है कि यह सजा देखने के लिए जीवित नहीं हैं क्योंकि पिछले महीने उनको अतीक के बेटे असद समेत कुछ बंदूकधारियों ने गोलियों से छलनी कर दिया था। दशकों बाद माफिया अतीक को सजा दिलाने पर प्रदेश सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी स्वाभाविक रूप से प्रसन्न है। मुख्यमंत्री तथा प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिबद्धता प्रकट की है कि प्रदेश में अपराध के खिलाफ व्यवस्थित अभियान जारी रहेगा।

अतीक अहमद की सजा पर दिवंगत उमेश पाल के परिवार की प्रतिक्रिया सरकार से जनता की उम्मीदों की प्रतीक है। अतीक की सजा का स्वागत करते हुए पाल की पत्नी व मां ने कहा कि वे गैंगस्टर से माफिया बने इस व्यक्ति के लिए फांसी की सजा चाहती थीं। उल्लेखनीय है कि 2017 के पहले प्रदेश में न्याय की कछुआ चाल तथा माफिया तत्वों की 'दबंगई' के कारण दिनदहाड़े हुए अपराधों के गवाह नहीं मिलते थे और अपराधी सबूतों के अभाव में छूट जाते थे। अतीक के मामले में भी कानून को सजा दिलाने में 17 साल लगे। अतीक को चार दशक में पहली बार सजा मिली है। ऐसी समस्याओं का स्थाई समाधान प्रशासनिक, पुलिस व न्यायिक सुधारों में है। केन्द्र तथा प्रदेश की सत्ता में आने के बाद भाजपा इन सुधारों को गति दे रही है। एम. वीरप्पा मोईली ने दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग की अध्यक्षता करते हुए 15 खंड में रिपोर्ट तैयार की थी। इसका अंतिम खंड सरकार को अप्रैल, 2009 में सौंपा गया था। समय आ गया है कि इन रिपोर्टों पर गंभीरता से गौर कर इनके प्रासांगिक हिस्सों का फौरन क्रियान्वयन किया जाए। वैसे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुछ महीने पहले अपराध प्रक्रिया संहिता, भारतीय दंड संहिता तथा साक्ष्य कानून में बदलते समय को देखते हुए व्यापक परिवर्तनों की दिशा में हो रहे प्रयासों की बात कही थी। ऐसे प्रयासों के साथ ही पुलिस के मनोबल को मजबूत करना भी जरूरी है ताकि आम पुलिसजन भी पूरी मजबूती से अपराधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर सके। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार इस दिशा में सक्रिय है। प्रदेश में पुलिसजनों की संख्या बढ़ाने के साथ उसमें लगभग 40,000 महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती भी की गई है। प्रदेश में एडीजी कानून-व्यवस्था ने कहा है कि आने वाले समय में हमने हर माफिया को सजा दिलाने तथा उसे कानून के सामने एक्सपोज़ करने की प्रतिज्ञा ली है। प्रदेश सरकार व पुलिस की निरंतर जारी कार्रवाई से कानून-व्यवस्था के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। अनेक पहलें की गई हैं और भविष्य में भी ये पहलें जारी रहनी चाहिए।

# ई-कामर्स में गेम चेंजर ओएनडीसी

## ओएनडीसी ई-कामर्स में खांचों से अलग हट कर समाधान पेश करता है। इससे खरीदारों व विक्रेताओं के शोषण पर विराम लगना सुनिश्चित होता है।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



**एक** दशक से अधिक समय से भारत और दुनिया भर में ई-कामर्स की असाधारण प्रगति हुई है। भारत के खुदरा व्यापार का लगभग 6.5 प्रतिशत ई-कामर्स के माध्यम से होता है। ई-कामर्स से जीवन सुगम हुआ है क्योंकि लोगों को घर पर बैठे-बैठे एक बटन के क्लिक करने पर वस्तुयें व सुविधायें सुविधाजनक रूप से प्राप्त होती हैं। आजकल की दुनिया में चाहे रेल, बस या विमान का टिकट लेना हो, होटल या टैक्सी का आरक्षण करवाना हो अथवा आटो से यात्रा करनी हो, सभी चीजें बहुत सुविधाजनक हो गई हैं। केवल इतना ही नहीं, विभिन्न घरेलू व बिजनेस सेवायें भी आसानी से ई-कामर्स के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं। आज अनेक प्रकार के बिजनेस ई-कामर्स का प्रयोग करते हैं। इनमें उपभोक्ता वस्तुयें, ई-फार्मेसी, ई-ग्रासरी, डिलीवरी, भुगतान, यात्रा, होटल बुकिंग, टैक्सी, वाहन पूलिंग, कार रेंटल, घरेलू, वित्तीय, रोजगार, वैवाहिक मैच-मेकिंग सेवायें, आदि शामिल हैं। लेकिन इसके साथ ही कुछ बड़ी ई-कामर्स कंपनियों का प्रभुत्व बढ़ा है जिससे परंपरागत बिजनेसों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। डेटा पर अपने एकाधिकार के चलते ये ई-कामर्स कंपनियां विभिन्न विक्रेताओं के बीच भेदभाव करती हैं तथा अपने मनपसंद विक्रेताओं को वरीयता देती हैं। इस कारण अन्य विक्रेताओं को नुकसान होता है।

हालांकि, ये कंपनियां सस्ती वस्तुयें व सेवायें देने का दावा करती हैं जो तकनीक से संभव होता है, पर ऐसा उनकी क्षमताओं के बजाय नकदी-हतोत्साहित करने वाले बिजनेस माडलों के कारण होता है। अपनी मजबूत वित्तीय शक्ति के कारण ये कंपनियां अक्सर ग्राहकों को भारी छूट देती हैं जिससे छोटे व परंपरागत दूकानदारों तथा ट्रेवल एजेंटों, आदि का बिजनेस नष्ट होता है। यदि कैब एग्रीगेटरों पर गौर करें तो पता लगेगा कि शुरुआती चरण में वे लोगों को बिना अपना पैसा खर्च किए मुफ्त यात्रा के लिए ललचाती थीं। वे ड्राइवरों को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन भी देती थीं। लेकिन अब अपना बिजनेस स्थापित करने के बाद ग्राहकों को भारी भुगतान करना पड़ता है तथा ड्राइवरों की लगभग एक तिहाई कमाई एग्रीगेटर हड़प जाते हैं। एग्रीगेटर के रूप में काम करने वाली ई-कामर्स कंपनियां छोटे वेंडरों व गरीब कामगारों को भारी नुकसान पहुंचाती हैं। इससे उनके सामने केवल दो विकल्प बचते हैं कि वे या तो शोषण बर्दाश्त करें या बिजनेस छोड़ दें। चाहे किराना दूकानदार हों या कपड़े व एलेक्ट्रानिक्स तथा होम फर्निशिंग शोरूम या परंपरागत ट्रेवल एजेंट, विभिन्न प्रकार के खुदरा बिजनेसों में लोगों का रोजगार ई-कामर्स कंपनियों द्वारा प्रभावित हुआ है। ये कंपनियां इसलिए ऐसा कर पाती हैं क्योंकि उनके पास उपभोक्ताओं की पसंद, खरीदने की शक्ति तथा उसके स्थान के बारे में ज्यादा सूचना उपलब्ध होती है।

इन सारी सूचनाओं के कारण वे परंपरागत बिजनेसों की तुलना में ग्राहकों तक आसानी से पहुंच जाते हैं तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई के प्रयोग से अनावश्यक लाभ की स्थिति में आ जाते हैं। कभी-कभी ई-कामर्स रोजगार समाप्त होने के कारण शोषण का माध्यम भी बन सकता है। इसके अलावा अपना मुनाफा अधिकतम करने के लिए विशाल ई-कामर्स कंपनियां दुनिया में कहीं से भी व खासकर चीन से सामान खरीदती हैं। ये विशाल ई-कामर्स कंपनियां भारतीय उत्पादों को बाजार से बाहर कर देती हैं जिसके परिणामस्वरूप हमारे नौजवान केवल डिलीवरी ब्वाय बन कर रह जाते हैं। हम ई-कामर्स को रोक नहीं सकते हैं और इसकी कोई आवश्यकता भी नहीं है। यहां मुद्दा वेंडरों व उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। क्या हम ई-कामर्स कंपनियों के लालच पर लगाम लगा सकते हैं? इन सवालों का जवाब ओपेन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स-ओएनडीसी में है। इसे भारत सरकार ने अ-लाभकारी कंपनी के रूप में शुरू किया है तथा आयकर अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत इसका पंजीकरण कराया गया है।

ओएनडीसी ई-कामर्स समस्याओं के लिए एक खांचे से अलग हट कर समाधान है। खरीदार और ग्राहकों को ऐसा इंटरफेस प्रदान किया जाता है जो किसी प्रकार शोषणकारी नहीं है। इस व्यवस्था में ई-कामर्स कंपनियां डेटा पर एकाधिकार या एआई के कारण विक्रेताओं में भेदभाव नहीं कर सकती हैं। कुल मिला कर ओएनडीसी एक ऐसा चैनल होगा जिसमें ग्राहकों को आसनी से विक्रेता व सेवा प्रदाता, आदि मिल जाएंगे। इससे ई-कामर्स बाजार में एकाधिकार के बजाय विक्रेताओं व ग्राहकों के बीच प्रतियोगिता को प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

ओएनडीसी सामान्य ई-कामर्स कंपनियों की तरह प्लेटफार्म नहीं है। ई-कामर्स कंपनियां प्लेटफार्म के माध्यम से काम करती हैं। वेंडरों या सेवा प्रदाताओं को विभिन्न मंचों पर अपना पंजीकरण कराना होता है। इसके परिणामस्वरूप से प्लेटफार्म ग्राहकों और विक्रेताओं को ललचाने के लिए अपनी मजबूत वित्तीय शक्ति के कारण अनेक छूटें व प्रोत्साहन देते हैं। लेकिन बिजनेस स्थापित होने के बाद वे मुनाफे के लिए ग्राहकों व विक्रेताओं, दोनों का शोषण करते हैं। प्लेटफार्म व उपभोक्ता अ-लाभकारी ओएनडीसी के माध्यम से संपर्क में आते हैं। सामान्य ई-कामर्स में विक्रेताओं व सेवा-प्रदाताओं को प्लेटफार्म में पंजीकरण कराना होता है जिससे वे इन पर निर्भर हो जाते हैं।

इस प्रकार ग्राहकों को केवल प्लेटफार्म पर पंजीकृत विक्रेता ही दिखते हैं। ओएनडीसी विभिन्न प्लेटफार्मों से जुड़ने की सुविधा देता है। लेकिन ओएनडीसी उन सभी वेंडरों या सेवा-प्रदाताओं को सथान देता है जिनका पंजीकरण किसी भी प्लेटफार्म पर हुआ हो। इससे ओएनडीसी पर आने वाले ग्राहकों को सभी विक्रेता दिखते हैं। इस प्रकार ओएनडीसी अपारदर्शी नहीं है। यह व्यवस्था जीआईएस के माध्यम से काम करती है, इसलिए ओएनडीसी में स्थिति की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इससे लाखों वेंडरों व करोड़ों ग्राहकों को सुविधा होती है। उदाहरणार्थ, यदि ग्राहक घर पर बैठ कर रेस्टोरेंट से खाने का आर्डर करता है तो ओएनडीसी पर उसके सामने सभी निकटस्थ वेंडर मौजूद होंगे। यदि वह किराने का सामान खरीदना चाहता है तो उसके निकटस्थ वेंडर को लाभ होगा। विभिन्न प्लेटफार्मों पर पंजीकृत होने के बावजूद सभी वेंडर व सेवा-प्रदाता संभावित ग्राहक तलाश सकेंगे। वेंडरों के पंजीकरण वाले ई-कामर्स प्लेटफार्म वेंडर से किए समझौते के आधार पर निर्धारित फीस ले सकेंगे। लेकिन बिजनेस आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों के बीच प्रतियोगिता से कमीशन में स्वतः गिरावट आएगी। यदि कोई प्लेटफार्म ज्यादा कमीशन लेता है तो उसकी वस्तुएं व सेवायें ज्यादा महंगी हो जाएंगी और उसे बिजनेस का नुकसान होगा। ऐसी स्थिति में हर प्लेटफार्म अपने कमीशन कम रखेगा ताकि अधिकतम बिजनेस आकर्षित कर सके। ओएनडीसी का विस्तार होने के साथ सभी प्रकार के ई-कामर्स यही कर सकते हैं। इस प्रकार ओएनडीसी ई-कामर्स कंपनियों को प्लेटफार्मों के एकाधिकार से मुक्त कर स्वस्थ प्रतियोगिता प्रोत्साहित करेगा। इससे कमीशन घटने के कारण ग्राहकों के लिए पारदर्शिता के साथ वस्तुयें व सेवायें सस्ती हो जाएंगी। इस प्रकार ओएनडीसी ई-कामर्स बाजार के नियम बदल सकता है।

हालांकि, ई-कामर्स कंपनियों ने ओएनडीसी व्यवस्था में शामिल होने के प्रति दिलचस्पी दिखाई है तथा कुछ प्लेटफार्मों व भुगतान कंपनियों ने ओएनडीसी में पंजीकरण भी कराया है। लेकिन ओला व उबर जैसी टैक्सी सेवाओं ने अभी पंजीकरण नहीं कराया है, हालांकि कुछ नई कामर्स मोबिलिटी कंपनियों ने ओएनडीसी में दिलचस्पी दिखाई है। हाल ही में शुरू होने के कारण ओएनडीसी में बिजनेस कम है, पर निकट भविष्य में इसमें भारी बढ़ोत्तरी की संभावना है। इससे छोटे ई-कामर्स प्लेटफार्मों को बिना विज्ञापन पर भारी खर्च किए ग्राहकों तक पहुंचने में सहायता मिलेगी।

ओएनडीसी व्यवस्था में सभी पंजीकृत विक्रेताओं को ग्राहक आसानी से देख सकेंगे क्योंकि इसका प्रोटोकाल विभिन्न ग्राहकों में मतभेद नहीं कर सकता है। महत्वपूर्ण बात है कि अब तक सरकार के सभी तकनीक-समर्थित प्रयास सफल हुए हैं। आज यूपीआई के माध्यम से आनलाइन भुगतान मुफ्त हैं। दुनिया में सभी आनलाइन लेनदेन का 40 प्रतिशत भारत में होता है। इसी प्रकार ओएनडीसी ऐसी व्यवस्था बन सकता है जिससे न केवल ग्राहकों व उपभोक्ताओं का शोषण थमेगा, बल्कि देश के जीडीपी तथा रोजगार में भी भारी वृद्धि होगी। इससे स्थानीय बिजनेसों को बहुत सुविधा मिलेगी।

# कब तक सावरकर पर मौन रह सकेंगे राहुल?

" राहुल गांधी सावरकर के मुद्दे पर इंदिरा गांधी के रुख से सहमत क्यों नहीं है। आखिर इसकी वजह क्या है? "

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



**मौ**सम कब अपना रंग बदल दे कुछ कहा नहीं जा सकता। यही बात हमारे राजनेताओं पर भी लागू होती है। सुविधा व स्वार्थ की राजनीति के वशीभूत होकर नेता आए दिन मौसम की अनिश्चितता को भी मात देते हुए अपने रंग बदलते रहते है। विश्वसनीयता के इस संकट को बढ़ाती प्रवृत्ति का ताजा उदाहरण कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं जिन्होंने आलोचना के अपने प्रिय विषय विनायक दामोदर सावरकर यानि वीर सावरकर की भविष्य में आलोचना न करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है।

राहुल गांधी का यू टर्न दरअसल मजबूरी में उठाया गया कदम है जिसकी जड़ में सत्ता हासिल करने की लालसा है। मानहानि के मामले में लोकसभा की सदस्यता गंवाने के बाद राहुल गांधी ने माफी मांगने की बात पर अपने चिर परिचित अंदाज में वीर सावरकर का उपहास उड़ाते हुए कहा था कि वह राहुल गांधी हैं न कि राहुल सावरकर। कांग्रेसी भले ही राहुल के इस कथन पर हर्षित होकर ताली पीटें लेकिन सावरकर पर उनके इस रुख ने महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी को असहज कर दिया जिसमें कांग्रेस व शिवसेना के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी शामिल है।

दअरसल महाराष्ट्र में और खासकर शिवसेना के लिए वीर सावरकर का दर्जा महानायक जैसा है और पहले से ही राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे उद्धव ठाकरे के लिए तो यह आत्मघाती होता कि वह उसी कांग्रेस के साथ गठबंधन में रहें जो लगातार उनके महानायक सावरकर का उपहास उड़ाती हो। उद्धव मुख्यमंत्री रहते राहुल गांधी की सावरकर पर की गई बयानबाजी पर पहले नाराजगी जाहिर कर चुके थे और राहुल गांधी काफी दिन तक इस विषय पर खामोश रहे लेकिन अब फिर से अपने प्रिय विषय पर लौट आए हैं।



शिवसेना ने राहुल गांधी के बयान पर खुलकर नाराजगी जाहिर की और सम्बन्धों में खिंचाव को संकेत देते हुए शिवसेना ने सोमवार 27 मार्च को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा बुलाई गई विपक्षी दलों की बैठक से भी दूरी बना ली। नाजुक हालत को भांपते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार को हस्तक्षेप करना पड़ा। बताते हैं कि उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से साफ कहा कि अगर राहुल गांधी इसी तरह सावरकर पर हमले करते रहे तो महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी का गठबंधन खतरे में पड़ जाएगा।

जाहिर है कि दो चुनावों से लगातार शर्मनाक प्रदर्शन कर रही कांग्रेस की उम्मीदें गठबंधन पर ही टिकी हैं और ऐसे में 48 लोकसभा सीटों वाले देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य में गठबंधन को बचाने के लिए उसने राहुल गांधी को चुप रहने के लिए राजी करना ही बेहतर समझा। बुधवार को संसद भवन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ राहुल गांधी ने शिवसेना नेता संजय राउत से मुलाकात की। समझा जाता है कि इस बैठक में सोनिया गांधी के सामने राहुल गांधी ने शिवसेना को आश्वस्त किया कि वह सावरकर का उपहास उड़ाने अथवा उनकी सार्वजनिक आलोचना से गुरेज करेंगे। राहुल गांधी अगर अपने रुख पर कायम रहते हैं तो यह उद्धव ठाकरे की शिवसेना के लिए निश्चित तौर पर राहत भरी बात होगी क्योंकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना व उसकी सहयोगी भाजपा ने सावरकर के मुद्दे को लेकर उद्धव ठाकरे पर तंज कस कर उसे निरुत्तर कर रखा है। शिंदे ने तो इस मुद्दे पर राज्य में जनजागरण अभियान चलाने की घोषणा कर दी है।

सावरकर को लेकर राहुल गांधी की आलोचना के कतिपय पहलू तो ऐसे हैं जो न केवल राहुल गांधी की राजनीतिक समझ पर सवालिया निशान लगाते हैं वरन रणनीति के स्तर पर भी नुकसानदेह ही माने जा सकते हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि तत्कालीन इंदिरा गांधी ने वीर सावरकर को लिखित तौर पर भारत माता का महान सपूत बताते हुए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की और उन पर डाक टिकट भी जारी कराया। यही नहीं सावरकर के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने के लिए एक वृत चित्र का भी निर्माण इंदिरा गांधी ने कराया। ऐसे में यह सवाल उठना भी लाजिमी है कि बात बात पर अपने पिता या दादी की महानता व योगदान का उल्लेख करने वाले राहुल गांधी सावरकर के मुद्दे पर इंदिरा गांधी के रुख से सहमत क्यों नहीं है। आखिर इसकी वजह क्या है और सावरकर पर इंदिरा गांधी के विचार से उनका पोता कन्नी क्यों काटता है? कांग्रेस में ही एक वर्ग का मानना है कि राहुल गांधी पर जेएनयू की वामपंथी लॉबी का ऐसा दबाव है कि वह उन्हें जो राजनीतिक विमर्श बताता है वह उसी का अंधानुकरण करते रहते हैं। बहरहाल अब यह देखना दिलचस्प होगा कि राहुल गांधी जो समान्यतया अपनी ही धुन में रहते हैं कब तक अपनी राजनीतिक अंडरटेकिंग पर कायम रहते हैं कि वह विनायक दामोदर सावरकर पर खामोश रहेंगे। सावरकर ने अंग्रेजी शासन में वर्षों तक जेल में रहकर जो यातनाएं सहकर महानता के जिस स्तर को प्राप्त किया उसकी तारीफ तो राहुल गांधी के मुंह से कभी होने वाली नहीं। अलबत्ता सत्ता की चाह में वह अपने सिद्धांतों से समझौता करते हुए सावरकर पर मौन साध लें। यह अलग बात है कि इस मौन की आयु क्या होगी इसे सिर्फ राहुल गांधी ही जान सकते हैं।

## फरमाया



**अब** सबकुछ ठीक है। महाराष्ट्र के साथ-साथ देश में विपक्ष एकजुट है।
**- संजय राउत**
शिवसेना नेता



**कई** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है और यह साबित करता है कि लोकतंत्र परिणाम दे सकता है।
**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**सीबीआई** और ईडी के छापों ने सभी भ्रष्ट लोगों को एक पार्टी में ला दिया है और जब भाजपा का शासन समाप्त होगा तो देश भ्रष्टाचार मुक्त हो जाएगा।
**- अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## न्याय तक पहुंच

**उच्चतम** न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय में होने वाली कार्यवाही से संबंधित दस्तावेजों को न केवल अंग्रेजी बल्कि देश की अलग-अलग भाषाओं में अनुवादित करके लोगों के लिए प्रस्तुत किए जाने का प्रस्ताव रखा है। जिससे लोगों को उच्चतम न्यायालय में चल रहे मुद्दों को समझने में न केवल सहूलियत होगी बल्कि भारत के आम नागरिकों में अपने कानूनी अधिकारों और देश में चल रही कानूनी गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। उनके इस विचार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मीडिया को देश में चल रही घटनाओं के बारे में जनता को यथार्थ जानकारी देनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने पद की शपथ लेने के फौरन बाद कहा था कि वे सर्वोच्च न्यायालय को जनता के अधिकार सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनाना चाहते हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में सर्वोच्च न्यायालय की कार्यवाही तथा दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण से आम जनता तथा उन लोगों को सुविधा मिलेगी जो अंग्रेजी भाषा में दक्ष नहीं है। देखना होगा कि उनके ये प्रयास कहां तक जनता की न्याय और न्यायपालिका तक पहुंच सुनिश्चित कर सकेंगे।

**- अवनीश गुप्ता**, आजमगढ़

## प्रेरणादायक श्रीराम

**श्रीराम** विष्णु के अवतार हैं जो मानव मात्र की भलाई के लिए मानवीय रूप में इस धरा पर अवतरित हुए। मानव अस्तित्व की कठिनाइयों तथा कष्टों का उन्होंने स्वयं वरण किया ताकि सामाजिक व नैतिक मूल्यों का संरक्षण किया जा सके तथा दुष्टों को दंड दिया जा सके। उन्होंने हमेशा वेदों और मर्यादा का पालन किया। स्वयं के सुखों से समझौता कर उन्होंने न्याय और सत्य का साथ दिया। गुणों की वजह से वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। सहनशीलता व धैर्य भगवान श्री राम का प्रमुख गुण है। हर जाति व हर वर्ग के लोगों के साथ भगवान राम ने मित्रता की। उनकी बेहतर नेतृत्व क्षमता की वजह से ही लंका जाने के लिए पत्थरों का सेतु बन पाया। जीवन में कई लोग आपको ठगेंगे, कई आपको निराश करेंगे, कई बार आप भी सम्पूर्ण परिस्थितियों पर संदेह करेंगे लेकिन इस पूरे माहौल में जब आप रुक कर पुनः श्रीराम की कथा का ध्यान करेंगे तो समाधान सामने आएंगे। रामनवमी का त्योहार हमें एक बार फिर भगवान राम की कथा से प्रेरणा लेने के साथ ही सज्जनों का साथ देने तथा दुष्टों के विनाश में लगे लोगों का सहयोग करने को प्रेरित करता है।

**-हेमेन्द्र क्षीरसागर**, बालाघाट

## माफिया को सजा

**पिछले** कुछ दिनों से मीडिया और जनता की नज़र राजनैतिक संरक्षण प्राप्त माफिया अतीक पर टिकी हुई थी। देश और समाज इस अपराधी के हश्र की प्रतीक्षा में था। सड़क मार्ग से लाने पर भी मीडिया और जनता नज़र टिकाये रही। अब जब अतीक के आतंक को उमरकैद हुई तो लोगों का विश्वास प्रदेश सरकार पर और मजबूत हुआ। वाकई उत्तर प्रदेश सरकार इसके लिए बधाई की पात्र है साथ ही न्यायालय ने भी अपनी भूमिका जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप निभाई है। हालांकि लोगों का अनुमान कुछ और ही था और वो अनुमान गलत साबित हुआ परन्तु पटाक्षेप सही हुआ। हालांकि उमेश पाल और सुरक्षाकर्मी क़ी हत्या के अपराध में लिप्त लोगों का हश्र अभी देखना बाकी है, पर जनता का प्रदेश सरकार पर भरोसा बरकरार है। अब जरूरत इस बात की है कि जमीनी स्तर पर उभर रहे अपराधियों के खिलाफ भी त्वरित पुलिसिया कार्रवाई और उनको अदालतों से दंड देने की प्रक्रिया तेज हो क्योंकि छोटे अपराधी ही राजनीतिक शह पाकर भविष्य में माफिया बनते हैं और राजनीति का अपराधीकरण करते हैं।

**-मनोज शर्मा**, मेरठ

# देवी मंदिरों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विधि विधान के साथ किया गया विसर्जन

पायनियर संवाददाता ❮ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

## नौ कन्या की भी पूजा कर कराया गया भोजन





नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विधि विधान के साथ विसर्जन किया गया इसके अतिरिक्त विभिन्न घरों में भी स्थापित जोत जवारा एवं मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ किया गया जबकि नवरात्रि पर्व पर उपवास रहने वाले श्रद्धालुओं के द्वारा नौ कन्या की पूजा के बाद कर कर उन्हें भोजन कराया गया।

नवरात्रि पर्व पर महा अष्टमी की पूजा अर्चना एवं पूर्णाहुति के साथ महा आरती किया गया तदुपरांत दूसरे दिन गुरुवार को देवी मंदिरों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन करने की क्रम सुबह से प्रारंभ हो गया सबसे पहले महामाया मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को महिलाओं के द्वारा कतार बद्ध होकर निकाला गया जो बाजार पारा में स्थापित स्थित माता शीतला मंदिर के पास पहुंचे वहां पर शीतला मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को महिलाओं के द्वारा कतार बंद होकर निकाला गया तदुपरांत विभिन्न जस गीत मंदिर मंडली के द्वारा जस गीत एंव आतिशबाजी के साथ बाजार पारा में स्थित माता भद्रकाली मंदिर के पास तालाब में पहुंचे जहां पर बैगाओ के द्वारा मनोकामना कलश विसर्जन के पूर्व पूजा किया गया तदुपरांत एक एक करके ज्योति कलश को विसर्जित किया गया इसी तरह मां गौरव पथ पर स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को मंदिर में ही विसर्जन कर शांत किया गया जबकि नगर में स्थित दुर्गा मंदिर में का मनोकामना ज्योति कलश को भी तलाब में विधि विधान के साथ विसर्जन किया गया।

**नवकन्याओं की पूजा कर भोजन कराया गया**

नवरात्रि पर्व मैं उपवास रहने वाले कई श्रद्धालुओं मनोकामना ज्योति कलश एवं जोत जवारा के विसर्जन के उपरांत नौ कन्या की पूजा कर उन्हें भोजन कराया गया है इसके पहले श्रद्धालुओं ने नौ कन्या की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर सिंगार के समान नगद राशि एवं वस्त्र भेंट किया गया और उसके बाद उन्हें विभिन्न प्रकार के भोजन में मिष्ठान आदि दिया गया।

वहीं माता भद्रकाली में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश के संबंध में संस्था के कोषाध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि मंदिर में ही शांत किया गया और कन्या को भोजन कराया गया इसी तरह जिला मुख्यालय में स्थित सिंघोरी कोबिया पिकरी मोहभट्टा वार्ड के माता शीतला महामाया मंदिरों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन श्रद्धा भक्ति के साथ किया गया।

# कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक लेकर कार्य योजना के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**जिले में 63 पारे, टोले का किया गया चिन्हान्कन, 11 अप्रैल से दिया जाएगा उनके स्थान में ही गरम भोजन एवं रेडी टू ईट**

पायनियर संवाददाता ❮ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिले के सुदूर वनांचल पहुंच विहीन क्षेत्र के पारे, टोले और बसाहट में ही उनके स्थान पर अब हितग्राहियों को गरम भोजन एवं रेडी टू ईट का वितरण किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। 11 अप्रैल से सभी हितग्राहियों को उनके स्थान में ही गरम भोजन एवं रेडी टू ईट मिलना प्रारंभ हो जाएगा। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक लेकर कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर महोबे ने कहा कि जिले को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ''गरम भोजन'' अनिवार्य वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के वनांचल क्षेत्रों में कई ऐसे पारे, टोले, बसाहटें है, जिसमें आंगनबाड़ी, मिनी आंगनबाड़ी खोले जाने के लिए आवश्यक जनसंख्या मापदण्ड पूरा नहीं करते हैं। जिसके कारण वहां आंगनबाड़ी केन्द्र नही खोला जा सकता है। उन स्थानों पर बच्चे, गर्भवती माताएं, शिशुवती माताएं को उनके पारे, टोले, बसाहटें में ही गरम भोजन एवं रेडी टू ईट दिया जाएगा। इसके लिए कार्य योजना बनाकर सभी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित पारेटोले को मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्र से जोड़ते हुए पूरक पोषण आहार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाएगा।

कलेक्टर महोबे ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग को पहुंच विहीन छूटे हुए पारे, टोले का सर्वे कर चिन्हांकन करने के निर्देश दिए थे। परियोजना अधिकारीयों द्वारा 63 पारे टोले का चिन्हान्कन किया गया है। जहां के पारे, टोलों को मुख्य आंगनबाड़ी से संबद्ध कर पोषाहार का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारियां जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के अंतिम छोर में बसे सभी हितग्राहियों को गरम भोजन और रेडी टू ईट मिलना चाहिए। कोई भी माता या बच्चे इससे वंचित नहीं होना चाहिए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री आनंद तिवारी ने बताया कि वर्तमान में शासन द्वारा पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को रेडी टू ईट टेक होम राशन के रूप में प्रदान किया जा रहा है। जिले में सुपोषण अभियान के तहत सतत कार्य किया जा रहा है। सुपोषण अभियान के तहत कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं को आंगनबाड़ी के माध्यम से गरम भोजन प्रदान करने की व्यवस्था की गई।

## बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत 01 अप्रैल से ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल प्रारंभ

**दल्लीराजहरा।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत 01 अप्रैल 2023 से ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल प्रारंभ किया जा रहा है। आवेदकों के द्वारा रोजगार विभाग के पोर्टल बेरोजगारी भत्ता डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदन केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन किये जाने वाले आवेदक की आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष, आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 12वीं उत्तीर्ण हो तथा छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 12वीं अथवा उससे अधिक योग्यता का न्यूनतम दो वर्ष पुराना पंजीयन होना अनिवार्य है। आवेदक द्वारा बेरोजगारी भत्ता हेतु आवश्यक दस्तावेज, पात्रता एवं शर्तो की अधिक जानकारी बेरोजगारीभत्ता डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में प्राप्त की जा सकती है।

# क्षेत्र विकास और जनता की समस्याओं का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता–अकबर

**केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने ग्राम कुसुमघटा में विभिन्न निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन**

पायनियर संवाददाता ❮ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर बोड़ला विकासखंड के ग्राम कुसुमघटा में जन आकांक्षाओं को पूरा करते हुए जन सुविधा के लिए विकास कार्यो की सौगात दी। मंत्री अकबर ने आंगनबाड़ी भवन, मेन रोड से महामाया मंदिर तक टू वॉल, अहिर समाज सामुदायिक भवन, हाई स्कूल सांस्कृतिक मंच और नयापारा सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री अकबर ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

कैबिनेट मंत्री अकबर ने ग्राम कुसुमघटा में विकास कार्यो की भूमिपूजन में कहा कि क्षेत्र का समुचित विकास और जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी मांगों तथा समस्याओं का ठोस समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता में भी शामिल है। जनहित और लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शासन बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण से गांव के छोटे-छोटे बच्चे जिनका माता-पिता के बाद स्कूल ही दूसरा घर है उन्हें यहां अच्छी शिक्षा मिलेगी। आंगनबाड़ी भवन में छोटे-छोटे नन्हे बाल गोपाल अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत कर पाएंगे व आंगनबाड़ी भवन का निश्चित ही ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। गर्भवती महिलाओं को भी काफी लाभ मिलेगा। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना से संचालित सभी सेवाएं आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से मिलेगी।

# एक दिवसीय जैविक कृषि मेला सहप्रदर्शनी में शामिल हुई कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया



पायनियर संवाददाता ❮ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक के ग्राम छिंदगाव में जिला स्तरीय एक दिवसीय कृषि मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया सम्मिलित हुई। सबसे पहले मंत्री का कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा तथा ग्रामीणों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया, तत्पश्चात कृषि विभाग से संबंधित स्टॉल का निरीक्षण किया गया। मंत्री ने सभी किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया एवं छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। जैविक खेती करने वाले किसानों को प्रमाण पत्र एवं कीट तथा मछली पालन करने वाले किसानों को मोंगरी योजना के तहत कीट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य ललिता पिमन साहू, ब्लाक के महामंत्री कैलाश राजपूत, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अतीक कुरैशी, पार्षद पलटन भुआर्य, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष रविकांत देशमुख, शोएब रजा, गुलशन साहू, शाहरुख खान, छोटू कृषान, ग्राम के सरपंच संजय भंडारी सहित कृषि विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण एवम ग्राम वासी और किसान उपस्थित रहे।

# 2 वर्ष पुराने पंजीयन वाले ही बेरोजगारी भत्ते के लिये होंगे पात्र

**नया पंजीयन कराने वालों को बेरोजगारी भत्ते की पात्रता नहीं**

पायनियर संवाददाता ❮ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

2 साल पुराने पंजीयन वालों को ही बेरोजगारी भत्ता मिलेगा ने पंजीयन कराने वालों को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिलेगा प्रशासन द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार

कुछ स्थानों से ऐसी सूचना मिली है कि रोजगार कार्यालयों में पंजीयन कराने के लिये बहुत सारे लोगों की भीड़ लग रही है, जिसके कारण कुछ स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हुयी हैं। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाना अत्यंत आवश्यक है कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिये रोजगार कार्यालय में नया पंजीयन कराने की आवश्यकता नही है क्योंकि बेरोजगारी भत्ते की पात्रता केवल उन्हीं व्यक्तियों को है जिनका पंजीयन कम से कम 2 वर्ष पुराना है, नया पंजीयन कराने वालों को बेरोजगारी भत्ते की पात्रता ही नहीं है, यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि पंजीयन के लिये रोज़गार कार्यालय आने की आवश्यकता नही है। ऑन लाइन पंजीयन पोर्टल पर घर बैठे किया जा सकता है. 3 वर्ष पुराने पंजीयन का नवीनीकरण अंतिम तारीख बीत जाने के बाद भी 2 माह के भीतर कभी भी कराया जा सकता है, इसलिये नवीनीकरण के लिये भी किसी प्रकार की जल्दीबाजी करने की आवश्यकता नही है.

बेरोजगारी भत्ते के लिये आवेदन का ऑन-लाइन पोर्टल 1 अप्रैल से खुलेगा आवेदन करने के लिये रोजगार कार्यालय आने की आवश्यकता नही है. आवेदन किसी भी स्थान से ऑन लाइन पोर्टल पर किया जा सकता है। चॉइस सेंटरों पर भी आवेदन किया जा सकता है. इस पोर्टल का यू. आर. एल. है http://berojgaribhatta.cg.nic.in/PrintEmplCard.aspx

सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन का फार्म भरने के पूर्व वे एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र, कक्षा दसवीं की मार्कशीट या प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि लिखी हो, कक्षा 12 वीं की मार्क शीट या प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज़ फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड तैयार रखें क्योंकि यह दस्तावेज़ आवेदन फार्म में अपलोड करने होंगे।

आवेदन के बाद सभी आवेदकों को दस्तावेजों के नैतिक सत्यापन के लिये पहले से समय देकर बुलाया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 3-5 पंचायतों, तथा नगरीय क्षेत्रों में 3-4 वार्डों के समूह के क्लस्टर बनाये जायेंगे, दस्तावेजों का सत्यापन इन क्लस्टरों में किया जायेगा, जिससे किसी भी आवेदक को दस्तावेज सत्यापन के लिये अपने घर से दूर न जाना पड़े। सत्यापन स्थल पर आवेदकों के बैठने, आदि की अच्छी व्यवस्था होगी। सत्यापन के लिये पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की टीमें भी उपलब्ध रहेगी। आवेदन पत्र में आवेदक के बैंक खाते की जानकारी ली जा रही है, जिसका सत्यापन बैंक मेनेजर से कराने के बाद बेरोज़गारी भत्ते की राशि आवेदक के बैंक खाते में प्रतिमाह सीधे भेजी जायेगी। आवेदक कृपया ध्यान रखकर अपने बैंक खाते की सही जानकारी भरें, जिससे उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिलने में कोई कठिनाई न हो. आवेदक को अपने ही बैंक खाते की जानकारी भरनी है, किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते की नहीं, अन्यथा बैंक मेनेजर सत्यापन के समय बैंक खाते को गलत बतायेगा, और बेरोजगारी भत्ते की राशि उस खाते में अंतरित नही होगी।

बेरोज़गारी भत्ते के आवेदन के लिये कोई अंतिम तिथि नहीं है, इसलिये किसी भी व्यक्ति को हड़बड़ी करने की आवश्यकता नही है, बेरोज़गारी भत्ते के आवेदन का पोर्टल लगातार खुला रहेगा, और आवेदक किसी भी दिन किसी भी समय ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, राज्य सरकार सभी पात्र व्यक्तियों को बेरोजगारी भत्ता देने के लिये कृतसंकल्पित है।

# श्रीराम नवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा के संबंध में समिति पदाधिकारियों की बैठक



पायनियर संवाददाता ❮ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गुरूवार को एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में शुक्रवार 31 मार्च को श्रीराम नवमी के अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित शोभायात्रा के संबंध में समिति पदाधिकारियों के साथ की बैठक।

जिसमें श्रीराम नवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा की रूट, उसमें लगने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रो, साउण्ड/ डीजे एवं अस्त्र-शस्त्र वर्जित होने, स्वयं का वालेटिंयर रखने जिससे यातायात व्यवस्था बना रहे तथा नियमानुसार डीजे बजाने के संबंध में चर्चा कर आपसी भाई चारा के साथ शांति पूर्ण तरीके से मनाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने अपील की गई।

उक्त बैठक में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा उप निरीक्षक राकेश साहू, सर्व हिन्दू समाज जि. अ. शत्रुहन सिंह साहू, राजा पांडेय, विजय सिन्हा, मोन्टी साहू, सुनील खिलयानी एवं अन्य समिति पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**किसान नेता ने क्षेत्र के 150 से अधिक गांव के माता मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश कराए प्रज्वलित**

# उल्लासमय पर्वों के माध्यम से हमारे समाज में सौहार्द और एकता की भावना मजबूत होती है : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ❮ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नवरात्रि के पावन अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने विधानसभा क्षेत्र के सिद्ध शक्ति पीठ का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना किया।

किसान नेता ने क्षेत्र के 150 से अधिक गांव के माता मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए हैं । किसान नेता ने ग्राम संडी स्थित सिद्ध शक्तिपीठ सिद्धि माता, बेमेतरा जिला मुख्यालय स्थित सिद्ध शक्ति पीठ मां भद्रकाली, मोलीमाता, कारो कन्या माता समेत अन्य माता मंदिरों का दर्शन किया । इस दौरान किसान नेता ने कहा कि ग्राम संडी स्थित सिद्ध शक्तिपीठ मां सिद्धि के दर्शन के लिए दीगर प्रदेश से हजारों भक्त पहुंचते हैं। मान्यता के अनुसार माता के दर्शन करने वाले सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है, इसलिए पर्व में लाखों भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं । इस अवसर पर किसान नेता ने कहा कि त्योहार हमें सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के सूत्र में पिरोते हैं।

इन उल्लासमय पर्वों के माध्यम से हमारे समाज में सौहार्द और एकता की भावना मजबूत होती है । त्योहार सभी के जीवन में परस्पर प्रेम और सद्भावना का संचार करें । शक्ति स्वरूपा माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहे यही प्रार्थना है। मां जगदंबा सभी के जीवन में सुख और समृद्धि करे।

**इन गांवों के माता देवालयों में ज्योति कलश कराया प्रज्वलित-** किसान नेता योगेश तिवारी ने लेंजवारा, सरदा,भटगांव, तारालीम, टकसीवा, लोधी ताकम, पतोरा, सुरहोली, खर्रा, कुशमी, बेरला, बहेरा, कोटा, गुधेली, कंडरका, कोहड़िया, खंगारपाठ, ऊफरा, गबदा, पिरदा, भिभौरी, भालेशार, खुडमूडी, देवसरा, कुम्ही, सिलघट, खुडमुड़ा, आनंदगांव, हरदी, बोरसी, अछोली, पहांदा, जमघट, सहगाव, कुशमी बेमेतरा, राका पुराना, कुरूद, जिया, भिलौरी, जेवरी, बहेरघट, नवागांव (बहिंगा), बहिंगा, बीजाभाट, बूढ़ाजौंग, बालौदीकला, परपोड़ा, साल्हेपुर, नारधी, चोंगीखपरी, डंगनिया, बचेड़ी, मोहभट्ठा, मनियारी, कोदवा, बुडेरा, चिखला, सिंघौरी, खिशोरा, हड़गाव, मोहरेंगा, धौराभाठा, खजरी, दारगांव, बिरोदा, मोहलाई, नवागांव, भाठाशोरही, सिवार, तबलघोर, करामल, हतपान के माता मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित कराया है।

# विश्व क्षय दिवस अवसर पर मल्दा (नांदघाट) स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ❮ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ अधिकारी डॉ जी. एल.टंडन के निर्देशानुसार डॉ के. डी.साहू जिला क्षय अधिकारी एवम डॉ एम. एम.रजा खंड चिकित्सा अधिकारी नवागढ़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत विश्व क्षय दिवस 24 मार्च से 13 अप्रैल के 21 दिवसीय आयोजन में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल एवम पूर्व माध्यमिक विद्यालय मल्दा नांदघाट में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें सभी बच्चे ने बढ़ चढ़कर भाग लिया स्वास्थ विभाग के तरफ से पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए सामग्री प्रदाय किया गया इस प्रतियोगिता में कक्षा 10वी की रानू साहू को प्रथम पुरूस्कार प्रदाय किया गया इसी प्रकार द्वितीय तृतीय पुरूस्कार भी सील्ड देकर सम्मानित किया गया अन्य सभी प्रतिभागी बच्चो को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया अंतिम में सभी बच्चो एवम स्कूल स्टाफको टीबी के लक्षण उपचार बचाव शासन के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया भारत सरकार छत्तीसगढ़ 2025 तक टीबी उन्मूलन हेतु शपथ दिलाया गया।

# राजस्व प्रशासन ने मूंदी अपनी आंखे, अवैध प्लाटिंग करने वाले लोग हो रहे मालामाल

## कुदरी चांपा में धड़ल्ले से हो रहा अवैध प्लाटिंग का खेल

पायनियर संवाददाता ∢ चांपा
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन अवैध प्लाटिंग करने वालों के प्रति उदासीन है। यही वजह जिले भर में बेखौफ प्लाटिंग की जा रही है। यहां प्रशासन नाम की कोई चीज ही नहीं है। इसका फायदा उठाते हुए नजूल, सरकारी और घास भूमि पर कब्जा करते हुए प्लाटिंग करने गुरेज नहीं कर रहे हैं। हद तो तब हो जाती है जब अवैध प्लाटिंग के लिए निजी जमीन से रास्ता निकाल दिया जाता है।चांपा कुदरी ग्राम में लंबे समय से अवैध प्लाटिंग का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन या फिर जिला प्रशासन ने रुचि नहीं ली, जिसका जमीन दलालों ने जमकर फायदा उठाया। कुदरी चांपा में बड़े पैमाने में अवैध प्लाटिंग हो रही है जिससे इसमें जुड़े लोग मालामाल हो रहे है। हालांकि छत्तीसगढ़ सरकार ने टूकड़ों में जमीन बिक्री को मंजूरी दे दी है, लेकिन प्लाटिंग करने के लिए सरकार ने कई मापदंड बनाए हैं, जिसकी धज्जियां उड़ाते हुए जमीन दलाल सिर्फ अपना ही फायदा देख रहे हैं। अहम बात यह है कि अवैध प्लाटिंग से संबंधित खबरें लगातार मीडिया में भी आती रही है लेकिन जिला या फिर स्थानीय प्रशाासन ने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। इससे प्रशासन की भी मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि जमीन दलाल इस कारोबार में इतने अंधे हो गए है कि वो अपना फायदा देखते हुए निजी व सरकारी जमीन को भी रास्ता बता दे रहे हैं। इस वजह से गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। अब ये सब नहीं चलेगा। जब तक जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं लेता और सभी जगह टीम बनाकर अवैध प्लाटिंग की जांच नहीं कराता, मीडिया का यह अभियान चलता रहेगा।

### कायदे कानून ताक पर

लोगों का तो यहां तक कहना है कि जमीन दलाल जमीन मालिक से पहले औने-पौने भाव में जमीन खरीदता है, फिर उसे सिर्फ एडवांस देकर एकमुश्त बड़ी मात्रा में जमीन की रजिस्ट्री करा लेता हैं। इसके बाद उस जमीन को टूकड़े में बेचकर अपना मुनाफा कमाकर निकल जाता है, जबकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्लाटिंग करने के लिए अलग-अलग नियम है। लेकिन कायदा-कानून इन जमीन दलालों के आगे ताक पर है।

### इस तरह का नियम

जानकारों का कहना है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में प्लाटिंग करने के लिए नगरपालिका, एसडीएम कार्यालय और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग व रेरा से आवश्यक प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए। इसके अलावा जिस क्षेत्र में प्लाटिंग हो रही है वहां के पंचायत व नगरीय निकाय को कुल भूमि का 15 प्रतिशत जमीन या फिर राशि जनहित के लिए जमा कराना चाहिए, लेकिन यहां तो जमीन दलाल को जनहित से क्या सरोकार। वो तो सिर्फखुद का हित देख रहे हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष महंत पहुंचे क्षेत्र में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत शक्ति विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सकरेली बाराद्वार में महिला एवं बाल विकास विभाग विकासखंड शक्ति द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए, इस अवसर पर जहां शक्ति जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना भी मौजूद रही तो वही सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 20 जोड़ों का विधि विधान पूर्वक विवाह संपन्न कराया गया इस कार्यक्रम में शक्ति की मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष रीना गेवाडीन के नेतृत्व में सदस्यों ने पहुंचकर जहां नव युगल जोड़ों को उपहार सामग्री प्रदान की साथ ही उन्हें कन्यादान भी किया तथा इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष महंत ने भी सामाजिक संस्थाओं की मंच के माध्यम से जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि शक्ति क्षेत्र की सामाजिक संस्थाएं सभी क्षेत्रों में सक्रियता के साथ आगे हैं,तथा चाहे शासन की योजनाएं हो या की सेवा का काम हो सकती कि महिला समितियां सदैव अग्रणी होकर अपना योगदान दे रही हैं, जिसके लिए मैं उनका साधुवाद ज्ञापित करता हूं, इस अवसर पर मंच के माध्यम से शक्ति कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना सहित उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया साथ ही सभी जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत उपहार सामग्री प्रदान की गई तथा मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा के सदस्यो ने भी इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ भागीदारी की तथा कार्यक्रम का आयोजन सकरेली बाराद्वार के शासकीय हाईस्कूल परिसर में किया गया था, कार्यक्रम के दौरान मंच पर शक्ति कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए बेहतर कार्यों की प्रशंसा की तथा मंच के माध्यम से केक भी काटा गया, कार्यक्रम के पस के दौरान मारवाड़ी में मंच महिला जागृति शाखा शक्ति की अध्यक्ष रीना गेवाड़ीन,सचिव रितु अग्रवाल, उषा आनंद अग्रवाल, प्रेमलता प्रकाश चंद्र अग्रवाल मौजूद थे, तथा कार्यक्रम के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने शक्ति विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेल्हाडीह अपने ननिहाल गांव में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में सहभागीता की।

# डॉ शालू पाहवा जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के सम्मान समारोह में उत्कृष्ट रचनात्मक कार्यों के लिए हुई सम्मानित

- डॉ शालू पाहवा ने अपने पूर्वजों की स्मृति में शहर के मुक्ति धाम में लगवाया था वाटर कूलर, साथ ही सेवा कार्योमें रहती है अग्रणी

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



कहते हैं कि वर्तमान समय में समाज के बदलते नजरिए ने जब मरघट का नाम बदलकर मुक्तिधाम करते हुए उसके सौन्दर्यीकरण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करनी प्रारंभ कर दी है, तो वही आज समाज के मुख्य घटक के रूप में देश की आबादी में से लगभग आधी आबादी नारी शक्ति के रूप में जानी जाती है, तथा इस नारी शक्ति ने पुरानी कुरूतियो की दहलीज को लांघकर मुक्तिधाम को भी सर्व सुविधा युक्त एवं आधुनिक बनाने के संकल्प लेकर आगे बढ़ी है,तथा इसी श्रृंखला में शक्ति के जेएलएनडी कॉलेज की प्राचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाली डॉ शालू पाहवा ने भी अपने पूर्वजों की स्मृति में शहर के विभिन्न स्वयंसेवी, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर शहर के सार्वजनिक मुक्तिधाम में एक ठंडे पानी के वाटर कूलर की स्थापना करते हुए पेयजल आपूर्ति की दिशा में अनुकरणीय पहल की, साथ ही डॉक्टर शालू पाहवा ने कोविड-19 संक्रमण काल में जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा से आर्थिक सहायता प्रदान की तो वही डॉ शालू पाहवा ने समय-समय पर कोरोना काल की बात करें या की शासन के भी विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी पूरी टीम के साथ योगदान देने में कभी पीछे नहीं हटती, सकती शहर में विगत वर्षों में उनके सकारात्मक प्रयासों से शहर में बाराद्वार रोड में वृहद गायत्री शक्तिपीठ द्वारा 108 कुंडीय महायज्ञ भी संपन्न हुआ था, साथ ही धर्म के कामों में वे कभी पीछे नहीं हटती एवं योग के क्षेत्र में भी पतंजलि योग विद्यापीठ के माध्यम से पूर्व में भी वे योग प्रशिक्षण भी निशुल्क देती रही है,डॉ शालू पाहवा कि इसी कर्मठता एवं योगदान को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के सबसे बड़े पत्रकार संगठन छत्तीसगढ़ जनरलिस्ट वेलफेयर यूनियन ने हटरी धर्मशाला में आयोजित जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के दौरान शक्ति क्षेत्र की ऐसी गौरव के रूप में कार्य करने वाली डॉ शालू पाहवा को विशेष सम्मान से नवाजा।

# चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने टेका अष्टभुजी के दरबार में मत्था

## नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग, विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष भी रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के ऊर्जावान विधायक रामकुमार यादव ने रामनवमी के पुनीत पर्व पर अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत अड़भार में स्थापित प्रसिद्ध मां अष्टभुजी देवी के दरबार में जाकर मत्था टेका, इस अवसर पर विधायक यादव ने जहां मां अष्टभुजी से पूरे चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र सहित शक्ति जिले एवं प्रदेश की सुख, शांति समृद्धि की कामना की वहीं उन्होंने मनोकामना ज्योति कलश के भी दर्शन लाभ लिए, इस अवसर पर नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग ल,विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग सहित काफी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेस नेता जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे,विधायक रामकुमार यादव ने इस अवसर पर कहा कि चैत्र नवरात्रि का यह पावन पर्व हम सभी के लिए गौरवशाली है।

तथा आज रामनवमी के पर्व पर मैं आप सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देता हूं तथा भगवान श्री रामचंद्र के आदर्शों को हम अपने जीवन में आत्मसात करते हुए आगे बढ़े एवं क्षेत्र के विकास के लिए दृढ संकल्पित होकर कार्य करें इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग एवम विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने भी समस्त शहरवासियों को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें बधाई भी दी तथा चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों से भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की, साथ ही उन्होंने अड़भार शहर को भी विकास के मामले में तेजी से अग्रसर होने की बात कही।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिया निवेशकों का पैसा लौटाने का आदेश

- सहारा से दुखी एक करोड़ लोगों को सुप्रीम कोर्ट सहारा, जल्द मिलेगा आपका पैसा

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com




सहारा-सेबी विवाद के 24000 करोड़ के फंड पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की याचिका को मंजूर कर लिया है, दरअसल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी. इस याचिका में सरकार ने कहा था कि सहारा-सेबी के 24000 करोड़ के कुल फंड में से 5000 करोड़ का आवंटन तुरंत किया जाए ताकि सरकार निवेशकों को उनका पैसा लौटा सकें,अब सरकार की याचिका मंजूर होने के बाद करीब 1.1 करोड़ निवेशकों को उनका पैसा मिलने का रास्ता साफ हो गया. वहीं सहारा के लिए मुसीबतें खड़ी हो गई है,सहारा के एक करोड़ निवेशकों को बड़ी राहत देते हुए आदेश दिया है कि निवेशकों की ओर से जमा किये गये 24000 हजार करोड़ रुपये में से 5000 करोड़ रुपये तुरंत वापस किए जाएं. इन 5000 करोड़ रुपए को करीब 1.1 करोड़ निवेशकों को दिया जाएगा. इससे पहले कल बाजार नियामक सेबी ने सहारा समूह की रियल एस्टेट कंपनी से 6.57 करोड़ रुपए की वसूली कर ली थी. दरअसल ये बकाया सहारा ग्रुप के मुखिया सुब्रत राय और अन्य बकायेदारों से वसूल किया गया है।

# झूठी वाहवाही लेने पर भाजपा नेता भल्ला की रायगढ़ विधायक को सलाह

- भाजपा शासनकाल में स्वीकृत कार्यो का श्रेय लेने से बाज आये कांग्रेस नेता

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



रायगढ़ शहर में इन दिनों विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही नेताओं में बयानबाजी जमकर चल रही है, तथा वर्तमान सत्तारूढ़ दल कांग्रेस के नेता जहां पूर्ववर्ती भाजपा की सरकार में स्वीकृत बड़े निर्माण कार्यों को अपनी सरकार की देन बता रहे हैं, तो वहीं भाजपा नेता भी कांग्रेसियों की इन झूठी वाहवाही को पचा नहीं पा रहे हैं, तथा इस चक्कर में जमकर बयानबाजी चल रही है, भाजपा नेता गुरुपाल भल्ला ने विधायक प्रकाश नायक की पोल खोलते हुए उन्हें भाजपा शासनकाल में स्वीकृत कार्य का श्रेय लेने से बाज आने की सलाह तक दे डाली,भाजपा शक्ति जिले के प्रभारी एवं जिला भाजपा रायगढ़ के पूर्व महामंत्री गुरपाल सिंह भल्ला ने कहा है कि कोतरा रोड ओवर ब्रिज को लेकर प्रकाश नायक द्वारा किए जा रहे दावे की कलई खुद राज्य शासन के पी डब्लू डी विभाग ने ही खोल दी है। लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण संभाग रायगढ़ ने कोतरा रोड ओवर ब्रिज पर जो बोर्ड लगाया है उसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख है उक्त ओवर ब्रिज को जब प्रशासकीय स्वीकृति मिली जब प्रकाश नायक विधायक थे ही नहीं,गुरुपाल भल्ला ने कोतरा रोड ओवरब्रिज लग रहे सरकारी बोर्ड की तस्वीरें मीडिया को उपलब्ध कराते हुए बताया कि कोतरा रोड रेलवे ओवर ब्रिज के लिए 80202 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति 28 मार्च 2018 को ही मिल गई थी, जबकि प्रकाश नायक 11 दिसंबर 2018 में विधायक बने। गुरुपाल भल्ला ने सवाल किया है कि विधायक बनने के 9 महीने पहले ही प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कर चुके कोतरारोड ओवरब्रिज का श्रेय प्रकाश नायक आखिर किस हक से ले रहे है।

## जिला पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में मुस्तैदी से काम कर रही पुलिस

# 2 घंटे में ही गिरफ्तार किया हत्या के आरोपी को

- टांगी से प्राणघातक हमला कर हत्या करने वाले आरोपी को 2 घंटे में ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति पुलिस ने हत्या के आरोपी को सजगता दिखाते हुए 2 घंटे में ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, टांगी से प्राणघातक हमला कर हत्या करने वाले एक आरोपी के खिलाफ अप लगाई गई है,आरोपी का नाम- 1. लखन यादव पिता खोलबहरा यादव उम्र 36 साल निवासी नवापारा कला थाना सक्ती है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि डायल 112 के द्वारा सूचना दिया गया कि ग्राम नवापारा कला में रामसिंह कवंर का किसी के द्वारा हत्या कर दिया गया है कि सूचना तस्दीक हेतु हमराह उनि बीरबल राजवाडे हमराह स्टाफ के रवाना किया गया ग्राम नवापारा कोटवार के घर के पास पंहुचकर मृतिक रामसिंह कंवर के परिजनों एवं गवाहों से पूछताछ करने बताया गया की पडोस के निर्मल यादव तथा लखन यादव के द्वारा पूर्व रंजिश को लेकर निर्मल यादव के द्वारा अपने पास रखें टांगी से रामसिंह कवंर के सिर एवं गला के पास प्राणघातक हमला कर हत्या कर दिया है पर से देहाती मर्ग व अपराध कायम किया गया बाद थाना आकर नंबरी मर्ग व अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया,प्रकरण में पुलिस अधीक्षक सक्ती एम. आर. अहिरे द्वारा आरोपीयों को तत्काल गिर0 करने के निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ती मो. तस्लीम अरीफ के मार्गदर्शन में तत्काल पुलिस टीम भेजकर आरोपी लखन यादव पिता खोलबहरा यादव उम्र निवासी नवापारा कला थाना सक्ती को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकर किया आरोपी को गिर0 कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण का एक अन्य आरोपी फरार हैं जिसकी पतासजी की जा रही है,संपुर्ण कार्यवाही में, निरीक्षक प्रवीण राजपूत थाना प्रभारी सक्ती, उप निरी बीरबल राजवाडे, आर. 129 सेतराम पटेल एवं थाना स्टाफका विशेष योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा दो दिवसीय प्रशिक्षण, आपदा- विपदा के लिए सदैव तैयार रहे शिक्षक एवं छात्रः आरएस शर्मा

- शक्ति विकासखंड के सभी शाला प्रमुख रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माँ के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर आरती तिलक करते हुये बीआरसी राधेश्याम शर्मा, शैल पाण्डे, प्रधान पाठक नरेंद्र वैष्णव प्रधान पाठक मास्टर ट्रेनर द्वय सुरेश श्रीवास एवं कमलादपि गवेल के द्वारा प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया,सक्ति ब्लॉक के सभी शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य (हायर/हाई), प्रधान पाठक मा शाला, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, वरिष्ठ शिक्षको को समग्र शिक्षा जिला समयंवक, विकास खंड शिक्षा अधिकारी के पी राठौर एवं, बी आर सी राधेश्याम शर्मा के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर सुरेश श्रीवास श्रीमती कमलादपि गवेल द्वारा दो चरण में चार दिवस तक प्रशिक्षण प्रदान किया,जिसमे शालाओं में होने वाले छोटे बड़े आपदा -विपदा प्राकृतिक आपदा पर त्वरित कैसे प्रयास करे ताकि बच्चो को सुरक्षित रखा जा सके शिक्षको को पूर्व तैयार रहने को प्रेरित किया गया समयानुसार आपदा से कैसे बचें सभी स्कूलो में एक आपदा प्रबंधन समिति गठित कर प्रत्येक शनिवार को सुरक्षित शनिवार के रूप में सुरक्षा सम्बन्धी गतिविधि नियमित करवाने को कहा गया। ताकि बच्चो में विभिन्न प्रकार के आपदाओ के सामना करने की एवं उनका उपचार से परिचित रहे,मास्टर ट्रेनरों ने क्रमबद्धता से सभी प्रकारों की आपदा एवं विपदाओं से कैसे सुरक्षित रहा जा सके बारीकी से बताया गया। स्कूलों में बच्चो को घायल हो जाने पर कैसे आसपास की सामग्री से स्ट्रेक्चर बना कर घायल को व्यवस्थित वेन तक पहुचाया जाए ग्रुप बना कर डेमो द्वारा बताया गया,जीव जंतु से होने वाले विपदाओं से कैसे त्वरित प्राथमिक उपचार एवं हॉस्पिटल ले जाने को बताया गया। बी आर सी सी राधेश्याम शर्मा द्वारा प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दौरान प्रेरित करते रहे सभी प्रशिक्षार्थी गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किये, विशेषज्ञों द्वारा मार्ग दर्शन नगरपालिका सक्ति द्वारा अग्निशमन कैसे कैसे में चार प्रकार के अग्निशमन के बारे में शिक्षको को बारीकी से बताए कब- कब कौन से आग में कौन सा अग्निशमन का उपयोग करना चाहिये।

# महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मोहन कुमारी साहू भी शामिल हुई विभिन्न कार्यक्रमों में

## प्रदेश साहू समाज संघ के पदाधिकारियों का शक्ति जिले का दौरा

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू, छत्तीसगढ़ शासन तेलगानी बोर्ड के चेयरमैन संदीप साहू एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मोहन मोहन कुमारी साहू मीनू ने शक्ति जिले के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया, इस दौरान 28 मार्च को शासकीय विश्राम गृह हसौद में साहू समाज के स्थानीय अध्यक्ष गौरीशंकर साहू एवं ग्राम पंचायत के सरपंच मनबोध के द्वारा साहू समाज के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए हसौद स्थित मां महामाया देवी मंदिर के दर्शन भी किए गए तथा इस दौरान विभिन्न स्थानों से आए समाज बंधुओं से भी विभिन्न विषयों पर लंबी चर्चा हुई, साथ ही चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र अड़भार में मालखरौदा तहसील साहू संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर द्वारा भी आगंतुक समाज बंधुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया एवं अड़भार स्थित मां अष्टभुजी के भी दर्शन करते हुए पूजा- अर्चना की गई एवं पूरे प्रदेश की समृद्धि की कामना की गई इस दौरान छाल नवापारा खरसिया के कृष्ण दामोदर गौशाला संचालन समिति के गीताराम साहू के यहां दोपहर भोजन में पदाधिकारी पहुंचे जहां उनका स्वागत सत्कार किया गया तथा इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मोहन कुमारी साहू ने बताया कि साहू समाज के प्रदेश पदाधिकारियों का शक्ति जिले का विभिन्न स्थानों पर दौरा कार्यक्रम हुआ है। तथा नवगठित जिले में समाज के संगठन को मजबूत करने एवं समाज के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में यह प्रवास कार्यक्रम बना था तथा आगे आने वाले समय में इस जिले में साहू समाज का संगठन और अधिक मजबूती के साथ कार्य करेगा।

## प्रोजेक्टर से आम आदमी पार्टी सदस्यता अभियान की कार्यकर्ताओं को जानकारी दी

# आम आदमी पार्टी का जिला कार्यालय का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जानकारी देते हुए यह बताया , कि जिला शक्ति में आम आदमी पार्टी के लिए बैठने की व्यवस्था नहीं थी। उसी को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला शक्ति में जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शक्ति विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे जहां पर जांजगीर लोकसभा आम आदमी पार्टी अध्यक्ष बिंदेश सिंह राठौर जिला कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण भी किए। वहां पर आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष जीवन लाल साहू,आम आदमी पार्टी जिला सचिव टिकेश्वर चंद्रा, प्रेम शंकर गभेल,अशोक जांगड़े, बूधारू जांगड़े, अमर सिंह बरेट, मनोज यादव, योगेंद्र सोनी,प्रेम बरेट, टांकेश्वर जयसवाल, बुधराम, धनेश्वर रात्रे, अमर सिंह बरेट, दूज राम पटेल, गौरहा,शेरू खान के साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में उमंग और जोश जिला कार्यालय खुलने पर देखा गया। इससे अब आम आदमी पार्टी का जिला कार्यालय शक्ति में होने से आम आदमी पार्टी का ऊर्जा दिखाई दे रही है और सभी ने इस कार्यालय खुलने से हार्दिक बधाई आपस में आवंटन किये। जिला कार्यालय में प्रथम दिन प्रोजेक्टर के माध्यम से सदस्यता अभियान की जानकारी सभी कार्यकर्ताओं को दिए तथा आप की ऐप के बारे में भी जानकारी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिया गया । जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में आज प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की जानकारी दी जाएगी। इस तरह से प्रथम दिन शक्ति दूसरा दिन चंद्रपुर एवं तीसरे दिन जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान कि जानकारी हो सकेगी। इस तरह से सक्ती में विधानसभा चुनाव का शंखनाद जिला कार्यालय शक्ति से होना बताया जा रहा है।

# दो वर्ष पुराने पंजीयन वाले बेरोजगारी भत्ते के लिए पात्र : कलेक्टर

## आवेदन के लिए कोई अंतिम तिथि नहीं, इत्मीनान से भरें आवेदन

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला रोजगार कार्यालय में दो वर्ष पहले पंजीयन कराने वाले युवाओं को ही बेरोजगारी भत्ते की पात्रता होगी। उन्हें नया पंजीयन कराने अथवा पूर्व में पंजीकृत कार्ड के नवीनीकरण कराने की फिलहाल जरूरत नहीं है। कलेक्टर सौरभकुमार ने बेरोजगारी भत्ते की घोषणा के बाद जिला रोजगार कार्यालयों में अचानक बढ़ी भीड़ के मद्देनजर इस आशय की जानकारी दी है। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप 1 अप्रैल से भत्ता के लिए आवेदन पोर्टल खोले जाने एवं जिले में इसकी तैयारी के लिए वीसी के जरिए बैठक लेकर अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये।

कलेक्टर सौरभकुमार ने कहा कि युवाओं को रोजगा र कार्यालय में पंजीयन के लिये रोज़गार कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है. ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर घर बैठे किया जा सकता है. 3 वर्ष पुराने पंजीयन का नवीनीकरण अंतिम तारीख बीत जाने के बाद भी 2 माह के भीतर कभी भी कराया जा सकता है, इसलिये नवीनीकरण के लिये भी किसी प्रकार की जल्दीबाज़ी करने की आवश्यकता नहीं है. बेरोजगारी भत्ते के लिये आवेदन का ऑन-लाइन पोर्टल 1 अप्रेल से खुलेगा। आवेदन करने के लिये रोज़गार कार्यालय आने की आवश्यकता नही है. आवेदन किसी भी स्थान से ऑन लाइन पोर्टल पर किया जा सकता है. चॉइस सेंटरों पर भी आवेदन किया जा सकता है. इस पोर्टल का यू.आर.एल. है httpÑ//berojgaribhatta.cg.nic.in/PrintEmplCard.asp& सभी



आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन का फार्म भरने के पूर्व वे एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र, कक्षा दसवीं की मार्कशीट या प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि लिखी हो, कक्षा 12 वीं की मार्क शीट या प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं रोज़गार पंजीयन कार्ड तैयार रखें क्योंकि यह दस्तावेज़ आवेदन फार्म में अपलोड करने होंगे। कलेक्टर ने बताया कि आवेदन के बाद सभी आवेदकों को दस्तावेज़ों के भौतिक सत्यापन के लिये पहले से समय देकर बुलाया जायेगा. ग्रामीण क्षेत्रों में 3-5 पंचायतों, तथा नगरीय क्षेत्रों में 3-4 वार्डों के समूह के क्लस्टर बनाये जायेंगे दस्तावेज़ों का सत्यापन इन क्लस्टरों में किया जायेगा, जिससे किसी भी आवेदक को दस्तावेज़ सत्यापन के लिये अपने घर से दूर न जाना पड़े. सत्यापन स्थल पर आवेदकों के बैठने, आदि की अच्छी व्यवस्था होगी. सत्यापन के लिये पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की टीमें भी उपलब्ध रहेगी. आवेदन पत्र में आवेदक के बैंक खाते की जानकारी ली जा रही है, जिसका सत्यापन बैंक मेनेजर से कराने के बाद बेरोज़गारी भत्ते की राशि आवेदक के बैंक खाते में प्रतिमाह सीधे भेजी जायेगी। आवेदक कृपया ध्यान रखकर अपने बैंक खाते की सही जानकारी भरें, जिससे उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिलने में कोई कठिनाई न हो। आवेदक को अपने ही बैक खाते की जानकारी भरनी है, किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते की नहीं, अन्यथा बैंक मेनेजर सत्यापन के समय बैंक खाते को गलत बतायेगा और बेरोज़गारी भत्ते की राशि उस खाते में अंतरित नही होगी। बेरोजगारी भत्ते के आवेदन के लिये कोई अंतिम तिथि नहीं है, इसलिये किसी भी व्यक्ति को हड़बड़ी करने की आवश्यकता नही है. बेरोज़गारी भत्ते के आवेदन का पोर्टल लगातार खुला रहेगा, और आवेदक किसी भी दिन किसी भी समय ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य सरकार सभी पात्र व्यक्तियों को बेरोज़गारी भत्ता देने के लिये कृतसंकल्पित है।

# चैत्र नवरात्र की महाष्टमी पर महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर में हवन पूर्णाहुति संम्पन्न

- मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के परिवार ने की महामाया माता की पूजा अर्चना

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



बुधवार को महाष्टमी पर मां महामाया मंदिर एवं माता शीतला मंदिर में हवन पूजन सम्पन्न हुआ। हवन का कार्यक्रम संध्या 5 बजे प्रारम्भ हुआ। नवरात्रि में अष्टमी का विशेष महत्व होता है, नौ दिन उपवास रहने वाले व्रती विशेष रूप से अष्टमी के हवन में सम्मिलित होते हैं। ऐसा मानना है कि तभी व्रतियों के नवरात्र के व्रत पूर्ण होते हैं। मुख्य मंत्री भूपेश बघेल की धर्मपत्नी, पुत्री, सुपुत्र, पोते एवं बहू ने भी सप्तमी, अष्टमी में मन्दिर आकर महामाया माता की पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। महाष्टमी में ऊषा काल से ही मंदिर में माता के दर्शन पूजन हेतु भक्तों का तांता लगा हुआ था। अन्य दिनों की अपेक्षा मंदिर में आज तीन गुना अधिक भीड़ दिखाई दी। सायं पांच बजे रायपुर से पधारे डॉ. आचार्य यशवंत शर्मा द्वारा हवन कर्म सम्पन्न कराया गया। सायं 7 बजे पूर्णाहुति दी गई। हवन में स्थानीय लोगों के अतिरिक्त आसपास के ग्रामों से ग्रामीणजन भी भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में महामाया मंदिर में 1946 ज्योत जलाए गए थे जिनमे विदेशों से भी लोगों ने अपने व परिवार की मंगल कामना के लिए माता के दरबार में आस्था के ज्योत प्रज्ज्वलित कराए। ज्ञातव्य हो कि गत वर्ष लगभग 1806 ज्योति कलश स्थापित कर प्रज्ज्वलित किया गया था। सम्पूर्ण कुम्हारी नगर भक्तिमय भावपूर्ण वातावरण में डूबे दृष्टि गोचर हुए। महाष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भोग वितरण भी किया गया। व्यक्तिगत एवं कई संस्थाओं ने भी मंदिर परिसर में भोग वितरित किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाष्टमी के इस पावन अवसर पर माता के दर्शन हेतु अन्य दिनों की अपेक्षा श्रद्धालु भक्त जनों की कहीं अधिक भीड़ थी।

# श्रीराम नवमी एवं ज्वारा विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए सुशील सन्नी अग्रवाल



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सदर बाजार, कंकालीपारा में छत्तीसगढ़ यादव समाज (युवा प्रकोष्ठ) के द्वारा भगवान श्रीराम नवमी एवं ज्वारा विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशील सन्नी अग्रवाल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल थे। अग्रवाल का यादव समाज के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। अग्रवाल ने भगवान श्रीराम एवं ज्वारा माता की पूजा अर्चना कर समस्त प्रदेश वासियों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दिये, एवं समस्त श्रद्धालुगणों को फल वितरित किये एवं समस्त पंडालों में जाकर सभी रामभक्तों एवं माताओं के ऊपर फूलवर्षा कर उनका स्वागत किये।

इस अवसर पर यादव समाज के अतुल यादव, गंगा यादव, लक्कू राजपूत, कमलेश नथवानी, सागर वाकड़े सहित वृहद संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## एक्सिस बैंक ने मोबाइल टेक्नोलॉजी आधारित भारत का पहला जेब आकार का स्वाइप मशीन लॉन्च किया

**रायपुर।** भारत के तीसरे सबसे बड़े निजी बैंक, एक्सिस बैंक ने तकनीकी समाधान साथी, रेजरपे के ईजीटैप और माईपिनपैड के साथ मिलकर भारतीय बाजार में डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के लिए विशिष्ट पिन ऑन मोबाइल समाधान जारी किया है। 'माइक्रोपे' एक 0अनूठा 'पिन मोबाइल' समाधान है जो मर्चेंट के स्मार्टफोन को पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) टर्मिनल में परिवर्तित करता है, जिससे डिजिटल भुगतान आसान हो जाता है और यह एक संबंध ग्राहक अनुभव प्रदान करता है। यह भारत भर के कामकाज, विशेष रूप से दृष्टिकोण-2 और दृष्टिकोण-3 शहरों में खुद और किराना दुकानों के लिए एक वास्तविक गेम-चेंजर होगा, जो सीमित कार्यशील पूंजी पर काम करते हैं और उचित प्रभावी भुगतान समाधान पसंद करेंगे।

# इंडियनऑयल ने मारुति सुज़ुकी रिवाड्र्स सदस्यों के लिए लाभ और सेवाएं शुरू कीं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मारुति सुजुकी रिवाड्र्स प्रोग्राम के माध्यम से मारुति सुजुकी रिवाड्र्स सदस्यों को अतिरिक्त लाभ और सुविधा प्रदान करने के लिए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। अपडेटेड मारुति सुजुकी रिवाड्र्स ऐप में अब इंडियनऑयल के ग्राहकों के लिए एक समर्पित सेक्शन शामिल है, जहां वे अपने इंडियनऑयल एक्स्ट्रारिवाड्र्स पॉइंट देख सकते हैं और अपने पसंदीदा इंडियनऑयल ईंधन स्टेशन का पता लगाने और नेविगेट करने, वॉशरूम और सुविधा स्टोर तक पहुंचने और हवा भरने



जैसी सुविधाओं तक पहुंच सकते हैं। यह प्रोग्राम ग्राहक ऑनबोर्डिंग बोनस के रूप में 100 एक्स्ट्रा रिवाड्र्स पॉइंट्स के साथ-साथ इंडियनऑयल ईंधन स्टेशन पर प्रत्येक ईंधन लेनदेन पर खर्च किए गए प्रति ढ्ढह्र 100 पर 2 एक्स्ट्रा रिवाड्र्स पॉइंट्स की पेशकश करके ग्राहक को ईंधन भरने के व्यवहार को प्रोत्साहित करता है।

इंडियन ऑयल एक तिमाही में 25,000 रुपये खर्च करने वाले सदस्यों को माइलस्टोन-आधारित अतिरिक्त लाभों के हिस्से के रूप में 350 एक्स्ट्रा रिवाड्र्स अंक भी प्रदान करेगा।

इंडियनऑयल के कार्यकारी निदेशक (रिटेल ट्रांसफ र्मेशन) सौमित्र श्रीवास्तव ने सहयोग को आगे बढ़ाने पर बात करते हुए कहा, ÷मारुति सुजुकी के साथ यह गठबंधन दोनों भागीदारों के लॉयल्टी कार्यक्रमों का लाभ उठाने की दिशा में एक और बड़ा कदम है, ताकि ग्राहकों को सहज और उन्नत अनुभव प्रदान किया जा सके। हमारा मानना है कि यह साझेदारी इंडियनऑयल को कार चालकों के उपभोक्ता व्यवहार के बारे में गहन जानकारी देने में मदद करेगी और इस प्रकार हमें बेहतर अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाएगी, क्योंकि हम इस सेगमेंट में अपने जुड़ाव को लगातार समृद्ध करने का प्रयास करते हैं।

## अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान कूल ऑफर्स के साथ गर्मी को दें मात

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

गर्मियों का मौसम शुरू होने के साथ, पौष्टिक खाद्य पदार्थों के साथ अपने आप को हाइड्रेट और पोषित रखना जरूरी है। 1 से 7 अप्रैल तक चलने वाले सुपर वैल्यू डेज के दौरान पूरे महीने के लिए शानदार ऑफर्स के साथ अपने पसंदीदा आवश्यक चीजों का स्टॉक तैयार करें। सुविधाजनक डिलीवरी विकल्प के साथ सीजन के ताजा फल जैसे आम, तरबूज, अंगूर आदि से लेकर सब्जियों के साथ फॉर्च्यून, पैम्पर्स, दावत, टाटा आदि लोकप्रिय ब्रांड्स के घरेलू सामान पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाया जा सकता है। प्राइम ग्राहकों को उनके पहले अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 250 रुपए तक का कैशबैक प्राप्त होगा और सामान्य अमेजन ग्राहक अपने पहले अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 200 रुपए तक का कैशबैक हासिल कर सकेंगे। अमेजन ने मैंगो फीस्ट फे स्टिवल की भी घोषणा की है जहां सफे दा, बादामी, बंगनपल्ली, तोतापरी और अल्फांसो सहित सभी लोकप्रिय वैरायटी के स्वादिष्ट कार्बाइड मुक्त आमों की विस्तृत वैरायटी को एक साथ पेश किया जाएगा। ग्राहक 1 से 4 अप्रैल 2023 तक आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड से न्यूनतम 2500 रुपए की खरीदारी पर 10 प्रतिशत का इंस्टैंट डिस्काउंट और 300 रुपए तक की छूट हासिल कर सकते हैं।

# कुम्हारी में अंतराष्ट्रीय जीरो वेस्ट दिवस पर मशाल मार्च निकाला गया

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद् कुम्हारी में अंतराष्ट्रीय जीरो वेस्ट दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सभी वार्ड में वार्ड स्तर पर लोगों को जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्व सहायता समूह की दीदियों के नेतृत्व में आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत समस्त वार्डो में टार्च, मोबाइल फ्लेश लाइट बेस मशाल मार्च निकाल कर स्वच्छता के लिए जागरूकता नारा व स्लोगन के माध्यम से लोगों में स्वच्छता के प्रति संवेदना जागृत करने के साथ ही स्वच्छता के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा ने समस्त कर्मियों, स्व सहायता समूह की दीदियों को शपथ दिलाया। समूह द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम राजेश्वर सोनकर नगर पालिका अध्यक्ष कुम्हारी व श्री जीतेन्द्र कुशवाहा मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुम्हारी के मार्गदर्शन में गौरव केशरवानी जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन व समर्थन के कार्यकताओं द्वारा पूरे उत्साह पूर्वक मशाल मार्च निकाला गया। नगर पालिका परिषद कुम्हारी के कर्मचारियों के साथ वार्डवासी भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम अगले सप्ताह भर स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित की जाएगी।




समस्त नगर वासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आए और इसके माध्यम से परिवार, समाज और राष्ट्र के सभी स्वस्थ और समृद्ध बनें इसी उद्देश्य से मशाल रैली आयोजित की गई।

**-जितेंद्र कुशवाहा,**
मुख्य नगरपालिका परिषद अधिकारी कुम्हारी

# सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'इंडियन आइडल-सीज़न 13' को मिले टॉप 6

पायनियर संवाददाता < मुंबई
www.dailypioneer.com



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के प्रतिष्ठित सिंगिंग रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल - सीज़न 13' को आखिरकार अपने टॉप 6 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं, जिन्होंने दर्शकों के साथ-साथ जजों - हिमेश रेशमिया और विशाल ददलानी को भी अपनी बेमिसाल परफॉर्मेंस से दीवाना बना दिया है।

टॉप 6 कंटेस्टेंट्स में अयोध्या के ऋषि सिंह, कोलकाता की बिदिप्ता चक्रवर्ती, सोनाक्षी कर और देबोस्मिता रॉय, जम्मू-कश्मीर के चिराग कोतवाल और वड़ोदरा के शिवम सिंह अपनी सुरीली आवाज के साथ आखिरी बार मौसम म्यूज़िकाना बनाने के लिए तैयार हैं। इन टॉप 6 फाइनलिस्ट्स में से एक को ड्रीम फिनाले में 'इंडियन आइडल - सीज़न 13' का प्रतिष्ठित खिताब मिलेगा, साथ ही मारुति सुजुकी इंडिया द्वारा पेश की गई नई टेकी ब्रेज़ा भी भेंट की जाएगी। ऋषि सिंह बताते हैं कि कैसे उनके म्यूज़िक ने हमेशा इतने सारे लोगों के साथ एक सुर में पिरोया है। ऋषि कहते हैं, इंडियन आइडल ने मुझे एक बेहतर स्वरूप में निखारा है। कुछ भी ना होने से लेकर खुद की पहचान बनाने और ऐसा व्यक्ति बनने तक, जिससे लोग प्यार करते हैं, संगीत का ये सफर किसी रोलर कोस्टर राइड से कम नहीं रहा और मैं इसके लिए सभी का बेहद आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए और कड़ी मेहनत करूंगा कि मैं न सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए, बल्कि उन सभी के लिए ट्रॉफी जीतूं जिन्होंने मुझे सपोर्ट किया।

## झालखम्हरिया में मूर्ति स्थापना एवं स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए धर्मस्व मंत्री

**महासमुंद।** प्रदेश के गृह, लोक निर्माण, धर्मस्व व पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने आज महासमुंद विकासखंड के ग्राम झालखमरिया में श्री राम जानकी मंदिर समिति के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां श्री राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक महासमुंद विनोद चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, रश्मि चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, सती साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे।


**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202212031400015/अ-20(1)/2022-23

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व संबंधित जनता जशपुर नगर को सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्वामित्र पण्डा आ. युधिष्ठिर पण्डा जाति ब्राहमण निवासी बिजलीटोली, जशपुर नगर तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत जशपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 504/1/क/1 रकबा 6.9910 हे. में से रकबा 12 डिसमिल भूमि का व्यवस्थापन कर स्वयं को भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने बावत् कलेक्टर महोदय, जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जशपुर के माध्यम से जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है ।

उक्त मामले की सुनवाई दिनाँक 10.04.2023 को इस न्यायालय में होना नियत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 17.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./...../बी-121/2022-23
ग्राम मदनपुर प.ह.नं 31

एतद् द्वारा ग्राम मदनपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वरचंद यादव आ. मंगलू यादव जाति यादव निवास मदनपुर तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मदनपुर हल्का नं. 31 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने पुत्री पल्लवी आ. ईश्वरचंद की जन्म दिनांक 06/08/2019 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत चारभांठा के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 06/04/2023 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार कार्यपालिका
मुंगेली

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

राजस्व मामला क्रमांक 202303093700037/
अ-6 (अ) वर्ष 2022-23

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास सोनी आ. गोविन्द प्रसाद सोनी, निवासी-हीरामोती लाईन, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला हीरामोती लाईन स्थित शीट क्रमांक 49बी, भूखण्ड क्रमांक 166, 167/2, क्षेत्रफल 48.00 वर्गमीटर धारकगण विकास, विक्रम, शालिनी, रेणुका, श्वेता सभी आ. गोविन्द प्रसाद सोनी, गोविन्द प्रसाद सोनी आ. स्व. बालाराम सोनी, निवासी-हीरामोती लाईन, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड पर पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 12.04.2023 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं. 202303231800015/अ-06 /वर्ष 2022-23

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मणि शर्मा धर्म पत्नी स्व. किशनलाल शर्मा निवासी हाल मुकाम कोंडागाँव तहसील व जिला कोंडागाँव के द्वारा आवेदक पेश किया है कि प.ह.न.10 ग्राम हरदी स्थित भूमि खसरा नं 920/2 रकबा 0.23 हे. कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.23 हे. राजस्व अभिलेख में उनके पति किशनलाल शर्मा पिता राम गोपाल के नाम पर दर्ज है। खातेदार किशन लाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 08/02/2021 को हो जाने से आवेदिका द्वारा धारा 109,110 छ.ग.भू.संहिता के तहत कृषि भूमि के फौती नामांतरण अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र, बी 01, तलवाना फार्म, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार की छाया प्रति पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 05/04/2023 को / पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
तहसील भिंभौरी (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भिंभौरी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं. 202303232500020/अ-06/वर्ष 2022-23
भिंभौरी, दिनांक 22.03.2023

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मथुरा बाई पिता राजाराम निवासी ग्राम बोरसी तहसील भिम्भौरी जिला बेमेतरा द्वारा आवेदन पेश किया है कि प.ह.नं 12 ग्राम बोरसी में इंदिरा पति राजाराम एवं अन्य 07 के नाम पर कृषि भूमि जिसका खसरा नं 630, 735, 1003/3, 1005/8 रकबा 0.38, 0.05, 0.20, 0.10 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में शामिल खाते में दर्ज है। उक्त खसरे में इंदिरा पारी राजाराम की मृत्यु दिनांक 27/01/2023 को हो चुकी है। आवेदिका द्वारा मृतक इंदिरा बाई के विधिक वरिसानो में सोनी खोड़ीयार का नाम को राजस्व अभिलेख में फौती नामान्तरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किये है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा प्रस्तुत करना हो वह दिनांक 06/04/2023 को पूर्व स्वयं/अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में उपस्थित होकर दावा पेश कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/03/2023 को जारी किया जाता हैं।

मुहर

नायब तहसीलदार
तहसील भिंभौरी

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

// ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना //
(तृतीय आमंत्रण)

दिनांक 28.03.2023

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा ''डी'' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 10.04.2023 है।

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 361 Tender No. 129219 | उपसंभाग कसडोल, विकासखंड कसडोल के ग्राम भानपुर में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | रू. 25.45 लाख |
| NIT NO. 362 Tender No. 129220 | उपसंभाग कसडोल, विकासखंड कसडोल के ग्राम रवान में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | रू. 25.45 लाख |
| NIT NO. 363 Tender No. 129220 | जिला धमतरी के खैरा से मोंगरा मार्ग लं. 120 कि.मी. का निर्माण कार्य। | रू. 114.88 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्रं. 2 (छ.ग.)

G-99743/4

आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

# ट्राईबल में डिजिटल क्लासेस के उपकरणों की सप्लाई में लाखों का घोटाला, तत्कालीन अधिकारी और ठेकेदार घेरे में

## ठेकेदार और तत्कालीन अधिकारी के खिलाफ जांच और एफआईआर की मांग


आदिवासी बच्चों की डिजिटल शिक्षा की आड़ में लाखों की सेंध, जिम्मेदार खामोश

डीएमएफ से डिजिटल क्लास के लिए खरीदी में भ्रष्टाचार पर प्रभारी मंत्री ने कहा- जांच करेंगे, जिम्मेदारों पर गाज गिरेगी

पायनियर लगातार

आश्रम-छात्रावासों में नहीं पहुंची पूरी सामग्री गड़बड़ी मिली, फिर भी नहीं हो रही कार्रवाई

डीएमएफ मद से स्मार्ट क्लास के लिए हुई थी 44 लाख की खरीदी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डीएमएफ फंड से आदिम जाति विकास की छात्रावासों और आश्रमों में डिजिटल क्लासेस के लिए उपकरणों की खरीदी में लाखों के घोटाले के मामले का मुद्दा खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद में उठने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस घोटाले पर विभाग के तत्कालीन सहायक आयुक्त और ठेकेदार फर्म के खिलाफ जांच कर एफआईआर किए जाने की मांग की गई है। वर्ष 2021 में आदिमजाति विकास विभाग ने अविभाजित राजनांदगांव जिले के 20 आश्रम व छात्रावासों में डिजिटल क्लास रुम तैयार करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया था। इसके तहत प्रति नग सेट की कीमत 2 लाख 20 हजार रुपए तय की गई जिसमें 7 अलग अलग उपकरण शामिल थे। 20 सेटअप के लिए कुल 44 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन ठेकेदार फर्म ने आश्रम -छात्रावासों में महज 5 उपकरणों की ही आपूर्ति की। साथ ही उपकरणों की गुणवत्ता भी जांच के दायरे में है। विभाग में ही चर्चा है कि इस मामले में अधिकारी और ठेकेदार ने मिलकर लाखों का खेल कर दिया। बताया जा रहा है कि इस उपकरण आपूर्ति का ठेका डोंगरगांव की किसी फर्म ने लिया था। इस फर्म के वन विभाग सहित अन्य दूसरे ठेकों में भी बड़ी गड़बड़ियों की शिकायते हैं। घोटाले की शिकायत विभाग के तत्कालीन सहायक आयुक्त एसके वाहने तक भी पहुंची थी। उन्होंने अधीक्षकों को बुलाकर उनसे पूछताछ की थी जिसमें गड़बड़ी की पुष्टि हुई थी। इसके बाद भी उन्होंने ठेकेदार फर्म के खिलाफकिसी तरह की कार्रवाई नहीं की।

### डीएमएफमें गड़बड़ी पर विधायकों की नज़र

पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक मोहन मरकाम ने डीएमएफफंड में गड़बड़ियों का मामला उठाकर सदन गर्मा दिया था। अब ऐसे ही मामलों को लेकर राजनांदगांव जिले में भी विधायकों ने आंखे तरेरनी शुरु कर दी है। जल्द ही ऐसे मामलों को लेकर जांच शुरु हो सकती है।

### निविदा में भी गड़बड़ी!

बताया जाता है कि इस खरीदी के लिए जेम पोर्टल में जारी टेंडर में भी गड़बड़ी की गई। जहां 20 सेटों की 2 लाख 20 हजार रुपए प्रतिनग की खरीदी होनी थी वहां वहां पोर्टल में 4 लाख 40 हजार की कीमत के 10 ही सेट की निविदा डाली गई थी।

### 44 लाख कबाड़ में...

जिन 20 आश्रम-छात्रावास में इन उपकरणों की सप्लाई की गई है वे वहां धूल खा रहे हैं। इनका इस्तेमाल कभी हुआ ही नहीं और ये कबाड़ हो गए। 44 लाख रुपए की यह खरीदी पर सवाल उठाते हैं क्यूंकि इसकी कोई जरुरत थी ही नहीं।

# ज्योत-जंवारा विसर्जन के साथ नवरात्रि संपन्न, आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

## श्रीराम जन्मोत्सव पर शहर भर में आयोजन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





चैत्र नवरात्रि की अंतिम तिथि पर प्रातः से ही ज्योत-जंवारा का विसर्जन कार्यक्रम शुरु हुआ। आदिशक्ति भवानी की भक्ति में लीन श्रद्धालुओं की भीड़ ज्योत के दर्शन हेतु मंदिरों में उमड़ी। शहर के अलग - अलग हिस्सों में मंदिरों से अलग -अलग समय पर ज्योत विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ।
नवमी को सुबह से ही जोत विर्सजन के लिए भक्त सरोवर और तालाबों में पहुंचे। जसगीत के साथ महिलाएं सिर पर ज्योत लिए रहीं। मनोकामना व्रतियों - महिलाओं ने ज्योत उठाए महिलाओं के सामने दंडवत होकर उनसे आशीष लिया। ज्योत उठाई महिलाएं उन्हें लांघकर आगे बढ़ती रहीं। परिवार समेत जोत-जंवारा की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालुओं ने नारियल-प्रसाद अर्पित किए। इधर, शहर में रामनवमीं के अवसर पर भी विभिन्न आयोजन हुए। राम मंदिरों में अवतरण पर विशेष पूजा-अर्चना प्रभु को समर्पित की गई। शहर में विशाल रुप से श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाना है। इसके तहत मिलचाल स्थित राम मंदिर से मुख्य शोभायात्रा निकलेगी। जबकि शहर के अलग-अलग हिस्सो से निकलने वाली शोभायात्रा आगे चलकर इसमें शामिल होगी। यह आयोजन वृहद स्तर पर होने जा रहा है।

# राजनांदगांव जिले को राज्य स्तर पर किया गया पुरस्कृत

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत राजनांदगांव जिले को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया। राजनांदगांव को कोटपा अंतर्गत एक माह में 92 चालानी कार्रवाई से बढ़ाकर 1000 से अधिक चालानी कार्रवाई के लिए पुरस्कृत किया गया है। कलेक्टर ने इस सम्मान के लिए राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जिलेवासियों को हार्दिक बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। राजस्व एवं पुलिस विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग की भी इस कार्यक्रम में विशेष सहभागिता रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तम्बाकू एवं अन्य मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 13 अप्रैल को

राजनांदगांव। जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 13 अप्रैल 2023 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायक राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न योजनाओं के आय-व्यय का अनुमोदन एवं चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया हैं।

### साधारण सभा की बैठक 13 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 13 अप्रैल 2023 को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं के संबंधित विषय पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

# शहरी सरकार का बजट आज पेश होगा : रियायतों के आसार नहीं, स्ट्रीट वेंडर, थोक बाजार का निर्माण, चौपाटी निर्माण फिर दोहराए जाएंगे

## पिछले बजट के कई काम शुरु ही नहीं हुए... इन्हें लगातार दोहराया जा रहा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com






नगर निगम का बजट 31 मार्च को पेश किया जाएगा। इसे सामान्य सभा की बजाय विशेष सभा में पेश किए जाने की तैयारी है। सभा सुबह 10 बजे नगर पालिक निगम के टाऊनहॉल में शुरु होगी। शहरी सरकार के इस बजट से ज्यामा उम्मीदें नहीं है। कर में किसी तरह की रियायत के आसार नहीं हैं। जबकि इसमें बड़ी योजनाओं को शामिल किए जाने का दावा महापौर कर चुकीं हैं। लेकिन विगत वर्षो के बजट को अमल पर न ला पाने के चलते ऐसी घोषणाओं से भी कम ही उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। महापौर हेमा देशमुख का यह चौथा बजट है। उनके बजट में कई बड़ी योजनाओं के लगातार दोहराव और उस पर जमीनी स्तर पर काम शुरु न होना भी एक बड़ा विषय है। विपक्ष इसे लेकर भी सत्ता पक्ष को निशाने पर ले सकता है। स्ट्रीट वेंडर के लिए की गई घोषणाएं, नई चौपाटी निर्माण, थोक बाजार का निर्माण, निगम कार्यालय एवं परिसर का जीर्णोद्धार, खेल मैदान निर्माण, मुक्तिधाम उन्नयन कार्य जैसे कई प्रस्ताव धरातल पर आ ही नहीं सके। इनमें से कई योजनाओं को दोहराया जाता रहा है। पुत्री शाला व आयुर्वेदिक औषधालय में व्यवसायिक परिसर निर्माण, मांगलिक भवन निर्माण, हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग जैसी योजनाओं को बजट में शामिल करने के बाद इन्हें भुला दिया जाता है। वास्तविकता है कि, निगम अपने पास मौजूद संसाधानों के बेहतर प्रबंधन और उनसे आय बढ़ाने की दिशा में लगातार फेल होता रहा है। बूढ़ासागर किनारे निर्मित फुड कोर्ट इसका ताजा उदाहरण है जो यहां शिवाजी की मूर्ति के अनावरण के बाद से सुना पड़ा है। यहां एल्डरमेन निधि और दूसरे मदों से लाखों खर्च किए जा चुके हैं।

### भाजपा ने तैयार की रणनीति

बजट की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में भाजपा पार्षद दल की बैठक हुई। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बताया कि - बैठक में भाजपा पार्षदों ने आपसी समन्वय से बजट के लिए रणनीति तैयार की है। बुढ़ासागर सौंदर्यीकरण में भ्रष्टाचार के मामलों में आधी-अधूरी कार्रवाई की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना में कई दिक्कतें हैं। शहर में सड़क, सफाई और पीने के पानी के मुद्दे को भी जोर शोर से सदन में उठाया जाएगा। उनके बीते तीन बजट में शामिल कार्य कभी धरातल पर आ ही नहीं सके हैं। ऐसे में यह भी देखना होगा कि इस बार महापौर शहर की जनता को कौन से सब्जबाग दिखाने वाली हैं।

# चॉकलेट का झांसा देकर 6 वर्षीय बालिका से अनाचार, आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

## भागने की फिराक में था आरोपी, ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com




अबोध बालिका के साथ अनाचार करने वाले 22 वर्षीय युवक को गंडई पुलिस ने गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया है। बीते 29 मार्च को गंडई थाना क्षेत्र की प्रार्थिया ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी 6 वर्षीय बेटी को आरोपी चॉकलेट दिलाने का झांसा देकर ले गया और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ जबरदस्ती अनाचार किया।
रिपोर्ट पर थाना गंडई में धारा 363, 366 (ए) 376 (ए बी) 376 (2)(र), 376 (2) (के) 294, 506, 323, भादसं. 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण नाबालिग के अपहरण एवं शारीरिक शोषण से संबंधित होने की वजह से निरीक्षक अनिल शर्मा एवं थाना गंडई की टीम तैयार कर प्रकरण में विधिवत विवेचना कर आरोपी के मिलने के संभावित स्थानों पर दबिश दी गयी। आरोपी अपने गांव से लगे खार-जंगल में छिपा हुआ था जिसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ एवं अपराध विवेचना पर आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी मंगलू उर्फसंजय गिरी 22 वर्ष निवासी थाना क्षेत्र गंडई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। नाबालिग से संबंधित प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना गंडई द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुये अनाचार जैसे जघन्य अपराधघटित कर आरोपी फरार होने की तैयारी में था। जिसे तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

# एक अप्रैल को आयोजित होगा गुड मॉर्निंग राजनांदगांव

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गुड मॉर्निंग राजनांदगांव का आयोजन शनिवार 1 अप्रैल को राजनांदगांव के पुष्प वाटिका में सुबह 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण के तत्वावधान में आयोजित गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम में विविध खेल गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर ने इस कार्यक्रम में जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली को अपनाते हुए शारीरिक गतिविधियों, खेल एवं प्राणायाम को अपनायें। स्वस्थ एवं तंदुरूस्त रहने के लिए शारीरिक गतिविधियां एवं प्राणायाम आवश्यक है। स्वास्थ के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह पहल की गई है ताकि अपनी व्यस्तता के बावजूद सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, प्रतिबद्ध रहें।
उल्लेखनीय है कि इस आयोजन में योग-प्राणायाम, कराते, रोप स्कीपिंग, जू-जित्सु, वुशु, टग ऑफवॉर, स्केटिंग, जिम बॉल, थेरा बैंड, मिलीट्री रोप, एडवांस फिजिकल एक्सरसाईज विथ बोसु बॉल जैसे खेलों के साथ-साथ योग-व्यायाम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान शामिल होने वाले लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा एवं प्रोटीन डाइट प्रदाय किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों, सभी ग्राम पंचायतों और सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर में भी गुड मॉर्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# नये पंजीयन के लिए उमड़ रहे युवाओं को नहीं मिलेगा बेरोजगारी भत्ता

## 2 वर्ष पुराने पंजीयन वाले ही बेरोजगारी भत्ते के लिये होंगे पात्र

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिये रोजगार कार्यालय में नया पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि बेरोजगारी भत्ते की पात्रता केवल उन्हीं व्यक्तियों को है जिनका पंजीयन कम से कम 2 वर्ष पुराना है। नया पंजीयन कराने वालों को बेरोजगारी भत्ते की पात्रता ही नहीं है। प्रशासन ने यह स्पष्टीकरण उस मामले में संज्ञान को लेकर दिया गया है जिसमें कहा गया है कि कुछ स्थानों से सूचना मिली है कि रोजगार कार्यालयों में पंजीयन कराने के लिए बहुत सारे लोगों की भीड़ लग रही है। जिसके कारण कुछ स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हुई है।

### ऑनलाईन हो सकता है पंजीयन

प्रशासन ने बताया है कि यह भी ध्यान देने योग्य है कि पंजीयन के लिए रोजगार कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर घर बैठे किया जा सकता है। 3 वर्ष पुराने पंजीयन का नवीनीकरण अंतिम तारीख बीत जाने के बाद भी 2 माह के भीतर कभी भी कराया जा सकता है। इसलिए नवीनीकरण के लिए भी किसी प्रकार की जल्दीबाजी करने की आवश्यकता नहीं है। बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन का ऑनलाइन पोर्टल 1 अप्रैल से खुलेगा। आवेदन करने के लिए रोजगार कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन किसी भी स्थान से ऑनलाइन पोर्टल पर किया जा सकता है। चॉइस सेंटरों पर भी आवेदन किया जा सकता है।

### आवेदकों के लिए ये सलाह

सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन का फार्म भरने के पूर्व वे एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, कक्षा दसवीं की मार्कशीट या प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि लिखी हो, कक्षा 12 वीं की मार्कशीट या प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड तैयार रखें क्योंकि यह दस्तावेज आवेदन फार्म में अपलोड करने होंगे।

## विकासखंड मुख्यालय में पदस्थ शासकीय सेवकों के लिए बनाए गए हैं आवास, दूसरों को नियम विरुद्ध आबंटन की शिकायत

# अपात्रों को आबंटित हुए हाऊसिंग बोर्ड के आवास, मुख्यालय में नहीं निवास कर रहे शासकीय कर्मी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विकासखंड मुख्यालय छुरिया में हाऊसिंग बोर्ड द्वारा तैयार शासकीय आवास अपात्रों को आबंटित कर दिए गए हैं। आबंटन में हुई गड़बड़ियों की शिकायत काफी लंबे समय से की जा रही है लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं हुई है। यह आबंटन विभागों से मिली अनुशंसा पर राजस्व विभाग द्वारा किया गया है। शिकायत है कि यह आवास उन अधिकारियों एवं कर्मचारियो को आबंटित किए जाने थे जिनका मुख्यालय विकासखंड मुख्यालय छुरिया है। लेकिन यहां अन्य स्थानों पर पदस्थ शासकीय सेवकों को भी आवास मुहैया कराया गया है।
कृषि विभाग के शासकीय सेवकों को भी यहां आवास मिले हैं। शिकायत है कि इसमें गड़बड़ियां हुई हैं और अपात्रों को भी आवास दे दिया गया है। कई ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के नाम सहित उन्हें आबंटित आवास को नियम विरुद्ध बताया गया है। इसे लेकर जनवरी से शिकायतें जारी हैं लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने अब तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया है। दावा किया गया है कि, ऐसे शासकीय सेवकों ने असत्य व भ्रामक जानकारी देकर हाऊसिंग बोर्ड के आवास आबंटन हासिल किए हैं। जबकि इनके मुख्यालय विकासखंड से 10 से 20 किमी दूर हैं। शिकायत में ऐसे कर्मचारी जिनका मुख्यालय छुरिया नही उनमें से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुकेश पडवार, सुदेश पटेल, हेमंत वैष्णव, संतोष साहू तथा सुरेश ठाकुर के नाम दर्ज हैं। बताया गया है कि, उक्त शासकीय सेवक ग्रामीण क्षेत्रो में पदस्थ है फिर भी इन्हें आवास आबंटित किया गया है। बताया गया कि मुकेश पडवार ग्राम खोभा में पदस्थ है। इसके अतिरिक्त सुदेश पटेल ग्राम बूचाटोला, हेमंत वैष्णव ग्राम कल्लूबंजारी में पदस्थ है जो कि इनका मुख्यालय है। परंतु उक्त सभी कर्मचारी अपने मुख्यायल में निवास न कर छुरिया में निवास कर रहे हैं जिससे शासन प्रशासन द्वारा मुख्यालय में निवास करने के आदेशों की अवहेलना हो रही है। ग्राम सेवकों ( कृषि विस्तार अधिकारी) के अपने मुख्यालय में निवासरत ना होने से ग्रामीणों को कृषि कार्य में प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह शिकायत है कि सुरेश ठाकुर के पास छुरिया में दो मंजिला पक्का मकान है। फिर भी उन्होंने जानकारी छुपाकर फर्जी तरीके से मकान का आबंटन करा लिया है।

### विभागीय अफसर भी जिम्मेदार

विकासखंड मुख्यालय में पदस्थ शासकीय सेवकों के लिए तैयार हाऊसिंग बोर्ड के आवासों के आबंटन में गड़बड़ी के लिए विभागीय अधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। विभागीय अफसरों ने आवास हेतु मिले आवेदनों की वैधता को नज़र अंदाज किया और आवास हेतु अनंशुसा कर दी जबकि इनमें से कई आवेदकों मुख्यालय में पदस्थ न होने के चलते अपात्र थे।

### कलेक्टर के आदेश की अवहेलना!

शासकीय सेवकों के लिए जिला प्रशासन के निर्देश स्पष्ट है जिसमें सेवकों को उनके मुख्यालय में ही निवास करने के आदेश हैं। ऐसे में हाऊसिंग बोर्ड में आवास का आबंटन हासिल करने वाले ऐसे कई शासकीय सेवक हैं जो इस निर्देश की अवहेलना कर रहे हैं। छुरिया नगर पंचायत से 10 से 30 किमी दूर तक पदस्थ शासकीय सेवक भी नगर में ही निवास कर रहे हैं। बड़ी बात यह कि उनके विभागीय अफसर उन्हें प्रश्रय दे रहे हैं।

### आबंटन में संशोधन भी किसी काम का नहीं

छुरिया नगर पंचायत सीमा में निर्मित हाऊसिंग बोर्ड के आवासों को शासकीय सेवकों को आबंटित किए जाने का आदेश लगातार संशोधित भी किया गया। लेकिन जानकारी के मुताबिक अपात्रों को फिर भी नहीं हटाया गया। अलबत्ता संशोधन के आदेशों से दूसरों को दिक्कतों का सामना जरुर करना पड़ा। अब भी अपात्र शासकीय सेवक हाऊसिंग बोर्ड के आवासों में जमे हुए हैं।

# अंतत: हटाये गये ग्राम पंचायत जंगलपुर के रोजगार सहायक

- मनरेगा काम के दौरान मजदूरों से अश्लील गाली गलौच करने व फर्जी हाजिरी डालने का लगाया था आरोप
- रोजगार सहायक को हटाने कलेक्टर व जनपद में की थी शिकायत

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के नजदीकी ग्राम पंचायत जंगलपुर के रोजगार सहायक को ग्रामीणों की शिकायत पर अंततः माह भर के बाद हटा दिया गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत जंगलपुर के आश्रित गांव खोंघा के ग्रामीणों ने मनरेगा (गोदी) कार्य के दौरान रोजगार सहायक हेमंत धुर्वे के शराब पीकर आने, अश्लील गाली - गलौच करने और फर्जी मस्टररोल भरने की शिकायत करते हुए उसे हटाने की मांग को लेकर जिला कार्यालय व जनपद कार्यालय में विगत 1 माह पहले शिकायत की गई थी। जहां पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा था। शिकायत के बाद टीम गठित कर जनपद से अधिकारी जाँच के लिए पंचायत पहुंचे थे। जांच दल ने ग्रामीणों व रोजगार सहायक का बयान दर्ज किया था। रोजगार सहायक हेमंत धुर्वे ग्राम जंगलपुर के अलावा ग्राम पंचायत पंडरिया के अतिरिक्त प्रभार पर भी थे। ग्रामीणों की शिकायत पर उसे ग्राम पंचायत पंडरिया का प्रभार सौपा गया है। उसके स्थान पर रोजगार सहायक सुनील जंघेल भरदागोंड को अस्थायी तौर पर ग्राम पंचायत जंगलपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# मां सर्वमंगला देवी मंदिर में हुआ अष्टमी का हवन महागौरी की हुई आराधना

## नवमी में जोत जवारा विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्रि का होगा विश्राम

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com







जिले सहित प्रदेश के प्रसिद्ध देवी मंदिर मां सर्वमंगला मै इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की धूम रही प्रथमा से लेकर नवमी तक प्रत्येक दिन यहां मां के विभिन्न नौ रूपों की भक्ति भाव से आराधना की गई अष्टमी तिथि पर मां सर्वमंगला देवी मंदिर के राजपुरोहित प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नमन पांडे ने परिवार जनों के साथ अष्टमी का हवन अनुष्ठान संपन्न किया नवमी तिथि पर नमन पांडे की अगुवाई में जोत जवारा विसर्जन कर चैत्र नवरात्रि का विश्राम होगा। इस वर्ष 22 मार्च से शुरू चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जिले से एक प्रदेश के प्रसिद्ध मां सर्वमंगला देवी मंदिर सहित जिले के विभिन्न स्थानों में स्थापित मां के मंदिर में प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं की भक्ति भावना देखने को मिले पिछले 3 वर्ष से कोविड महामारी के कारण वर्ष की दोनों नवरात्रि सहित अन्य धार्मिक अवसरों पर भी भक्ति का भाव फीका फीका सा रहा इस वर्ष स्थितियां सामान्य होने की वजह से ना केवल नवरात्रि बल्कि सभी तीज त्यौहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया है इसी कड़ी में मां सर्वमंगला देवी मंदिर मैं चैत्र नवरात्रि के लिए मंदिर प्रबंधन के द्वारा भव्य और विशेष तैयारियां की गई थी यहां मंदिर प्रबंधन सहित देवी के कई भक्तों ने अनुष्ठान और वह भंडारा का आयोजन किया प्रथमा से नवमी तिथि तक मंदिर परिसर में भक्ति का रंग देखने को मिला बुधवार को अष्टमी तिथि पर मां के आठवें रूप महागौरी की आराधना की गई मां सर्वमंगला देवी मंदिर से राजपुरोहित व्यवस्थापक और प्रबंधक नमन पांडे ने परंपरा के अनुसार अपने परिवारजनों और भक्तों के साथ अष्टमी का हवन संपन्न किया गुरुवार को नवमी तिथि पर नमन पांडे के मार्गदर्शन में जोत ज्वारा का विसर्जन पूरे धूमधाम से हसदेव घाट में किया गया।

# निगम की आम बाड़ी की सुरक्षा हेतु बनेगी बाउण्ड्रीवाल

## नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने किया निरीक्षण

- अवैध प्लाटिंग करने वालों पर दिए कार्यवाही करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले के पोड़ीबहार क्षेत्र में स्थित निगम की आम बाड़ी की सुरक्षा एवं उक्त उद्यान को व्यवस्थित किए जाने हेतु निगम द्वारा बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया जाएगा, आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ आम बाड़ी का निरीक्षण् किया तथा बाउण्ड्रीवाल निर्माण के संबंध में प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कार्यवाही किए जाने हेतु भी भवन अधिकारी को निर्देशित किया। पोड़ीबहार क्षेत्र में लगभग चार-पांच एकड़ जमीन पर निगम की आम बाड़ी स्थित है, तत्कालीन साडा कार्यकाल में उक्त आम बाड़ी का निर्माण कराया गया था, जहॉं पर काफी संख्या में आम के पेड़ स्थित हैं, कतिपय अवैध कब्जाधारियों द्वारा समय-समय पर उक्त आम बाड़ी में अतिक्रमण के प्रयास किए जाते रहे हैं, वर्तमान में भी पोल-तार से फेंसिंग कर वहॉं पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है, इस शिकायत को संज्ञान में लेते हुए आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों के साथ पोड़ीबहार स्थित उक्त आम बाड़ी पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया, उन्होने आम बाड़ी की सुरक्षा हेतु बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराने तथा आम बाड़ी को व्यवस्थित कर उसे सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में आवश्यक प्राक्कलन त्वरित रूप से प्रस्तुत किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर आयुक्त पाण्डेय ने अवैध प्लाटिंग करने व अतिक्रमण का प्रयास करने वालों पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अतिक्रमण दस्ता प्रभारी योगेश राठौर, राजस्व अधिकारी व उप जोन प्रभारी अनिरूद्ध सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज व सीपेट जाने के लिए सिटी बस सेवा का प्रस्ताव हो रहा तैयार

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

लंबे समय बाद कोरबा जिले की सड़क पर पुनः शुरू हुई सिटी बस सेवा में दो नए और महत्वपूर्ण मार्ग जुड़ने वाले हैं। वह झगरहा स्थित मेडिकल कॉलेज और स्याहीमुड़ी में बने सीपेट से शहर तक की आवाजाही मार्ग होगा। इसके लिए नए मार्ग का प्रस्ताव तैयार हो रहा है, जिसे मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा। जिले में सिटी बस सेवा को शुरू हुए करीब 8 साल हो चुके हैं। हालांकि कोरोना संक्रमण की शुरुआत में लगे लॉकडाउन के बाद से ठप्प हुई सिटी बस सेवा का पुर्नसंचालन ढाई साल बाद शुरू हुआ है। शुरुआत 10 बसों के साथ हुई। सिटी बसों की मरम्मत करवाकर धीरे-धीरे सड़क पर संख्या बढ़ाई जा रही है। अब तक 22 सिटी बसें सड़क पर उतर चुकी है। दूसरी ओर कोरबा अर्बन सोसायटी द्वारा सिटी बस का शहरी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिले इसके लिए आवश्यक नए मार्ग चिह्नित किए जा रहे है। सोसायटी ने दो नए मार्ग तय किये है, जिसमें एक शहर से झगरहा स्थित मेडिकल कॉलेज तो दूसरा स्याहीमुड़ी स्थित सीपेट मार्ग है। दोनों मार्ग के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेजने की तैयारी चल रही है। आने वाले दिनों में कुछ अन्य मार्ग तय कर उनके लिए भी प्रस्ताव भेजे जाएंगे। सिटी बस सेवा के पुराने मार्ग में शहर से हरदीबाजार शामिल है। लॉकडाउन से पहले तक हरदीबाजार क्षेत्र के लिए सिटी बस चलती थी। पर पुर्नसंचालन के बाद हरदीबाजार मार्ग पर सिटी बस नहीं उतारी गयी है। इसलिए हरदीबाजार क्षेत्र के लोगों को आवाजाही के लिए सिटी बस के शुरू होने का इंतजार है। भिलाईबाजार निवासी सुरेश राठौर के मुताबिक सड़क पर भारी वाहनों के धूल के गुबार के कारण दोपहिया में शहर आवाजाही मुश्किल भरा साबित होता है। बालकोनगर निवासी शशी चंद्रा के मुताबिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में सतरेंगा व बुका में लोगों को दोपहिया वाहनों या किराया के चार पहिया वाहनों में जाना पड़ता है। जिससे आर्थिक वहन ज्यादा लगता है। पूर्व में बनी योजना के अनुसार शहर से सतरेंगा व बुका तक सिटी बस चलाने की जरूरत है। लोग कम खर्चे पर पर्यटन क्षेत्रों में पहुंच सकेंगे। झगरहा की ओर आवाजाही के लिए यात्री वाहन की सुविधा नहीं है। वहां मेडिकल कॉलेज खुलने के बाद अब शहर के स्टेशन व बस स्टैंड से वहां तक यात्री परिवहन की सुविधा जरूरी है। लंबे समय से शहर से झगरहा तक सिटी बस चलाने की मांग हो रही है। नए मार्ग पर स्वीकृति मिलने के बाद झगरहा सहित नकटीखार, गोढ़ी, भुलसीडीह व कोरकोमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा।

# रतपुर मार्ग में कोलता समाज द्वारा किया गया भंडारे का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



श्री श्री जगन्नाथ कोलता समाज द्वारा दुर्गा सप्तमी के दिन माँ महामाया देवी की दर्शन करने जाने वाले श्रद्धांलुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। नवरात्रि का पर्व अब समापन की ओर है। सोमवार को दुर्गा अष्टमी पर जिले के विभिन्न जगहों व मंदिरों में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। बीते दो वर्ष से कोरोना के कारण नवरात्र में सामूहिक आयोजन नहीं हो पा रहे थे। लेकिन इस वर्ष प्रशासन ने कोई भी नियम जारी नहीं किया था। यहीं कारण था कि पर्व में कोरोना का डर नहीं दिखा। लोग उत्साह से यह पर्व मना रहे है। इसके अलावा जिले ग्रामीण अंचल में धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को बड़ी कोनी रतनपुर मार्ग पर श्री श्री जगन्नाथ कोलता समाज द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व कन्याओं का पूजन किया गया। इसके बाद भंडारा शुरू हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं को हलवा, पूड़ी, सब्जी के साथ काले चने का प्रसाद खिलाया गया। भंडारा प्रारंभ करने से पूर्व मां दुर्गा की झांकी सजाकर पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा महिलाएं अपने घरों से कन्याओं के लिए भोजन बनाकर श्रद्धा से कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया। मंदिर में हो रहे कीर्तन और विभिन्न कार्यक्रमः क्षेत्र के मंदिरों पर सुंदरकांड पाठ, रामायणपाठ, भजन कीर्तन, हवन, पूजा आदि किया जा रहा है। मंदिरों में मूर्तियों का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। प्रतिदिन महिला कीर्तन किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने भूमि सत्यापन, आधार लिंक एवं इकेवाईसी अनिवार्य

## योजना के तहत किसानों को मिलेगी 6 हजार रूपए सलाना

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए जिले के किसानों को अपनी कृषि भूमि का सत्यापन, आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक के साथ ही ईकेवाईसी करवाना अनिवार्य है। भूमि सत्यापन (लैंड सिंडिंग) के लिए किसान अपने राजस्व अभिलेख बी 1, पी 2, आधार कार्ड व बैंक खाता की छायाप्रति के साथ अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर भूमि का सत्यापन करा सकते हैं। बैंक खाता को आधार से लिंक कराने हेतु किसानों को अपने बैंक के शाखा में संपर्क कर आवेदन देना होगा। इसके साथ ही ईकेवाईसी करवाने के लिए किसान अपने नजदीकी ग्रामीण लोक सेवा केंद्र में जाकर अथवा स्वयं पीएम किसान पोर्टल के माध्यम से कर सकते है। पोस्ट ऑफिस में भी खाता खोलने पर पोस्ट बैंक द्वारा आधार लिंक का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी बैंकों को किसानों के बैंक खाता में आधार लिंक करने के निर्देश भी दिए गए है। योजना के तहत किसानों को तीन किस्तों में 6 हजार रूपए की राशि का लाभ मिलेगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के किसानों द्वारा ग्रामीण लोक सेवा केंद्र के माध्यम से या स्वयं पीएम किसान पोर्टल में पंजीयन करते है लेकिन वे अपने आवश्यक अभिलेखों को अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा नहीं करने के कारण पंजीयन की स्वीकृत लंबित होने से योजना का लाभ लेने से वंचित हो जाते है।

# जोत लाने के लिए प्रातः 7:00 बजे श्री श्याम मंदिर परिसर से श्याम प्रेमी श्री खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 19 अप्रैल 2023 को श्री श्याम बाबा जी की छवि - जोत लाने के लिए प्रातः 7:00 बजे श्री श्याम मंदिर परिसर मनेंद्रगढ़ से श्याम प्रेमी श्री खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 अप्रैल 2023 को श्री खाटू धाम में श्री श्याम बाबा जी के शीश का श्री श्याम कुंड में स्नान कराकर पूजन कार्यक्रम संपन्न कराने के पश्चात अनुमानित दोपहर 2:00 श्री श्याम बाबा की छवि - जोत लेकर मनेंद्रगढ़ के लिए रवानगी सुनिश्चित की गई है। विभिन्न शहरों से होते हुए कटनी उमरिया शहडोल बुढार कोतमा के रास्ते 24(रात्रि) - 25(प्रातः) अप्रैल 2023 को जोत - छवि का मनेंद्रगढ़ आगमन होगा। सभी श्याम प्रेमियों से निवेदन किया गया है कि जो भी जोत - छबी लेने के लिए निजी वाहन एवं समिति द्वारा की गई बस से सड़क मार्ग द्वारा श्री खाटू धाम जाना चाहते हैं 31 मार्च 2023 तक प्रभारियों से संपर्क कर चर्चा करें।इस हेतु राजेश अग्रवाल 7000764568,उन्नत शर्मा 9329504573,अंकुर सराफ 9425583558,सुमित अग्रवाल 7000085185,अभिषेक अग्रवाल 9407719619 से संपर्क किया जा सकता है.समिति के पदाधिकारियों ने कहा है कि श्री श्यामबाबा जी एवं ज्योत लाने का जुगल संजोग बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है।अतः इस अवसर का लाभ उठा ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस पुनीत कार्य में शामिल हो ।

# पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के बयान से नाराज हुए जिला आटो संघ के पदाधिकारी

- कलेक्टर ने किया आश्वस्त कहा, ऑटो स्टैंड, यूनीफॉर्म, पहचान चिन्ह, भूमि आबंटन सहित ऐप भी बनाएंगे

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के बयान से नाराज जिला ऑटो संघ के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में नगर विधायक शैलेष पांडेय से मुलाकात करने वेयर हाउस रोड स्थित कार्यालय पहुंचे। ऑटो संघ के पदाधिकारियों की समस्या सुनने के बाद विधायक शैलेष पांडेय पैदल ही अपने कार्यालय से कलेक्टर से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने विस्तारपूर्वक बातों को सामने रखा। कलेक्टर से मिलने के बाद नगर विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कुछ दिनों पूर्व बयान दिया था कि सिटी बसें चलाई जाएं क्योंकि ऑटो वाले बहुत पैसा चार्ज कर रहे हैं। जिससे जिला ऑटो संघ के पदाधिकारियों में रोष व्याप्त था। नगर विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि आटो चालक जनता की सेवा कर रहे हैं। ऑटो चालक निर्धारित दर पर ही पैसा लेते हैं। कोरोना काल में भी ऑटो संघ के भाइयों ने भी बहुत मदद की है, लेकिन पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के बयान से ऑटो वाले में नाराजगी जाहिर है उन्हें ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था। पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल को आटों संघ से माफी मांगनी चाहिए। इसके अलावा जिला आटो संघ के पदाधिकारियों की कुछ जायज मांगी थी जिसमें आटो स्टैंड, मूलभूत सुविधाएं, भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन, यूनीफॉर्म, इन मांगों को लेकर जिला कलेक्टर से सार्थक चर्चा हुई है, उन्होंने आश्वस्त किया है कि इनकी मांगों को पूरा किया जाएगा इनका रजिस्ट्रेशन अलावा जिला ऑटो संघ को ऐप भी दिया जाएगा जिससे आम जनता और ऑटो संघ के लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस दौरान जिला जिला आटो संघ अध्यक्ष अजय पानीकर (नान) उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम टंडन, सचिव जराग वेन हॉल ट्रेन, सह सचिव जितेंद्र खांडे, कोषाध्यक्ष राजेंद्र खान, धनराज बघेल फ़िरोज खान विजय भास्कर देव कुर्रे संतोष जोगी सहित बड़ी संख्या में ऑटो संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन होगी आवेदन करने की प्रक्रिया, बैंक खाते में मिलेगा भत्ता

## पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेंगे 2500 रूपये

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो रही है। इस योजना के अंतर्गत बेरोजगारों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा। बेरोजगारों को साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। बेरोजगारी भत्ता योजना का लाभ लेने आवेदक के पूरे परिवार की आय सलाना 2.50 लाख रूपए से कम होनी चाहिए। परिवार से तात्पर्य पति-पत्नी, 18 वर्ष से कम आयु के आश्रित बच्चे और आश्रित माता-पिता से है।

**पात्रता की शर्ते**-बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन किए जाने वाले वर्ष के 1 अप्रैल को आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम हायर सेकेण्डरी यानी 12वीं कक्षा पास हो। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष की 1 अप्रैल की स्थिति में हायर सेकेण्डरी या उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की स्वयं का आय का कोई स्त्रोत न हो और आवेदक के परिवार के सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपए से अधिक न हो। पारिवारिक आय हेतु तहसीलदार या उससे उच्च राजस्व अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र बेरोजगारी भत्ता की आवेदन तिथि से 1 वर्ष के अंदर ही बना हो।

**कौन होगा अपात्र** -बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक के परिवार के एक से अधिक सदस्य यदि पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं तो परिवार के एक ही सदस्य को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा। ऐसी स्थिति में बेरोजगारी भत्ता उस सदस्य को स्वीकृत किया जाएगा, जिसकी उम्र अधिक हो। उम्र समान होने की स्थिति में रोजगार कार्यालय में पहले पंजीयन करने वाले सदस्य को बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र किया जाएगा। उम्र और रोजगार पंजीयन की तिथि, दोनों समान होने की स्थिति में उस सदस्य को पात्र किया जाएगा जिसकी शैक्षणिक योग्यता अधिक हो। आवेदक के परिवार का कोई भी सदस्य केंद्र या राज्य सरकार की किसी भी संस्था या स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या फिर ग्रुप डी को छोड़कर अन्य किसी भी श्रेणी की नौकरी में होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा।

## पोड़ीबहार, आम बाड़ी, दर्री लाटा, दादर, कोरबा में हटाया गया अतिक्रमण, अवैध कब्जे के दर्जन भर प्रयासों को किया गया विफल

# अतिक्रमण अवैध निर्माण पर नगर निगम कर रहा लगातार कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिला नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर निगम कोरबा के अतिक्रमण दस्ते द्वारा निगम क्षेत्र में किए जाने वाले अतिक्रमण अवैध कब्जे व नियम विरूद्ध एवं अवैध निर्माण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त पाण्डेय ने आमजन से पुनः अपील करते हुए कहा है कि वे अतिक्रमण अवैध कब्जा व नियम विरूद्ध निर्माण कार्य न करें तथा निगम की कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचें। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण, अवैध कब्जे तथा अवैध निर्माण पर अधिकारियों द्वारा सतर्क नजर रखी जा रही है, साथ ही प्रतिदिन ऐसे प्रकरणों पर ठोस कार्यवाही भी हो रही है। पोड़ीबहार स्थित निगम के आम बाड़ी में कतिपय लोगों द्वारा पोल फेंसिंग व बाउण्ड्रीवाल के माध्यम से अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा था, जिसको संज्ञान में लेते हुए आयुक्त पाण्डेय ने इस पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश अतिक्रमण प्रभारी को दिए। निगम के अतिक्रमण प्रभारी योगेश राठौर ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उक्त अतिक्रमण को हटाया तथा संबंधितों को नोटिस भी जारी की। इसी प्रकार दर्री, लाटा, दादर आदि क्षेत्रों में भी अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही की गई व अतिक्रमणकारियों को नोटिस दी गई। शहर के फुटपाथ, बस स्टाप व सड़क के किनारे ठेले दुकान लगाकर अतिक्रमण कर, आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वालों पर निगम के अतिक्रमण दस्ते की सतर्क नजर बनी हुई है तथा इस पर भी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में घंटाघर चौपाटी के पास बने यात्री प्रतीक्षालय के सामने अवैध रूप से ठेला लगाने वालों पर कार्यवाही की गई, उन्हें वहॉं से हटाकर यात्री प्रतीक्षालय के सामने की जगह को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, साथ ही उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई कि वे पुनः अतिक्रमण का प्रयास न करें अन्यथा सख्त कार्यवाही होगी। इसी प्रकार पंचमुखी हनुमान मंदिर ब्रम्हवाटिका के समीप बिना अनुमति निर्माण कार्य किया जा रहा था, अतिक्रमण दस्ते ने मौके पर पहुंचकर उक्त अवैध निर्माण को भी रोक दिया है।

**मल्टीलेवल पार्किंग रोड से हटाया गया अवैध कब्जा**- सुनालिया चौक से मल्टीलेवल पार्किंग की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे बांस, बल्ली, टेंट एवं चिकन सेंटर का फ्लैक्स बोर्ड लगाकर अवैध कब्जा किया गया था, इसकी जानकारी होते ही नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश अतिक्रमण प्रभारी को दिए, अतिक्रमण दस्ते ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए उक्त अतिक्रमण को भी हटाया।

**सड़कों पर डम्प वाहनों पर कार्यवाही**- आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा टी.पी. नगर चौक से स्टेडियम चौक तक के मुख्य मार्ग में डम्प किए गए वाहनों व अनियंत्रित रूप से खड़े किए गए वाहनों को हटाने की कार्यवाही की गई है, साथ ही संबंधितों को कड़ी चेतावनी दी गई कि वे सड़कों पर वाहनों की डम्पिंग न करें और न ही अनियंत्रित रूप से वाहनों को खड़ा करें अन्यथा वाहन जप्ती की कार्यवाही होगी। इसके पूर्व सीएसईबी चौक से स्टेडियम चौक तक के सम्पूर्ण मुख्य मार्ग पर भी कार्यवाही करते हुए वाहनों को हटवाया गया था तथा उक्त मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, वहीं नए बस स्टैण्ड में भी डम्प वाहनों को हटवाने की कार्यवाही की गई थी।

# दिशा समिति की बैठक आज

**कोरब**। लोकसभा सांसद ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में 31 मार्च को दोपहर 11 बजे जिला पंचायत सभागार कोरबा में कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में गत बैठक के पालन प्रतिवेदन के संबंध में चर्चा के बाद मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, राष्ट्रीय सामाजिक सहयोग कार्यक्रम, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

# सामूहिक विवाह कोरबा और कटघोरा में आज

**कोरबा**। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 31 मार्च को सुबह 11 बजे से दशहरा मैदान निहारिका और कटघोरा के कंवर समाज भवन मीरा टॉकीज के पास में सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जा रहा है। कन्या विवाह कार्यक्रम में कोरबा में 51 और कटघोरा में 74 जोड़ो का विवाह कराया जाना है। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत होंगे और अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुनर्वास, पंजीयन, स्टाम्प मंत्री छत्तीसगढ़ शासन जय सिंह अग्रवाल करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, विधायक कटघोरा पुरुषोत्तम कंवर, पाली-तानाखार मोहित राम केरकेट्टा, रामपुर ननकीराम कँवर, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला छत्रपाल सिंह कँवर।



रायपुर। नवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल ने अपने भिलाई निवास में कन्या पूजन किया।

# मेरा घर राहुल गांधी का घर : बालोद जिले में आग की तरह फैल रहा कैंपेन

## सैकडों यूथ कांग्रेसियों ने अपने घरों में लगाये पोस्टर

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

पूरे देश में राहुल गांधी के समर्थन में एक कैंपेन की शुरुआत हुई है, "मेरा घर राहुल गांधी का घर"। इस कैंपेन में छत्तीसगढ़ के कई कांग्रेस नेता जुड़ गए हैं। इस कैंपेन में मंत्री अनिला भेड़िया भी जुड़ गई हैं। मंत्री ने अपने डौंडीलोहारा स्थित आवास के प्रवेश द्वार में हाथों में बैनर लिए कैंपेन को समर्थन दिया हैं। इसके बाद अब पूर्व शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष साजन पटेल ने इस मुहिम से जुड़कर अपने घर के बाहर "मेरा घर राहुल गांधी का घर" स्लोगन के पोस्टर लगाकर इस कैंपेन को समर्थन दिया है। इतना ही नही जिले के यूथ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को भी इस मुहिम से जोड़ रहे है। कार्यकर्ताओं के घर घर जाकर "मेरा घर राहुल गांधी का घर" स्लोगन वाला पोस्टर घर के गेट में।लगाकर इस कैंपेन को समर्थन दे रहे है। साथ ही इन तस्वीरों को सोशल मीडिया में शेयर भी किया है।




### हम सब के दिल में बसते है राहुल गांधी : साजन पटेल

आपको बता दे कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के बाद उनको सरकारी आवास खाली करने का नोटिस दिया गया है। जिसके बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अपने नेता के लिए ये कैंपेन शुरू किया है। राहुल गांधी को नोटिस मिलने के बाद प्रदेश कांग्रेस में आक्रोश देखने को मिल रहा है। कैंपेन की आग बालोद जिले में भी फैल गई हैं। युवा कांग्रेस नेता साजन पटेल ने कहा कि हम सब ने यह मन बनाया कि हमारा घर राहुल गांधी का भी घर है। वो आएं और हमारे घर में रहे। साजन ने बताया कि जिले में इस कैंपेन को आगे बढ़ाएंगे। केंद्र सरकार ने जिस तरह संसद की सदस्यता खत्म करने से लेकर अब आवास खाली करवाने का फरमान जारी किया है, इसका जवाब जनता आने वाले चुनाव में मुंहतोड़ देगी। हमारे नेता राहुल गांधी हम सब के दिल में बसते है। वही साजन पटेल ने केंद्र की मोदी सरकार से सवाल किया है कि राहुल गांधी को घर से तो निकाल लोगो हमारे दिल से कैसे निकालोगे...? इस कैंपेन से जुड़ने वालो में प्रमुख रूप से शेखर पटेल, दानिश खान, सावेश, अनीश खान, श्रीमुख सोनकर एवं रोमन पटेल है।

# सांसद अरुण साव द्वारा ट्यूटर पर प्रधानमंत्री सड़क पर किए टिप्पणी पर पी एम मोदी ने खुशी जाहिर किया

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com




जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी एक सड़क पर एक ग्रामीण द्वारा किए गए खुशी के इजहार को सांसद अरुण साव ने ट्यूटर पर जब फोटो समेत ट्वीट किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस खबर पर रिट्वीट करते हुए खुशी जाहिर किया। बेलतरा क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री सड़क पर "अब सड़क मेरे खेत तक जाती है", आनंदित जनकराम ने अपने गांव पेंडरबेरा में सड़कों की कनेक्टिविटी के बारे में बात करते हुए कहा। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। सांसद अरुण साव ने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गांवों में रहने वाला भारत सड़क क्रांति का साक्षी बन रहा हैं। भारत ने पिछले 9 वर्षों में ग्रामीण सड़कों की लगभग उतनी ही लंबाई (3,49,103 Kms) जोड़ी है जितनी इससे पहले 70 वर्षों में (3,81,315 Kms) थी। अकेले छत्तीसगढ़ में 10,000 से अधिक गांवों को PMGSY के माध्यम से जोड़ा गया है। खराब सड़क नेटवर्क किसी क्षेत्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा रहता हैं। जब किसी गांव को अच्छा, 'all-weather road' नेटवर्क मिलता है, तो यह पूरे गांव का भाग्य बदल देता है।

- किसान अपनी उपज को लाभकारी मूल्य पर बेचने के लिए गांव से कस्बों और शहरों में जाने लगते हैं। शिक्षक व विद्यार्थी समय से विद्यालय आने लगते हैं। सरकारी अधिकारी गांव आने में संकोच नहीं करते।
- लोगों को व्यवसाय स्थापित करने और रोजगार पैदा करने के लिए प्रेरित किया जाता है।
- एंबुलेंस समय पर पहुंचती है, जिससे कीमती जान बचती है।सिर्फबिलासपुर ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लोगो की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार! ट्यूटर पर सांसद अरुण साव की इस जानकारी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्यूट करते हुए प्रसन्नता जाहिर की है।

## नवमी पर मां महामाया का किया गया राजसी श्रृंगार

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नवरात्र की नवमी पर गुरुवार को रतनपुर माँ महामाया मंदिर में माँ महामाया का राजसी श्रृंगार किया गया।नवरात्र की नवमी तिथि पर गुरुवार को सुबह 5 बजके 30 मिनट में राजसी श्रृंगार के बाद मंदिर का पट खोला गया प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्र की नवमी तिथि को माँ महामाया देवी की रानीहार, कंठ हार, मोहर हार,



ढार,चंद्रहार, पटिया समेत 9 प्रकार के हार,करधन,नथ धारण कराया गया। राजसी श्रृंगार के बाद मां महामाया की महाआरती हुआ पूजा अर्चना के बाद मां को राजश्री नैवेद्य समर्पित किया गया मंदिर ट्रस्ट केउपाध्यक्ष संतीश शर्मा ने बताया कि आज सुबह शतचंडी यज्ञ का पूर्ण आहुति की जाएगी उसके बाद आज दोपहर मंदिरपरिसर में कन्या भोज व ब्राम्हण भोज का आयोजन के साथ मंदिर के पुरोहितों समेत ब्राम्हणों को भोज कराया गया साथ ही ज्योति कलश रक्षकों को भोज कराकर उन्हें वस्त्र और दक्षिणा प्रदान की गई। कन्या, ब्राम्हण भोज के बाद दोपहर पूजन सामग्री के साथ पुजारी सभी ज्योति कलश कक्ष में प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलश की पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चार के साथ ज्योति विसर्जित किया गया।

## कांग्रेस करेगी 146 ब्लाक मुख्यालयों में पत्रकारवार्ता

**रायपुर**। जय भारत सत्याग्रह



आंदोलन के तहत 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक कांग्रेस प्रदेश के 146 ब्लाक मुख्यालयों में पत्रकारवार्ता आयोजित कर मोदी सरकार की तानाशाही एवं दमन कारी नीतियों का विरोध करेगी।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403